जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 22 फरवरी, 2026



## विचार बिन्दु

मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र उसकी दस उंगलियाँ हैं। –राबर्ट कोलियर

# पसीने से गढ़े गए बांध की स्मृति

विद्यालयों महाविद्यालयों में गर्मियों की छुट्टियाँ थीं। परीक्षा के बाद का आनंद था। परिणाम की प्रतीक्षा। इस पार कि उस पार। गाँव की दोपहरें तपकर तपाती। हवा आग की लपट जैसी। लुआर चलाती। धरती की साँस सूखी और भारी। ढर्रे और पगडंडियों पर पर पाँव रखना कठिन, जैसे अंगारे पर चलना हो। खेतों में लाल-भूरी मिट्टी फटकर खुल गई थी। दरारें इतनी चौड़ी थीं कि उनमें कोई चिड़िया उतर जाए तो लौट न पाए। हर दरार के भीतर सोई हुई प्यास थी, जैसे पानी मांग-मांग कर थक रही हों। एक बार की खेती कट चुकी थी दरारें नहीं ढेले और कटी फसल की रह गई डंडियाँ सूखकर जमीन से लग गई थीं। कुओं का पानी कम हो गया था। यह कोई 50 साल पहले की बात की बात है।

नरो पहाड का दुर्भाग्य यह रहा कि उसके आसपास हमेशा गरीब लोग बसे। खेत छोटे थे, बरसात पर टिके हुए। नहरें बहुत देर से पहुँचीं, तब भी अधूरी। पानी की असली आस तो बरसात ही थी–तालाबों में भरता जल,कुओं में उतरता, खेतों में बहता। तालाब जीवन के थाल जैसे थे, जिनमें वर्षा का जल रखा जाता था। अन्न ही रखा मानिए। मैंने पहाड़ को कई सालों तक अपनी आँखों से देखा। पगडंडियों पर चलते-चलते, जंगल को नापते-नापते। उस समय पहाड़ भरा-पूरा था। वृक्षों की भरमार। ऊँचे-ऊँचे, गहरे और छायादार। उनके बीच मध्यम कद के वृक्ष और झाड़ियाँ भी, जिनमें छोटे जीव छिपते, पक्षी बैठते। पहाड़ की साँस हरी थी, और हर साँस में जीवन का संगीत था।

पहाड बडे बीजों वाले वृक्षों के लिए प्रसिद्ध था। उनके बीज ऐसे कि धरती में गिरें तो जैसे धरती ने कोई गर्भ धारण किया हो। उन्हीं पर पूरा वन टिका था। उन्हीं के बीच घूमते थे सांभर, भालू, कलमुंहा लंगूर, बंदर, खरहा, मोर। बड़े वृक्षों के कोटर उल्लुओं का घर थे। शाम ढलते ही सियारों की आवाज़ गूँजती। जंगल का अंधकार उनकी बोली से भर जाता। जंगली सूअर रात होते ही खेतों में उतरते और किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए खेतों में रातभर बने रहने को मजबूर होते। घ्वांपे भरे रहते, धुएँ में मनुष्य और पशु साथ-साथ साँस लेते।

नरो पहाड का समय बदल गया। धीरे-धीरे बड़े जानवर गए। शिकार ने उन्हें मिटा दिया। उनके जाने के साथ ही बडे बीज वाले वृक्षों का भविष्य भी सूख गया। जंगल का वह चक्र, जिसमें प्राणी और वृक्ष एक-दूसरे को जन्म देते रहते थे, टूट गया। जो पुराने विशाल वृक्ष बचे थे, वे लकड़ी बनकर शहर चले गए। छोटे वृक्ष कस्बों के चूल्हों की आग में जल गए। गरीब आबादी ने अपनी भूख मिटाने के लिए पहाड़ को अपना साधन बनाया और उसी साधन को धीरे-धीरे नष्ट कर दिया। कभी जो पहाड़ घनेपन से साँस लेता देता था, अब उसकी साँस टूट-टूटकर आती है। कभी जो झूमते वृक्ष थे, अब सूखे ठूंठ खडे हैं। कभी जहाँ हिरन दौड़ते थे, अब चराई और खनन की धूल उड़ती है।

फिर भी, नरो पहाड़ की मिट्टी में कहीं न कहीं वह हरा सपना दबा हुआ है। कोई बीज अब भी इंतज़ार कर रहा है कि उसके ऊपर आकाश झुके और पानी बरसे। कोई उल्लू अब भी टूटी शाख पर बैठकर अंधेरे में बोलता है। पहाड़ पूरी तरह गया नहीं है। वह मौन में छिपा हुआ है–जैसे स्मृति, जैसे ध्वंस के भीतर जीवन का छिपा बीज हो।

इसी उजाड पहाड के पास बाँध बन रहा था। बाँध-जिसका सपना पानी था, और हक़ीक़त मिट्टी और पत्थर थी। गाँव वालों ने ठाना था पंचायत से ठनवाया था–बरसात अगर यूँ ही बह निकली तो जीवन बचेगा नहीं। कुएँ सूख जाएँगे, खेत मैदान हो जाएँगे, बच्चे और मवेशी प्यास से मरेंगे। पुराने तालाब हैं पर पानी कम पड़ने लगा। बाँध एक उम्मीद। पानी को रोकना था, रोककर बाँटना था, बाँटकर जीना था। धूप पैंतालीस डिग्री की। मजदूर एक-एक पत्थर उठाकर बाँध में सजाते। कोई पसीने से भीगा, कोई सिर पर गीला गमछा बाँधे। उनकी पीठ पर पसीने की धाराएँ बहतीं। पैरों में छाले। होंठ फटे। आँखें लाल। लेकिन चेहरों पर एक ज़िद–जैसे वे पत्थर नहीं, आने वाले पानी की गठरी उठा रहे हों। कभी किसी पत्थर के नीचे से बिच्छू निकल आता। मजदूर ठिठकते, फिर आगे बढ़ जाते। डर और ज़हर, भूख और प्यास के सामने मामूली थे।

मैं भी जाता था। मेरी मज़दूरी छोटी रही होगी। मेरे लिए बडी। एक पत्थर उठाना, सर में ढोना। एक तगाड़ी मिट्टी खोदना सर पर ढोना–ऐसे ही सभी काम थे। हाथों में छाले, हथेलियाँ खुरदरी। कभी खून की बूँद रिस जाती। लगता था पर शायद ठीक से खून नहीं निकालता रहा होगा। मैं छिपा लेता। मुझे लगता कि मेरी हथेलियों में भी बाँध छप गया। पत्थर सिर पर रखते ही लगता मानो पूरा आसमान उठाकर ले जाया जा रहा है। आसमान तन कर बैठ गया हो। मैं लड़खड़ाता। बाकी साथी मजदूर हँसते और कहते–पत्थर भी आदमी है,उसे भी धीरे से बिठाओ। तब मैं सोचता–क्या सचमुच पत्थर आदमी हैं? या आदमी पत्थर हो चुके हैं? धीरे-धीरे मैंने मिट्टी खोदना सीखा। फावड़ा गाड़ना, शरीर का सारा भार उसमें नहीं डालना। ताकत से पटक कर गाड़ देना, फिर ऊपर डंडे से उठा देना। मिट्टी निकलती। जलते हुए कण बिखरते। उसे ढोकर बाँध में डालना होता। कभी ढेर गलत जगह गिर जाता तो मजदूर हँसते। कहते-धरती भी आदमी को धीरे-धीरे सिखाती है। जेब में कभी-कभी मजदूरी के नाम पर सिक्के मिलते। एकाध नोट भी। बिलकुल कड़क नोट। संभलकर और संभालकर रखना होता था। उन्हें खर्च में नहीं उडा सकते। बस जेब में हाथ डालकर पैसे खनक सुननी होती। नोट को खडखडाना नहीं थथोलना होता है। मेहनत की आवाज़ इतने में आ जाती थी।

> **गर्मी चरम पर थी। कुएँ सूख चुके थे। औरतें घड़ों के लिए झगड़तीं। जानवर जीभ बाहर निकालकर हाँफते। आसमान नीला और कठोर। फिर एक दिन आसमान ने करवट बदली। बादल घिर आए। हवा बदल गई। मिट्टी में भीगने की गंध फैल गई। मजदूर आसमान की ओर देखने लगे। किसी ने दोनों हाथ जोड़ दिए। पहली बूंद गिरी। पत्थर पर पड़ी और बाँध ने साँस ली। फिर दूसरी, तीसरी... और अचानक मूसलाधार बारिश।**

दोपहर में सब साथ बैठते। सब साथी मजदूर मोटी रोटियाँ लाते। किसी के पास प्याज़,किसी के पास नमक की डली। अदला-बदली भी कर लेते प्रेम से। मैं भी रोटियाँ निकालता। हम सब मिलकर खाते। पसीने और धूल की गंध, और रोटी का स्वाद मिलकर एक अलौकिक तृप्ति देते। पानी घर से ही लाते। घूँट दो घूँट में काम चलाते। बस, गला न सूखे। यह ध्यान रखना होता। लुआर भी चलती थी न। लुआर लग जाए तो फिर अगले दिन कैसे आते। मूड़े में मोटी ढट्टी बाँध कर रखते।

पास ही छूले के ठूँठ से नई कोमल पत्तियाँ फूट आई थीं। उन्हीं की छाया में कभी कभी बैठते। तुलसीदास जी की चौपाई जोर जोर से गाते –जो अति आतपब्याकुलहोई। तरु छाया सुख जानइसोई।।– धूप में तपती धरती पर यह छोटी छाया किसी सुन्दर स्वर्ग का ठंडा टुकड़ा होती। कोई मजदूर गीत उठाता-धरती, बैल, और पानी के। कोई हँसी उड़ाता। धूप थोडी हल्की हो जाती। अरे नहीं, हल्की नहीं होती, हल्की नहीं होती, हल्की लगती रही होगी। खाने के बाद गर्मी की घनघोर धूप हल्की लगती होगी। भरे पेट लुआर भी नहीं मारती। बहुत देर नहीं बैठ सकते न। बंधा कैसे बनता फिर। कभी मजदूर पूछते–तू रोज़ क्यों आता है? तेरे बब्बा जानेंगे तो नाराज़ होंगे। मैं चुप रहता। क्या कहता? कि मुझे यह सब देखना अच्छा लगता है। सीखना चाहता हूँ कि बाँध कैसे बनता है, पसीना कैसे बरसात को बुलाता है? सबकी आँखों में इंतज़ार था। कोई कहता–बरसात आए तो धान बो दूँगा। कोई–कुआँ भर जाए तो बेटी की शादी कर दूँगा। कोई–पहले जान बच जाए, फिर काम देखेंगे। उनके पास सपना छोटा था, पर पसीना बड़ा। वे गीत और विनोद में थकान को थका देते। गांव में ऐसे ही जिया जाता है।

एक दिन मिट्टी खोदते हुए एक मजदूर को साँप मिला। सब भागे। मैं वहीं खड़ा रहा। सांप भी। साँप आँखों से आँखों में देखता रहा होगा। कोई रहस्य कह रहा होगा। फिर झाड़ियों में घुस गया। शायद बोलकर गया हो–बारिश आएगी। हमने सिरनहीं हिलाया। साँप की भविष्यवाणी सुनते तब न हिलाते। बिना सुने हिलाते तो सब हंसते। धीरे-धीरे बाँध ऊँचा हुआ। पत्थरों की कतारें पहाड़ की छाती पर उठकर वहां बैठ रही जैसी। हम आसमान देखते। पर आकाश नीला और कठोर था।

पिता जी प्राथमिक विद्यालय में मास्टर थे। जल्दी में सब माटसाब कह कर बुलाते। जानते थे कि मैं मजदूरों के साथ जाता हूँ। वे चुप रहते। माटसाबकी चुप्पी को मैं अनुमति मान लेता। मान लेना ठीक रहता है। वे न रोकते, न बुलाते। पर मुझे लगता था कि वे सब जानते हैं। उनके भीतर चिंता भी रही होगी और गर्व भी रहा होगा। पता नहीं। कभी बताया नहीं उन्होंने। मैं डरता था। बाप से डरना भी आवश्यक माना जाता है। इसलिए डरता था। शाम को घर लौटते समय, बिना पूछे ही उनकी आँखें पढ़ लेता। वे नहीं कहते–थक गया? पर उनके मौन में वह प्रश्न था। मैं भी नहीं कहता–थक गया। पर मेरी चुप्पी में उत्तर था। यही उनका ढंग था–बोलकर नहीं, मौन में सब जान जाना। मौन में प्रश्न, मौन में उत्तर। मौन में गुस्से से कूट भी देते हों, शायद। बाप का मौन बेटे को गंभीरता से लेने का नियम है। कूटे हुए मान लेते थे, अपने को। हम।

गर्मी चरम पर थी। कुएं सूख चुके थे। औरतें घडों के लिए झगडतीं। जानवर जीभ बाहर निकालकर हाँफते। आसमान नीला और कठोर। फिर एक दिन आसमान ने करवट बदली। बादल घिर आए। हवा बदल गई। मिट्टी में भीगने की गंध फैल गई। मजदूर आसमान की ओर देखने लगे। किसी ने दोनों हाथ जोड दिए। पहली बूंद गिरी। पत्थर पर पडी और बांध ने सांस ली। फिर दूसरी, तीसरी... और अचानक मूसलाधार बारिश। लोग नाचने लगे। पसीने और धूल से भीगे शरीर अब पानी में भीग गए। बाँध का खाली पेट भरने लगा। पानी नीचे से ऊपर चढ़ा। उम्मीद अब सच थी। मैं भीगते-भीगते सोच रहा था–यह बाँध सिर्फ़ पानी नहीं रोक रहा, यह हम सबको जोड़ रहा है। हर पत्थर में मजदूर का पसीना, हर मिट्टी में उनकी सांस। हर बूंद में हमारी प्रतीक्षा।

बरसात कई दिनों तक चली। बाँध भर गया। गांव के कुएं धीरे धीरे जीने लग रहे थे। बरसात में खेतों में धान लहलहाने लगी। रबी की और भी फसलें। बच्चे बाँध पानी में तैरने जाने लगे। पेट में डूब गए वे ठूँठ भी, जिनकी फुटान की छाया में हम रोटी खाते थे। छूले की छाया अब पानी के नीचे थी। बिच्छू, साँप, सब छिप गए थे। लगा जैसे यादें भी पानी में डूब गई हों और वहीं नई जड़ें जमा रही हों। बाँध बन गया था–और उसके साथ मैं भी बदल गया था। मजदूरी सिर्फ़ काम नहीं, जीवन का पाठ है। पत्थर सिर्फ़ पत्थर नहीं होते, उनमें भविष्य का जल छिपा होता है। पसीना सिर्फ़ पसीना नहीं होता–वह बादल बुलाने का मंत्र है। पिता की चुप्पी ही शिक्षा थी और बाँध मनुष्य की सामूहिक जिद का रूप था।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय,**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# राजस्थान में औद्योगिक विकास की नई करवट: 'राइजिंग राजस्थान' से निवेश का उगता सूरज



पी.पी. चौधरी

राजस्थान का बजट 2026-27 राज्य को औद्योगिक महाशक्ति बनाने की ठोस कार्ययोजना है। बजट घोषणाएं यह स्पष्ट करती हैं कि राज्य सरकार उद्योग, लॉजिस्टिक्स, आधारभूत संरचना और निवेश प्रोत्साहन को केंद्र में रखकर दीर्घकालिक आर्थिक परिवर्तन का रोडमैप तैयार कर रही है। यह परिकल्पना केवल औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि राइजिंग राजस्थान जैसे निवेश अभियानों के माध्यम से वैश्विक पूंजी को आकर्षित करने का भी व्यापक प्रयास है।

बजट में स्पष्ट किया गया है कि नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं सड़क, बिजली, पानी आदि का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके लिए एक हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय करने का प्रावधान किया गया है।

यह प्रावधान केवल निर्माण गतिविधि नहीं, बल्कि उद्योगों के लिए रेडी-टू-इन्वेस्ट वातावरण तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है। जयपुर, भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर, बीकानेर, नीमराना, कोटा और अजमेर जैसे औद्योगिक क्लस्टरों का सुदृढ़ीकरण राज्य के संतुलित क्षेत्रीय विकास की सोच को दर्शाता है।

औद्योगिक विकास में सबसे बड़ी चुनौती भूमि उपलब्धता होती है। सरकार ने इसके विकल्प को अपनाने के लिए आवश्यक विधिक प्रावधान करने की घोषणा की है। यह नीति, निजी भूमि स्वामियों और सरकार के बीच सहयोग का नया मॉडल है, जिससे भूमि अधिठाहण की जटिलताएं कम होगी और उद्योगों के लिए शीघ्र भूमि उपलब्ध हो सकेगी। राइजिंग राजस्थान जैसे निवेश अभियानों के लिए यह नीति अत्यंत महत्वपूर्ण आधारशिला सिद्ध होगी।

**एमएसएमई के लिए प्लग एंड प्ले मॉडल**

लघु एवं सूक्ष्म उद्योग किसी भी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। बजट में प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर लघु और छोटे उद्योगों के लिए प्लग एंड प्ले सुविधाएं स्थापित करने की घोषणा कर इसके लिए 350 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह सुविधा नए उद्यमियों को तैयार ढांचा शेड, बिजली, पानी और सामान्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी, जिससे वे बिना लंबी प्रक्रिया के उत्पादन प्रारंभ कर सकेंगे।

स्टार्टअप संस्कृति और मेक इन राजस्थान की अवधारणा को गति देने के लिए यह अत्यंत उपयोगी पहल है।

दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर के अंतर्गत जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र के लिए लगभग 3,600 हेक्टेयर भूमि चरणबद्ध रूप से विकसित की जाएगी। प्रथम चरण में सड़क, बिजली और पानी जैसी आधारभूत संरचना पर लगभग 600 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह औद्योगिक क्षेत्र मेरे संसदीय क्षेत्र पाली सहित पूरे पश्चिमी राजस्थान के लिए विकास का एक नया द्वार खोलेगा। यह परियोजना राजस्थान को राष्ट्रीय औद्योगिक नक्शे पर एक नई पहचान देगी। पश्चिमी राजस्थान में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार न केवल स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि निर्यात और निवेश के नए आयाम भी स्थापित करेगा।

औद्योगिक विकास केवल उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि कुशल लॉजिस्टिक नेटवर्क पर निर्भर करता है। बजट में लॉजिस्टिक इको-सिस्टम के विकास के लिए भूमि आवंटन का उल्लेख किया गया है। भिवाड़ी और डीग व कुचामन क्षेत्र में लॉजिस्टिक हब विकसित करने की पहल उद्योगों को तेज़ परिवहन, कम लागत और बेहतर आपूर्ति श्रृंखला उपलब्ध कराएगी। राइजिंग राजस्थान के तहत जब विदेशी और राष्ट्रीय निवेशक राज्य में आएंगे, तो यह सुदृढ़ लॉजिस्टिक नेटवर्क उनकी पहली प्राथमिकता होगा।

औद्योगिक विकास के समानांतर शहरी आधारभूत संरचना में भी निवेश किया जा रहा है। उदाहरणस्वरूप, बारां में आरओबी से जुडी स्लिप लेन के निर्माण हेतु 11.50 करोड़ रुपए का प्रावधान तथा अन्य शहरी विकास कार्यों के लिए बजट प्रावधान यह दर्शाते हैं कि सरकार उद्योग और शहरी सुविधाओं को साथ लेकर चल रही है।

इसी प्रकार विभिन्न नगरों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और ड्रेनेज कार्यों के लिए भी राशि स्वीकृत की गई है. जो निवेशकों के लिए बेहतर जीवन-पर्यावरण सुनिश्चित करेगी।

राइजिंग राजस्थान राज्य की नई औद्योगिक पहचान है। सरकार की रणनीति नीतिगत स्थिरता, भूमि उपलब्धता, आधारभूत ढांचा, लॉजिस्टिक नेटवर्क और कुशल मानव संसाधन पर बल देने की है। इन सभी को एकीकृत कर निवेशकों को आकर्षित करने पर ध्यान दिया जा रहा है।

राजस्थान पहले से ही खनिज संपदा, सौर ऊर्जा, पर्यटन और हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध रहा है। अब यह राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, रक्षा उत्पादन और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की दिशा में अठासर है।

इन बजटीय प्रावधानों से स्पष्ट है कि राज्य सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती।

डीएमआईसी, प्लग एंड प्ले मॉडल, औद्योगिक क्लस्टर सुदृढ़ीकरण और लॉजिस्टिक हब आदि सभी मिलकर निवेशकों के लिए एक इको-सिस्टम अप्रोच प्रस्तुत करते हैं।

राज्य की वित्तीय अनुशासन नीति और पूंजीगत व्यय में वृद्धि भी निवेशकों के विश्वास को मजबूत करत्ती है। जब सरकार स्वयं आधारभूत संरचना में निवेश करती है, तो निजी क्षेत्र का विश्वास स्वत: बढ़ता है।

राजस्थान का यह बजट औद्योगिक विकास की नई पटकथा लिखता दिखाई देता है। बजट घोषणाएं यह सिद्ध करती हैं कि राज्य सरकार निवेश, उद्योग और रोजगार को प्राथमिकता दे रही है। राइजिंग राजस्थान के माध्यम से यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने से राजस्थान न केवल उत्तर-पश्चिम भारत का, बल्कि देश का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनेगा।

**–पी.पी चौधरी,**
**सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कॉर्पोरेट मामलात राज्य मंत्री**

# बीकानेर में भरा 75 लाख से ज्यादा का मायरा

- **भाई ने बहन के तीन बच्चों को दिए 51 लाख कैश और 25 लाख के गहने**
- **राजस्थान में मायरा भरने की परंपरा रियासतकाल से चली आ रही है। इस रस्म के तहत मामा अपनी बहन के बच्चों की शादी में अपनी सामर्थ्य के अनुसार कपड़े, गहने और नकद राशि भेंट करता है।**

**बीकानेर ।** यहां मूंडसर गांव में पिछले दिनों विवाह के दौरान एक परिवार ने भव्य मायरा भरा, जिसकी चर्चा अब तक जिलेभर में है। मूंडसर गांव में स्वरूपदेसर के कालूराम सियाग ने अपनी बहन के दो बेटों और एक बेटी की शादी में 51 लाख रुपए नगद और करीब 25 लाख रुपए के सोने के साथ मायरा भरा। बीकानेर और नागौर क्षेत्र में इसी तरह के मायरे भरने की चर्चा बनी रहती है।

नापासर के पास स्थित मुंडसर गांव में 19 तारीख को धर्मपाल मुंड के परिवार में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। धर्मपाल किसान है। इस समारोह में उनके दो बेटों और एक बेटी की शादी हुई थी। इस अवसर पर स्वरूपदेसर निवासी कालूराम सियाग अपनी बहन का मायरा भरने पहुंचे। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उन्होंने थाल में 51 लाख रुपए नकद और करीब 25 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण दिए।

राजस्थान में मायरा भरने की परंपरा रियासतकाल से चली आ रही है। इस रस्म के तहत मामा अपनी बहन के बच्चों की शादी में अपनी सामर्थ्य के अनुसार कपड़े, गहने और नकद राशि भेंट करता है। बीकानेर अंचल में यह परंपरा कई बार भव्य रूप ले लेती है और इसे सामाजिक सम्मान से भी जोड़कर देखा जाता है। मुंडसर में आयोजित इस मायरे ने अपनी भव्यता के कारण विशेष ध्यान आकर्षित किया। समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मायरे की रकम सामने आते ही लोग मोबाइल कैमरों से वीडियो बनाने लगे। गांव और आसपास के क्षेत्रों में यह आयोजन चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

ग्रामीण अंचल में इस तरह के भव्य मायरे को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं भी सामने आती हैं। एक ओर इसे भाई-बहन के प्रेम और आर्थिक सामर्थ्य के प्रदर्शन के रूप में देखा जाता है, तो वहीं दूसरी ओर सामाजिक प्रतिस्पर्धा और बढ़ ते खर्चों को लेकर भी चर्चा होती है। फिलहाल मुंडसर का यह मायरा बीकानेर क्षेत्र में एक मिसाल के रूप में देखा जा रहा है, जिसने पारंपरिक रस्म को भव्यता के नए स्तर पर पहुंचा दिया है।

# अंग्रेजी विद्यालयों में तीन साल बाद भी पद मंजूर नहीं

**बीकानेर ।** कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हिंदी से इंग्लिश मीडियम में रूपांतरित किए गए महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों पर वर्तमान सरकार का फोकस नहीं है।

हालत यह है कि तीन साल बाद भी अनेक महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों के पद मंजूर नहीं हुए हैं। उधर, चयन परीक्षा में सेलेक्ट हुए लेवल वन और लेवल सेकंड के शिक्षकों को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पद विरुद्ध पदस्थापन दे दिया गया है। ऐसे में बीकानेर सहित प्रदेश के अन्य स्कूलों में पद विरुद्ध लगे शिक्षकों के सामने वेतन की समस्या खड़ी हो गई है। दरअसल, बिना पद स्वीकृत हुए महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में लगे तृतीय श्रेणी शिक्षकों की सैलरी हिंदी मीडियम स्कूलों के रिक्त पदों से बनाई जा रही है। हिंदी मीडियम स्कूल में संबंधित रिक्त पद पर अन्य शिक्षकों का पदस्थापन होने पर इंग्लिश मीडियम स्कूल के शिक्षक की सैलरी कई बार तीन से चार माह तक अटक रही है। हालत यह है की सैलरी के लिए महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों के शिक्षक को अन्य स्कूलों में रिक्त पद ढूंढ ने पड़ रहे हैं। प्रदेश में 3737 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित हो रहे हैं। वर्ष 2023 में हिंदी मीडियम से इंग्लिशमीडियम में रूपांतरित हुए अनेक स्कूलों में अभी तक शिक्षकों के पद नहीं आए हैं। हालांकि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से शिक्षकों के पदों के प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिए गए हैं। लेकिन वित्त विभाग से अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। हिंदी मीडियम स्कूलों के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में रूपांतरित होते ही पद स्वीकृत किए जाने चाहिए। बिना पद पदस्थापन से अन्य स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित होती है। वहीं शिक्षकों को भी वेतन के लिए दूसरी स्कूलों में रिक्त पदों को ढ ूंढ ना पड़ता है। वृंदावन एनक्लेव स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में कार्यरत 7 शिक्षकों की सैलरी अन्य हिंदी मीडियम स्कूलों से स्वीकृत की जा रही है। इस इंग्लिश मीडियम स्कूल में अभी तक शिक्षकों के पद मंजूर नहीं हुए हैं।

# खाटू श्यामजी का लक्खी मेला शुरू



- **27 फरवरी (एकादशी) को मुख्य मेला, पुलिस-प्रशासन के पुख्ता प्रबंध**

**जयपुर / सीकर ।** सीकर जिले के विश्वविख्यात खाटूधाम में बाबा लखदातार श्याम का आठ दिवसीय लक्खी फाल्गुन मेले का शुभारंभ 21 फरवरी से श्रद्धा और उल्लास के साथ हो गया है। मुख्य मेला 27 फरवरी (फाल्गुन एकादशी) को आयोजित होगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

भव्य सजावट से सजा श्याम दरबार : फाल्गुन मेले को दिव्य और आकर्षक बनाने के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिर के सिंहद्वार पर भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इस बार 120 बंगाली कारीगरों द्वारा भव्य सजावट कराई गई है। परिसर में विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, ताकि श्रद्धालु बाबा श्याम के साथ सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था : देशभर से आने वाले श्रद्धालु रींगस डाइवर्जन, चारण मेला मैदान, लखदातार मैदान और 40 फीट नवीन मार्ग से होकर सुगमता से बाबा श्याम के दरबार में पहुंच रहे हैं। राजस्थान पुलिस, प्रशासन और मंदिर कमेटी ने दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। राजस्थान पुलिस द्वारा मेले में व्यापक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि मेले के दौरान त्वरित सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के साथ ही मोबाइल नंबर 9667600788 जारी किया गया है। दोनों हेल्पलाइन 24 घंटे सक्रिय रहेंगी। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां से मार्गदर्शन एवं सुरक्षा संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। श्रद्धा, व्यवस्था और सुरक्षा का संगम : फाल्गुन मेले में जहां एक ओर भक्ति और उत्साह का माहौल है, वहीं प्रशासन और पुलिस की सतर्क व्यवस्था श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम दर्शन का भरोसा दिला रही है। खाटूधाम में इस समय श्रद्धा, भव्यता और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

## राशिफल रविवार 22 फरवरी, 2026



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, अश्विनी नक्षत्र सायं 5:55 तक, शुक्ल योग दिन 1:09 तक, बालव करण दिन 11:10 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-कुम्भ, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सायं 5:55 तक है। रवियोग सायं 5:55 से आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:26 से 9:51 तक, लाभ-अमृत 9:51 से 12:40 तक, शुभ 2:05 से 3:40 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:02, सूर्यास्त 6:19

**मेष**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**कर्क**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**कन्या**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**तुला**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। मन का भय समाप्त होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**धनु**
घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**मकर**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुविधाओं में वृद्धि होगी। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 201 प्रभात जयपुर, रविवार 22 फरवरी, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

Eating Poisons and Not Dying!
Critters consuming species that harbor deadly toxins have evolved clever strategies to keep out of harm's way

Brain Surgery on Monarch Butterflies

When Mr. & Mrs. '55 Quietly Changed Hindi Cinema

# राहुल ने कई इन्टरव्यू लिए, फिर जाखड़ को चुना एनएसयूआई के अध्यक्ष पद के लिए

## क्या पायलट के बेहद करीबी विनोद जाखड़ को महत्वपूर्ण पद देकर राजस्थान कांग्रेस को कोई मैसेज देना चाहते हैं राहुल

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 फरवरी। राजस्थान से सचिन पायलट खेमे के माने जाने वाले विनोद जाखड़ को नेशनल स्टूडेन्ट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्हें राहुल गांधी ने कई चरणों के साक्षात्कार के बाद चुना। जाखड़ पहले राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

- विनोद जाखड़ की नियुक्ति के पीछे एक प्रमुख कारण उनका बेहद सक्रिय दलित नेता होना है। वे राहुल गांधी के सोशल जस्टिस एजेंडा में फिट बैठते हैं।
- एनएसयूआई के अध्यक्ष पद के लिए आयु सीमा 30 वर्ष है, पर, विनोद जाखड़ के लिए इस नियम का दरकिनार कर दिया गया है। विनोद 32 वर्ष के हैं।
- विनोद बहुत ही ऊर्जावान, जुझारू और फायर ब्रांड नेता हैं। वे जैसलमेर से जयपुर तक की बाईक यात्रा कर चुके हैं, जिसमें सचिन पायलट ने भी शिरकत की थी।
- जाखड़ को मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा का कट्टर विरोधी माना जाता है और सूत्रों का कहना है कि डोटासरा भी जाखड़ को सख्त नापसंद करते हैं।
- देखना यह है कि यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस के समीकरणों में क्या बदलाव लाती है।

जाखड़ ने पूर्व में बयान दिया था कि सचिन पायलट को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। उनके चयन का एक कारण यह भी माना जा रहा है कि वे दलित समुदाय से आते हैं और राहुल गांधी के सामाजिक न्याय एजेंडे में फिट बैठते हैं।

बताया जाता है कि साक्षात्कार के दौरान गांधी ने उनसे दलितों, ओबीसी और अन्य वर्गों के सामाजिक न्याय तथा उन्हें आगे बढ़ाने के तरीकों के बारे में उनके विचार पूछे थे।

जाखड़ को एक ऊर्जावान, अत्यन्त सक्रिय तथा आक्रामक स्टाइल के प्रदर्शनकारी नेता के रूप में भी जाना जाता है। पार्टी नेतृत्व भाजपा के खिलाफ आक्रामक विरोध दर्ज कराने वाले नेताओं की तलाश में है और सामाजिक न्याय पर उनके विचारों के अलावा, इस दृष्टि से भी उनका चयन महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बताया जाता है कि एनएसयूआई अध्यक्ष पद के लिए यह उनका तीसरा साक्षात्कार था। इस पद के लिए तेलंगाना की एक महिला उम्मीदवार भी दावेदार थीं, लेकिन वे चयनित नहीं हो सकीं।

बताया जाता है कि सचिन पायलट ने भी उनके नाम की जोरदार सिफारिश की थी, क्योंकि वे पायलट के पक्ष में प्रदर्शन करने में आगे रहेंगे। समझा जाता है कि जाखड़ की खातिर इस पद की आयु-सीमा, 30 वर्ष, का भी ध्यान नहीं रखा गया। जाखड़ इस समय 32 वर्ष के हैं। जाखड़ ने जैसलमेर से जयपुर तक एक बाइक यात्रा भी निकाली थी, जिसमें पायलट ने भाग लिया था।

दिलचस्प बात यह है कि नए एनएसयूआई अध्यक्ष और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उपराष्ट्रपति ने संविधान के तमिल और गुजराती संस्करण जारी किए

नई दिल्ली, 21 फरवरी। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को उपराष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय संविधान के अद्यतन तमिल और गुजराती संस्करणों का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने विधिक शब्दावली (अंग्रेजी-हिन्दी) के 8वें संस्करण का भी लोकार्पण किया।

समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर संविधान

- उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में विधिक शब्दावली का आठवां संस्करण भी जारी किया।

के इन संस्करणों का जारी होना अत्यंत हर्ष का विषय है।

उपराष्ट्रपति ने विधिक शब्दावली (अंग्रेजी-हिन्दी) के 8वें संस्करण के प्रकाशन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरल और स्पष्ट भाषा में तैयार यह संस्करण विधायकों, विद्यार्थियों, न्यायिक अधिकारियों, शोधार्थियों, अनुवादकों और नीति-निर्माताओं के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत पर अमेरिकन टैरिफ 18 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हुआ

## अमेरिकन सुप्रीम कोर्ट के बाद राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सभी देशों पर एक समान 10 प्रतिशत टैरिफ लागू किया है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 फरवरी। डॉनल्ड ट्रम्प की व्यापक टैरिफ़ नीति के खिलाफ अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद, अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर नया वैश्विक शुल्क लगाए जाने से भारत पर लागू टैरिफ़ दर 18 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दी गई है। यह ट्रम्प की प्रमुख आर्थिक नीति पर एक बड़ा झटका माना जा रहा है। नए टैरिफ़ आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह "लगभग तुरंत प्रभाव से" लागू होगा।

नई शुल्क दर 24 फ़रवरी से 150 दिनों के लिए लागू होगी। वाइट हाउस के तथ्यों के अनुसार, फार्मा जैसे उन क्षेत्रों को छूट जारी रहेगी, जो अलग जांच के दायरे में हैं, साथ ही "अमेरिका मैक्सिको- कैनडा समझौते" के तहत, अमेरिका में प्रवेश करने वाले सामान पर भी यह लागू नहीं होगा।

- ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस फैसले की जानकारी दी और कहा कि यह तुरंत प्रभाव से लागू होगा।
- वाइट हाउस अधिकारी ने बताया कि भारत जैसे अमेरिका के ट्रेडिंग पार्टनर्स को 10 प्रतिशत टैरिफ देना होगा, भले ही पूर्व में उन्होंने इससे अधिक टैरिफ देने पर सहमति हो।
- इसी बीच खबर है कि ट्रंप ने सभी देशों पर जो 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, उसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है।

ट्रंप ने 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 122 के तहत नए टैरिफ़ लगाए हैं, जो राष्ट्रपति को अंतरराष्ट्रीय भुगतान सम्बन्धी समस्याओं से निपटने के लिए अधिभार (सरचार्ज) और विशेष आयात प्रतिबंध लगाने का अधिकार देती है।

धारा 122 के तहत, अमेरिकी राष्ट्रपति अधिकतम 150 दिनों के लिए 15 प्रतिशत तक अस्थायी टैरिफ़ लगा सकते हैं, यदि अमेरिका को "बड़े और गंभीर" भुगतान संतुलन घाटे का सामना करना पड़ रहा हो, अर्थात जब आयात, निर्यात से काफी अधिक हो।

वाइट हाउस ने कहा कि भारत जैसे वे देश, जिन्होंने ट्रंप के टैरिफ़ आदेश के बाद अमेरिका के साथ समझौते किए थे, उन्हें अब 10 प्रतिशत शुल्क ही देना होगा, भले ही पहले वे अधिक दरों पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# योगी आदित्यनाथ खुद को "विकास पुरुष" के रूप में प्रोजेक्ट कर रहे हैं

## विकास पुरुष की छवि के साथ वे जापान और सिंगापुर की यात्रा पर रवाना हुए हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 फरवरी। सोच-समझकर या परिस्थितिवश, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दिनों स्वयं को एक ऐसे "विकास पुरुष" के रूप में प्रस्तुत करने की स्पष्ट कोशिश करते दिख रहे हैं, जो राज्य की औद्योगिक संरचना को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। रविवार को जापान और सिंगापुर की पाँच दिवसीय यात्रा पर रवाना होते हुए, योगी "जापान सिटी" और "सिंगापुर सिटी" जैसे विशेष प्रोजेक्टों का प्रस्ताव पेश करेंगे तथा उत्तर प्रदेश में आधुनिक परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की संभावनाएँ तलाशेंगे।

- सूत्रों के अनुसार, योगी हिंदुत्व के पोस्टर बॉय की छवि से बाहर निकलना चाहते हैं। प्र.मंत्री मोदी के गुजरात विकास मॉडल की तर्ज पर यूपी का विकास मॉडल लाना चाहते हैं।
- सूत्रों ने बताया, यह सारी कवायद मोदी के उत्तराधिकारी की दौड़ में आगे आने के लिए है और अखिल भारतीय अपील बढ़ाने के लिए "विकास" से अच्छा कोई मुद्दा नहीं है।
- जापान व सिंगापुर में योगी "जापान सिटी" व "सिंगापुर सिटी" प्रोजैक्ट के अलावा उत्तर प्रदेश में अत्याधुनिक परिवहन सेवाएं लाने पर भी चर्चा करेंगे।

उनकी जापान यात्रा के कार्यक्रम में मैग्लेव (मैग्नेटिक लेविटेशन) ट्रेन की सवारी भी शामिल है, जो चुंबकीय बल की मदद से पटरियों के ऊपर तैरते हुए 600 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जेवर में सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास

नई दिल्ली, 21 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के जेवर में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट 'इंडिया चिप' का शिलान्यास किया। यह परियोजना एचसीएल और फॉक्सकॉन के संयुक्त

- प्रधानमंत्री ने उत्तर भारत की इस पहली यूनिट का शिलान्यास किया तथा कहा कि भारत दुनिया का टैक फ्यूचर है।

उद्यम के रूप में स्थापित की जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत को टेक्नोलॉजी के भविष्य के केन्द्र के रूप में देख रही है और भारत सॉफ्टवेयर के साथ-साथ हार्डवेयर के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भारत के साथ ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं होगा'

## अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनज़र कहा

-डॉ. सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 फरवरी। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा अमेरिका के वैश्विक टैरिफ़ को रद्द किए जाने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि "कुछ भी नहीं बदला है", क्योंकि "वे (भारत) टैरिफ़ देंगे और हम कोई टैरिफ़ नहीं देंगे।"

इसी बीच, कांग्रेस पार्टी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को फिलहाल स्थगित रखने और देशहित में इसकी शर्तों पर पुनः वार्ता करने की सलाह दी।

कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि सरकार को स्पष्ट रूप से घोषणा करनी चाहिए कि जब तक अमेरिकी पक्ष से ठोस स्पष्टीकरण नहीं मिलता, तब तक आयात उदारीकरण नहीं किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाए कि भारतीय किसानों के हित प्रभावित न हों।

- वाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, "कुछ भी नहीं बदला है, वे (भारत) टैरिफ देंगे और हम कोई टैरिफ नहीं देंगे।
- इधर भारत में कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा, भारत-अमेरिका ट्रेड डील में सरकार को मौजूदा स्थिति को देखते हुए स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा, जब तक अमेरिका से ठोस स्पष्टीकरण नहीं मिल जाता, तब तक अमरीकी आयात का उदारीकरण नहीं किया जाना चाहिए।
- जयराम रमेश ने यह भी पूछा कि क्या भारत सरकार को अमेरिकन सुप्रीम कोर्ट के संभावित फैसले की जानकारी थी या फिर आशंका थी कि टैरिफ रद्द हो सकते हैं, फिर जल्दबाजी में ट्रेड डील क्यों की गई।

अदालत के फैसले के तुरंत बाद ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं है।

वाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप ने कहा, "मेरा भारत के साथ संबंध शानदार है और हम भारत के साथ व्यापार कर रहे हैं... भारत रूस से तेल ले रहा था। और मेरे अनुरोध पर उसने इसे काफी कम किया, क्योंकि हम उस भयानक युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं, जिसमें हर महीने 25,000 लोग मर रहे हैं।"

भारत के साथ समझौते पर पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, "कुछ भी नहीं बदलेगा। वे टैरिफ़ देंगे और हम नहीं देंगे।"

उन्होंने कहा, "यह पहले की स्थिति से उलट है। जैसा कि आप जानते हैं, भारत और मेरा मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी एक महान सज्जन और महान व्यक्ति हैं, लेकिन वे अमेरिका के मुकाबले अधिक चतुर थे, वे हमें नुकसान पहुँचा रहे थे। इसलिए हमने भारत के साथ समझौता किया। अब यह एक निष्पक्ष समझौता है।"

इससे पहले पत्रकारों से बातचीत में जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा और इसे नए सिरे से वार्ता के लिए खोलने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या वे ट्रंप के इस बयान से सहमत हैं कि समझौते पर फैसले का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अखिलेश ने कांग्रेस को घेरा

लखनऊ, 21 फरवरी। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस के युवाओं के शर्टलेस प्रदर्शन पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी नाराजगी व्यक्त की है।

समाजवादी पार्टी भले ही आईएनडीआईए में कांग्रेस के साथ है, लेकिन वैश्विक मंच पर उनके प्रदर्शन का विरोध किया है। अखिलेश यादव से

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा भले ही सरकार झूठ बोलती हो पर वैश्विक मंच पर कांग्रेस को ऐसा प्रदर्शन नहीं करना चाहिए था।

पहले शनिवार को ही बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने भी कांग्रेस की जोरदार निंदा की।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जब किसी आयोजन में दुनिया के डेलिगेट्स आए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या "रैसिप्रोकल टैरिफ" से वसूली गई राशि वापस करेगा अमेरिका?

## असल में पूर्व में अमरीकी सरकार ने आश्वासन दिया था कि अगर सुप्रीम कोर्ट टैरिफ को अवैध ठहरा देगा तो पाई-पाई लौटाई जाएगी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 21 फरवरी। संयुक्त राज्य अमेरिका इस समय इस प्रश्न से जूझ रहा है कि क्या संघीय सरकार डॉनल्ड ट्रंप के कार्यकारी आदेशों के तहत चयनित देशों से आयात पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ से वसूली गई राशि वापस करेगी।

संघीय एजेंसियों ने पहले आश्वासन दिया था कि यदि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट इन टैरिफ को अवैध ठहराता है, तो वसूली गई पाई-पाई उन लोगों को लौटा दी जाएगी, जिन्होंने इसे अदा किया। इसका अर्थ दो-चरणीय वापसी प्रक्रिया हो सकता है।

ऐसा पहली बार नहीं होगा। इससे पहले 1998 में भी सुप्रीम कोर्ट ने कुछ टैरिफ को अवैध घोषित किया था और वसूल किये गये टैरिफ की वापसी की गई थी। हालांकि उस समय राशि बहुत कम थी, 1998 में 73.8 करोड़ डॉलर की वसूली हुई थी, जबकि इस बार तथाकथित "लिबरेशन डे" टैरिफ के बाद यह राशि लगभग 134 अरब डॉलर बताई जा रही थी।

- कहा जा रहा है कि टैरिफ की वापसी दो चरणों में हो सकती है। पहले तो उन कॉरपोरेट संस्थाओं को टैरिफ लौटाया जाएगा, जिन्होंने प्रारंभिक रूप से टैरिफ दिया था फिर उन अंतिम उपभोक्ताओं को जिन्होंने ऊंची कीमतों के रूप में टैरिफ का भार उठाया था।
- टैरिफ वापसी पहली बार नहीं होगी, 1998 में भी ऐसा हो चुका है, जब सुप्रीम कोर्ट ने कुछ टैरिफ अवैध घोषित कर दिए थे, पर, तब यह राशि बहुत अधिक नहीं थी।
- विशेषज्ञों का कहना है कि टैरिफ की वापसी में लम्बा समय लग सकता है। हालांकि आज के डिजिटल युग में संभव है कि थोड़ा कम समय लगे।
- इसी बीच भारत में चर्चा है कि अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भारत पर क्या असर पड़ेगा। विशेषज्ञों का मत है कि सभी देशों पर एक समान टैरिफ लगाना भारत के लिए प्रतिकूल हो सकता है। कई देशों जैसे चीन की तुलना में भारत पर कम टैरिफ था इसलिए भारतीय निर्यात को लाभ मिलता था, जो अब नहीं मिल पाएगा।

टैरिफ की वापसी दो चरणों में करनी होगी, पहले उन कॉरपोरेट संस्थाओं को, जिन्होंने प्रारंभिक रूप से टैरिफ अदा किया, और फिर अंतिम उपभोक्ताओं को, जिन्होंने ऊँची कीमतों के रूप में इसका भुगतान किया। इन सभी घटकों को अलग-अलग करके अनुपात के अनुसार मुआवज़ा देना होगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रक्रिया को पूरा होने में वर्षों लग सकते हैं और विभिन्न संस्थाओं को देय सटीक राशि निर्धारित करने के लिए भारी मात्रा में आँकड़ों का विश्लेषण करना पड़ेगा। हालांकि आज के डिजिटल भुगतान और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एआई इम्पैक्ट का समापन

नई दिल्ली, 21 फरवरी। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के घोषणा पत्र पर दुनिया के 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने सहयोगात्मक, विश्वसनीय, लचीले एवं कुशल एआई के लिए एक साझा वैश्विक दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर किए। इसमें

- 86 देशों सहित यूरोपियन यूनियन व अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास फंड ने संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए।

एआई के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाने वाले सभी वैश्विक मंच, सिद्धांत और सहयोगात्मक तंत्र की 7 घोषणाएं हैं। साथ ही सम्मेलन के माध्यम से भारत ने समानता, पहुंच और वैश्विक सहयोग में निहित 'सभी के लिए एआई' के आव्हान का नेतृत्व किया है।

संयुक्त घोषणा पत्र पर अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, जापान, दक्षिण

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संक्षिप्त

### फागोत्सव आज

**फुलेरा।** दाधीच महिला मंडल फुलेरा के तत्वावधान में रविवार को जोबनेर रोड स्थित भगवान परशुराम भवन में भव्य फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। महासचिव प्रिया दाधीच ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार सुबह बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। इसके पश्चात महिला मंडल की ओर से रंगारंग फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें भजन-कीर्तन एवं फूलों की होली के माध्यम से श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में सराबोर होंगे। वहीं दाधीच समाज सेवा समिति के महामंत्री दीनदयाल दाधीच ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में पं. रामावतार दाधीच की ओर से प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजन में समाज के लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहने की संभावना है।

### तनीषा सनातनी बनीं जगत गुरु

**निवाई।** सनातन धर्म की परंपराओं को आगे बढाते हुए किन्नर अखाड़ा भारत वर्ष के संस्थापक ऋषि अजय दास महाराज ने तनीषा सनातनी को जगत गुरु के प्रतिष्ठित व सर्वोच्च पद पर विधिवत रूप से विराजित किया है। तनीषा सनातनी का इस पद पर आसीन होना न केवल उनके व्यक्तिगत आध्यात्मिक समर्पण का प्रतीक है, बल्कि यह संपूर्ण किन्नर समाज के लिए भी एक नए युग की शुरुआत है। इस महत्वपूर्ण घोषणा के साथ ही ऋषि अजय दास महाराज ने नवनियुक्त जगत गुरु तनीषा सनातनी को एक विशेष उत्तरदायित्व भी सौंपा है। उन्होंने कहा कि अब तनीषा सनातनी के कंधों पर सनातन धर्म की रक्षा करने और इसकी प्राचीन मर्यादाओं को अक्षुण्ण बनाए रखने की बडी जिम्मेदारी है। महाराज ने कहा कि जगत गुरु के रूप में तनीषा का मुख्य ध्येय किन्नर समाज का सर्वांगीण उत्थान करना और समाज को मुख्यधारा से जोडना है। इस नियुक्ति से श्रद्धालुओं एवं किन्नर समाज में खुशी की लहर दौड गई।

### ज्ञापन सौंपा

**निवाई।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने उनियारा एसडीएम पूजा मीणा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर एसडीम प्रीति मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि उनियारा एसडीएम पूजा मीणा ने उनियारा तहसीलदार कार्यालय में कार्यरत देवेंद्रकुमार राव के साथ अभद्र व्यवहार किया है। जिससे समस्त राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने उनियारा एसडीएम पूजा मीणा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने एवं अन्य स्थान पर स्थानांतरण करवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष चित्रांश माथुर, वरिष्ठ सहायक जितेंद्रकुमार माथुर, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रमेशकुमार सैनी, आशीष मीणा, दिलकुश मीणा व रामकिशन वर्मा सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

### चार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा के सुपरविजन में गठित विशेष टीम ने निवाई क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेलते चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 हजार 690 रुपए नकद और ताशपत्ती जब्त की है। निवाई थानाधिकारी ने बताया कि टीम ने गश्त के दौरान निवाई क्षेत्र के गांव रम्भा में एक सार्वजनिक स्थान के पास गणेश लुहार, कजोड कुम्हार, पूरणमल मीना और रामधन मीना को ताशपत्ती पर दांव लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से 2 हजार 690 रुपए की जुआ राशि और ताशपत्ती जब्त की है। चारों आरोपियों के खिलाफ आरपीजी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### रमजान का पवित्र महीना शुरू

**फुलेरा।** चांद दिखाई देने के साथ ही शुक्रवार से पवित्र रमजान माह की शुरुआत हो गई है। यह महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना माना जाता है। रमजान के आगमन के साथ ही क्षेत्र की मस्जिदों में विशेष इबादतों का सिलसिला शुरू हो गया है। रोजेदार अब्दुल लतीफ कुरेशी ने बताया कि मस्जिदों में प्रतिदिन ईशा की नमाज के बाद 20 रकात तरावीह की विशेष नमाज अदा की जा रही है, जो पूरे एक माह तक जारी रहेगी। सेहरी खत्म होने का समय सुबह 5:31 बजे निर्धारित किया गया है।

# सड़क केवल मार्ग नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास की जीवनरेखा है : विधायक धनकड़

**पावटा।** क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित एनएच-48 से एसएच-13 साईवाड़ मोड़ तक वाया रामपुरा, छापर की ढाणी, जलेबी चौक, बाडीजोड़ी साईवाड़ एमडीआर सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य व जिला परिषद जयपुर सदस्य ममता चौधरी, पंचायत समिति विराटनगर सदस्य प्रियंका चौधरी, त्रिवेणी मंडल अध्यक्ष प्रमोद सैनी, पूर्व सरपंच जाजे कलां श्याम सुन्दर रूंडला, बूथ अध्यक्ष जाजे कलां राकेश जांगिड, रामसिंह निठारवाल, अशोक कुमार रणवां के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

यह सड़क लगभग 20 किलोमीटर लंबी होगी, जिस पर करीब 25 करोड़ रुपये की लागत आएगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा विधायक धनकड का साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान विधायक धनकड़ ने अपने संबोधन में कहा कि यह सड़क केवल मार्ग नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास की जीवनरेखा है। वर्षों से ग्रामीणों की मांग रही इस सड़क के निर्माण से किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज जाने में सहूलियत होगी और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच तेज होगी।

हमारी प्राथमिकता है कि गांव-ढाणी तक मजबूत सड़क नेटवर्क पहुंचे, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण आधारभूत ढांचे को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में अन्य विकास कार्य भी चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे।

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, भाजपा वरिष्ठ नेता जयसिंह पारीक, गोपाल अग्रवाल, रोहिताश सिंधु, जिला पार्षद तेजपाल धनवाडिया, रामपुरा प.स.स. दीपक, बाड़ीजोडी व जवानपुरा प.स.स. राकेश सैनी, भाजपा पूर्व अध्यक्ष रामप्रकाश सैन, हरद्वारी स्वामी, किसान मोर्चा नेता सरदार मल यादव, रामकरण गुर्जर, मंडल महामंत्री श्रवण स्वामी, मुकेश प्रजापत, रामचंद्र, सुरेंद्र सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



विधायक धनकड़ ने एनएच-48 से एसएच-13 साईवाड़ मोड़ तक एमडीआर सड़क का शिलान्यास किया।

■ ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया। भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक ली

**कोटपूतली।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया गया। अंतिम प्रकाशन के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तर पर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में इस दौरान रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कोटपुतली एवं एसडीएम रामावतार मीणा सहित इंडियन नेशनल कांग्रेस से जिला अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर और विकास यादव, जगदीश मीणा, भारतीय जानता पार्टी से शिवचरण यादव और रमेश रावत, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से देशराज पायला, आम आदमी पार्टी से सुरेंद्र यादव सहित अन्य पार्टी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं की चर्चा की

**जयपुर ।** राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, जयपुर में 21 फ़रवरी 2026 को अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अधिवक्ता शिखा शर्मा सचिव ,सार्थक संवाद संस्थान, जयपुर रही।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न राजस्थानी/आंचलिक भाषाओं के इतिहास एवं वर्तमान परिपेक्ष्य के बारे में लेख प्रस्तुत किये ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय भाषा दिवस के उद्भव, संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं की चर्चा तथा राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली 2020 में बहुभाषावाद को अपनाने के सम्बंध में अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पारितोषित भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम समापन के समय सभी विद्यार्थियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्यजन द्वारा संविधान में वर्णित मूल कर्तव्यों के अक्षरशः निर्वहन की प्रतिज्ञा ली गयी।

कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रधानाचार्य विनोद कुमार जांगिड, कार्यक्रम संयोजक संजय शर्मा, लक्षिता राय, कीर्ति पाठक , डॉ पूनम राजावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया । वंदे मातरम् एवं भारत माता के उद्घोष से कार्यक्रम का समापन किया गया ।



राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 21 अंतर्राष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस का आयोजन किया।

## श्रद्धा के साथ खाटू श्याम पदयात्रा ने किया प्रस्थान

**राजगढ़।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से 24वीं खाटू धाम पदयात्रा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ 21 फरवरी को रेलवे स्टेशन के समीप से प्रस्थान कर गई। इससे पूर्व श्रद्धालु महिला पुरुषों ने नाचते गाते प्रमुख मार्गों एवं बाजारों में नगर भ्रमण किया। पदयात्रा कस्बे के स्टेशन मार्ग, बस स्टैंड, गणेश पोल, गोविंद देव जी मंदिर चौपड़ बाजार एवं गोल मार्केट होती हुई बांदीकुई मार्ग हनुमान मंदिर से खाटू श्याम के लिए प्रस्थान कर गई। पदयात्रा के मार्ग में श्री श्याम सेवा समिति की ओर से गोल मार्केट पर श्रद्धालु महिला पुरुषों के लिए अल्पाहार का प्रबंध किया। दूसरी और प्रमुख मार्गो में पुष्प वर्षा कर पदयात्रा का अभिनंदन किया गया। ध्वज एवं पता का के साथ गई पदयात्रा मैं श्रद्धालु महिला पुरुषों ने रोचक भजनों की प्रस्तुति पर आकर्षक नृत्य कर कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की।

# भुगतान नही होने पर 32 कचरा-गाड़ियां बंद

**टोंक।** नगर परिषद क्षैत्र में लगाई गयी कचरा गाडियां के चालक व हेल्परो का दो माह से भुगतान नहीं मिलने पर हड़ताल शुरू कर दी, जिससे 32 कचरा गाड़ियां बंद रहने से वार्डो में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई।

नगर परिषद क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले 50 से ज्यादा ड्राइवर और हेल्पर ने मानदेय, पीएफ और अन्य मांगों को लेकर काम बंद कर दिया। अस्तल रोड पर वाहन खड़े कर प्रदर्शन किया गया और भुगतान होने तक काम पर नहीं लौटने की चेतावनी दी गई। कचरा संग्रहण में लगी 32 गाड़ियों के ड्राइवर और हेल्परो ने शनिवार को अस्तल रोड पर इकट्ठा हुए तथा सभी ने अपने वाहन खड़े कर कार्य का बहिष्कार किया, हड़ताल के कारण वार्डो में कचरा संग्रहण नहीं हो सका।

चालको ने बताया कि बताया कि वे एक कंपनी के माध्यम से काम कर रहे हैं, सभी ड्राइवर और हेल्पर डोर टू डोर गाड़ियां लेकर कचरा उठाते हैं, लेकिन उन्हें दो माह से मानदेय नहीं मिला है।

उनका कहना है कि पीएफ की राशि भी जमा नहीं कराई जा रह, करीब छह सात माह पहले रविवार को महीने में एक दिन अवकाश देने की बात कही गई थी, लेकिन वह भी लागू नहीं हुई। मास्क और हैंड ग्लब्स जैसे सेफ्टी सामान भी नहीं दिए जा रहे, जिससे इन्फेक्शन का खतरा बना रहता है। सुपरवाइजर अंबिका प्रसाद जोशी ने कहा कि कुछ दिन में भुगतान करवा दिया जाएग, फिलहाल कर्मचारियों ने साफ किया है कि भुगतान मिलने तक वे काम पर वापस नहीं आएंगे।

■ अस्तल रोड पर वाहन खड़े कर प्रदर्शन किया गया और भुगतान होने तक काम पर नहीं लौटने की चेतावनी दी



चालक व हेल्परो ने अस्तल रोड पर वाहन खड़े कर प्रदर्शन किया ।

## 'विधार्थी लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन कर आगे बढ़े'

**कोटपूतली।** यहां के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में शनिवार को विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय कार्यक्रम युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिसका विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिये सबक था। जिसके अंतर्गत जिले के महाविद्यालयों से 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिले की सभी राजकीय व निजी महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में सेवानिवृत्त सह आचार्य कॉलेज शिक्षा डॉ. महावीर प्रसाद कुमावत, महात्मा गांधी शासन एवं समाज विज्ञान संस्थान के ओएसडी डॉ. हरबीर सिंह डागुर, विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल, भाजपा नेता व पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अरुण सैनी ने विद्यार्थियों के विचारों का मूल्यांकन किया।

प्राचार्य डॉ. आर के सिंह व संकाय सदस्यों ने अतिथियों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल ने विधार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने की बात कहते हुये उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. महावीर प्रसाद कुमावत ने प्रतियोगिता के 10 श्रेष्ठ सहभागियों के नाम की घोषणा की।

प्रतिभागियों के नाम वरीयता क्रम में हर्ष यादव, धीरज यादव, आरुषी खंडेलवाल, आर्य कुरैशी, निकिता यादव, पायल जांगिड़, सानिया शाह, खुशबू सैनी, अंकिता यादव, अंशुल खण्डेलवाल हैं, ये 10 चयनित सहभागी राजस्थान विधानसभा में भाग लेंगे। तदुपरांत वहां से भारत की संसद में भाग लेने के लिये तीन प्रतिभागियों का चयन होगा। सभी प्रतिभागियों को 3-3 मिनट का समय दिया गया।

सभी प्रतिभागियों ने अपने निश्चित समय के अंतर्गत इस विषय को बहुत ही व्यवस्थित तरीके से रखा। इसके बाद संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें अतिथिगणों से प्रतिभागियों ने प्रश्न किये और सभी अतिथियों ने उनका संतोषप्रद्ध जवाब दिया।

■ विकसित भारत युवा संसद 2026 का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# जिला अभिभाषक संघ की नवनिवार्चित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**कोटपूतली।** स्थानीय जिला न्यायालय परिसर में गुरूवार देर शाम जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति रवि चिराणियां ने जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा, उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत, सचिव मुकेश कुमार यादव व कोषाध्यक्ष अजय सिंह तंवर को शपथ दिलाकर बधाई देते हुये कहा कि न्यायिक परिवार कोटपूतली के समक्ष नये जिले को नये रूप में बनाने व संवारने के काम के साथ अनेक चुनौतियां व अनेक अवसर मौजूद है।

उन्होंने कहा कि वकिलों की नई पीढ़ी को नये सिरे से तैयार कर बड़े व विशेष न्यायालयों के मुकदमों की पैरवी हेतु शीघ्र मजबूती से परिपक्व होना पड़ेगा। जिले में सम्भावनायें अत्यधिक मजबूत है तथा भौगोलिक परिक्षेत्र भी राष्ट्रीय राजधानी के साथ ही अनेक राज्यों से लगता हुआ है, इस नाते न्यायिक परिवार की जिम्मेदारियां ओर अधिक बढ़ जाती है। न्यायमूर्ति ने शीघ्र न्याय के नाम पर अत्यधिक जल्दबाजी को गैर जरूरी बताते हुये पैरवी हेतु समुचित समय व तैयारी की वकालत की तथा कोटपूतली-बहरोड़ न्यायिक परिक्षेत्र को आदर्श न्यायिक जिला बनाने की जरूरत बताया। अध्यक्षता करते हुये जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि शर्मा ने नये जिले को मजबूत व सर्वस्पर्शी न्यायिक व्यवस्था तथा आदर्श न्यायिक जिला बनाने हेतु अपना संकल्प दोहराया। साथ ही नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुये कार्यकारिणी एवं वकीलों को साथ व सहयोग लेकर शीघ्र ही सुव्यवस्थित न्यायिक व्यवस्था स्थापित करने की बात कहीं।

विशिष्ठ अतिथि जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने न्यायिक परिवार को सभी प्रकार से प्रषानिक सहयोग व नई व्यवस्थाओं में सदैव समर्थन करते रहने तथा न्याय को सर्व सुलभ बनाने हेतु साथ खड़े रहने का आष्वासन दिया। विशिष्ठ अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने पूरे न्यायिक परिवार को हरसम्भव कानून व्यवस्था में सहयोग के आष्वासन के साथ अपराधों पर लगाम लगाने तथा अपराधिक गतिविधियों के शीघ्र खुलासे के साथ ही अपराधिक दर को लगातार घटाने की बात कहीं। इससे पूर्व न्यायमूर्ति रवि चिराणियां का जिला एवं सत्र न्यायाधिश रवि शर्मा, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी व जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने बुके भेंटकर स्वागत किया।




जिला अभिभाषक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा को शपथ दिलाई।

■ न्यायिक परिवार के समक्ष नये जिले को नये रूप में बनाने व संवारने के काम के साथ अनेक चुनौतियां व अनेक अवसर भी है : न्यायाधिपति रवि चिराणियां

## एसआईआर के बाद मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

**भरतपुर ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुक्रम में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। जिले में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 1060006 मतदाताओं में 2.78 प्रतिशत वृद्धि के उपरान्त कुल मतदाताओं की संख्या 1089431 है, जिनमें पुरुष 586302 महिला 503116 तथा ट्रांसजेण्डर 13 है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि एसआईआर के अन्तर्गत 04 नवम्बर 2025 से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना चरण के उपरान्त 16 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया ।

## सार-समाचार

### 21 उद्योगपतियों को उद्योग रत्न से सम्मानित

**टोंक।** मुख्यालय पर आयोजित टोंक चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा 'उद्योग रत्न' सम्मान समारोह पंहुचे पुरी जगन्नाथ मंदिर के पुजारी ने कहा कि उद्योगपति इस देश की रीड की हड्डी हे और राष्ट्र के मजबूत स्तंभ हे उनकी तरक्की नहीं होगी तो देश तरकी नहीं कर सकता लेकिन ये भी सत्य हे की प्रभु के कृपा के बिना कोई भी उन्नति नहीं कर सकता। शुक्रवार को पहली बार राजस्थान आए जगन्नाथ मंदिर पुरी के मुख्य पुजारी ने टोंक में भगवान जगन्नाथ का भव्य मंदिर बनाने हेतु कहा तथा वे स्वयं भगवान को यहां विराजमान करेंगे, जिससे जो श्रद्धालु पुरी नहीं जा पाते, उन्हें टोंक में ही दर्शन का सौभाग्य मिल सके। उन्होंने कहा कि वे प्राचीन दैता सेवायत परंपरा से जुड़े हैं, जिसका सीधा संबंध भगवान जगन्नाथ की सेवा से है, उनका उद्देश्य है कि जगन्नाथ भगवान हर स्थान पर विराजें और सबका कल्याण करें। इस मौके पर जगन्नाथ भगवान मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट की कोर कमेटी के सदस्य ओपी राजपुरोहित ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए राज्य सरकार से भी सहयोग मांगा गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है, जिस पर हर संभव मदद का आश्वासन मिला है। मंदिर निर्माण के लिए सांभरलेक क्षेत्र में भी संभावित भूमि देखी गई है, जहां एक गोशाला संचालक द्वारा करीब 100 बीघा जमीन देने की बात कही गई है। टोंक में मंदिर का क्षेत्रफल और निर्माण लागत जमीन की उपलब्धता के अनुसार तय की जाएगी। इस दौरान मुख्य अतिथि दैतापति भभानी दास महाराज ने टोंक चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित 'उद्योग रत्न' सम्मान समारोह में जिले के 21 कारोबारियों को से सम्मानित किया गया।

### कारोली में रात्रि चौपाल आयोजित

**पावटा।** उपखंड पावटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कारोली में आयोजित रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और मौके पर समाधान किया गया।कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी पावटा डॉ. साधना शर्मा, मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं। वही समस्त ब्लॉक लेवल अधिकारी भी मौजूद रहे। ग्राम पंचायत की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। जनसुनवाई के दौरान ग्रामवासियों ने पेयजल, सड़क, बिजली, पेंशन एवं राजस्व संबंधी विभिन्न समस्याएं रखीं। वही विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित 10 शिकायतें प्राप्त हुई । एसडीएम शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। रात्रि चौपाल में पाव टा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान समस्त ब्लॉक लेवल अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए कि आमजन के परिवादों को गुणवत्तापूर्ण एवं परिवादियों को संतुष्ट करते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें एवं साथ ही प्राप्त शिकायतों को संपर्क पोर्टल पर इंद्राज करना भी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कारोली सरपंच श्रवण सिंह, बीएलओ नरेंद्र सिंह, वीडीओ बाबूलाल यादव, पटवारी विजय यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल के माध्यम से प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे लोगों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

### फुलेरा में हैंडपंप खराब, जल संकट से जूझ रहे श्रीराम नगरवासी

**फुलेरा।** अभी गर्मी की शुरुआत भी नहीं हुई है, लेकिन कस्बे के श्रीराम नगर क्षेत्र में पानी की समस्या गहराने लगी है। श्रीराम नगर के अजमेरी गेट पर लगा हैंडपंप पिछले एक पखवाड़े से खराब पड़ा है, जिससे वार्डवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रभु दयाल सैनी ने बताया कि जलदाय विभाग की ओर से 4-5 दिन में एक बार ही जलापूर्ति की जाती है। ऐसे में लोग अपनी जरूरत पूरी करने के लिए इसी हैंडपंप पर निर्भर रहते थे। अब हैंडपंप खराब होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। वार्डवासी रमेश गुप्ता ने बताया कि समस्या को लेकर विभाग को प्राथमिकता से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। हैंडपंप ठीक नहीं होने से महिलाओं और बुजुर्गों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जलदाय विभाग से शीघ्र मरम्मत करवाकर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि गर्मी से पहले ही जल संकट से राहत मिल सके।

### विधायकपटेल रविवार को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर

**कोटपूतली।** क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल रविवार को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेगें। इस मौके पर विधायक पटेल विभिन्न विकास कार्यो का षिलान्यास करेगें। पटेल 02.21 करोड़ की लागत से ग्राम पंचायत मोलाहेड़ा व पनियाला में पशु चिकित्सालय भवन एवं सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेगें। जिनमें ग्राम पंचायत मोलाहेड़ा में 46.50 लाख रूपये की लागत के पशु चिकित्सालय भवन एवं 65 लाख रूपये की लागत से विधायक कोष से शहीद कैलाश गुर्जर की मूर्ति से खरकड़ी सीमा की ओर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करेगें। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पनियाला में 46.50 लाख रूपये की लागत के पशु चिकित्सालय भवन एवं ग्राम पनियाला होली चौक से मठ मीणा की ओर सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करेगें।

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन आज

**टोंक।** माय भारत केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय टोंक मे आज को आयोजित होने वाले विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम में आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया है, जिसमें जिले के कुल 95 प्रतिभागी भाग लेंगे।प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा के अनुसार मंच, बैठक व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था तथा पंजीयन सहित सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से तैयार कर ली गई हैं। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक परंपराओं, संवैधानिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की जिम्मेदारी का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों की विभिन्न समितियों द्वारा समन्वित रूप से कार्य किया गया है।

### माली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं हुंकार रैली आज

**निवाई।** जिला माली समाज के तत्वावधान में सैनी छात्रावास शिवाजी कॉलोनी में 22 फरवरी को जिला अध्यक्ष पांचूलाल सैनी एवं तहसील अध्यक्ष रामवतार खुवाडिया के सानिध्य में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एव सैनी हुंकार रैली का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रवक्ता राजेश कनेसर ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह एव हुंकार रैली की तैयारियों को लेकर पेयजल, पार्किंग, विद्युत, डेकोरेशन एव मंच सहित कई व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह एवं रैली में संपूर्ण टोंक जिले का माली समाज शिरकत करेगा। हुंकार रैली पहाड़ी चुंगी नाके से रवाना होकर बस स्टैंड होते हुए अहिंसा सर्किल, झिलाय रोड व शिवाजी पार्क रोड होते हुए शिवाजी कॉलोनी में स्थित सैनी छात्रावास में पहुंचेगी। इसके बाद भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं एवं प्रशासनिक सेवा में नवचयनित कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विधायक रामसहाय वर्मा, पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी होंगे एवं समारोह की अध्यक्षता माली महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सीएल माली करेंगे।

### सैनी समाज का आरक्षण की मांग को लेकर विधानसभा का घेराव 25 को

**शाहपुरा ।** सैनी समाज आरक्षण की मांग को लेकर 25 फरवरी को जयपुर में विधानसभा का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगा। जय फुले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा के अध्यक्ष साधुराम सैनी ने बताया कि दिनांक 25 फरवरी को सुबह 9 बजे से बस लगेगी जो दस बजे रवाना होगी। सैनी समाज शाहपुरा के जो भी लोग जाना चाहते है वो समय पर पहुंचे। सैनी ने बताया कि आरक्षण एवं 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 25 फरवरी को जयपुर में विधानसभा घेराव किया जाएगा।

# चारागाह जमीन आवंटन पर 400 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप

## केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने सदन में कहा कि ''पिछली कांग्रेस सरकार में बीसलपुर विस्थापितों को मुआवजे के नाम पर चारागाह भूमि आवंटित की गई, लेकिन बाद में वही जमीन कांग्रेस नेताओं के चहेतों के नाम कर दी गई।''

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर**। भारतीय जनता पार्टी के केकड़ी से विधायक शत्रुघ्न गौतम ने पिछली कांग्रेस सरकार पर चारागाह जमीन के गलत आवंटन के जरिए 400 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। विधानसभा में शनिवार को उन्होंने कहा कि बीसलपुर विस्थापितों को मुआवजे के नाम पर चारागाह भूमि आवंटित की गई, लेकिन बाद में वही जमीन कांग्रेस नेताओं के चहेतों के नाम कर दी गई। गौतम ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई।

■ गौत्तम ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के करीबियों के नाम 400 से अधिक रजिस्ट्रियां की गईं और तबादले के बाद तहसीलदार ने रात में कार्यालय खोलकर रजिस्ट्रियां कीं। इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।''

उन्होंने कहा कि चारागाह की जमीन नियमों के तहत दी ही नहीं जा सकती थी, फिर भी मुआवजे के नाम पर उसका आवंटन किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया को तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ड्रॉप कर दिया। विधायक गौतम ने केकड़ी क्षेत्र में बाइपास निर्माण को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान बाइपास को इस तरह घुमाया गया कि जिन स्थानों पर कांग्रेस नेताओं की जमीनें थीं, वहां से मार्ग निकाला गया।

उनके अनुसार, कांग्रेस नेताओं के करीबियों के नाम 400 से अधिक रजिस्ट्रियां की गईं और तबादले के बाद तहसीलदार ने रात में कार्यालय खोलकर रजिस्ट्रियां कीं। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# 'पेपरलीक व भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी की सी.बी.आई. जांच हो'

## भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायकों ने विधानसभा में नारेबाजी कर पोस्टर लहराए

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर**। विधानसभा में राजस्व की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के विधायकों ने सदन में नारेबाजी की और पोस्टर लगाए। बीएपी विधायकों ने पेपरलीक और भर्ती परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों की सीबीआई से जांच करवाने की मांग की। बीएपी विधायकों ने सीबीआई जांच की मांग वाली टीशर्ट पहन रखी थी।

बीएपी विधायकों ने बेरोगजारों को न्याय दिलाने और सीबीआई जांच की मांग को लेकर नारेबाजी की। नारेबाजी कर रहे बीएपी विधायकों से कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की तरफ इशारा करते हुए कहा कि मेरे साढू डोटासराजी को सुनाओ। साढू बहरे हो गए, इन्हें सुनाई नहीं दे रहा। कुछ देर नारेबाजी के बाद माहौल शांत हो गया।

इससे पहले बीएपी विधायक थावरचंद ने कहा कि यहां पर मंत्री डॉ. किरोडीलाल बैठे हैं। इन्होंने कांग्रेस राज में खूब धरने दिए। आपने बेरोजगारों को न्याय का भरेसा दिया था। आपकी सरकार आने पर आपसे उम्मीद थी कि बेरोजगारों से अन्याय करने वाले चोरों को जेल भेजेंगे, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। पेपरलीक और भर्ती परीक्षाओं में धांधली की सीबीआई जांच होनी चाहिए। बहस के बाद राजस्व विभाग की अनुदान मांगें पारित कर दी गई।

# कान्हा ग्रुप से करोड़ों का सोना और नकदी बरामद

-कार्यालय संवाददाता-

■ आयकर छापेमारी चौथे दिन भी जारी रही, अब बैंक लॉकर्स की जांच के बाद होगा खुलासा

**जयपुर**। राजस्थान की चर्चित फूड चेन कान्हा रेस्टोरेंट पर आयकर विभाग की छापेमारी शनिवार को चौथे दिन भी जारी रही। अब तक की कार्रवाई में करोड़ों रुपए के आभूषण, नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। विभाग ने जांच के दौरान करीब 7.5 करोड़ रुपए कीमत का सोना और 25 लाख रुपए नकद जब्त किया है, जबकि कई बैंक लॉकर और अन्य संपत्तियों के दस्तावेज भी जांच के दायरे में आए हैं।

आयकर विभाग की टीम ने बुधवार सुबह से जयपुर सहित राजस्थान और मुंबई में कुल 33 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की थी। चार दिन चली कार्रवाई में अब तक 26 ठिकानों पर तलाशी पूरी कर ली गई है, जबकि जयपुर के सात ठिकानों पर शनिवार को भी सर्च ऑपरेशन जारी रहा। छापेमारी के दौरान शुक्रवार को जयपुर स्थित एक ठिकाने पर टीम को दीवार के पीछे बना एक खुफिया कमरा मिला।

दीवार तोड़कर अंदर पहुंचने पर वहां 10 छोटी अलमारियां मिलीं। अलमारियों की तलाशी लेने पर करीब 5 करोड़ रुपए कीमत की ज्वेलरी और 25 लाख रुपए नकद बरामद हुआ। इसके अलावा डिजिटल रिकॉर्ड और दस्तावेज भी मिले हैं, जिनमें करोड़ों रुपए के लेन-देन और संभावित टैक्स चोरी से जुडे सुराग मिले हैं। सूत्रों के अनुसार अब तक की कार्रवाई में करीब 11 करोड़ रुपए कीमत का सोना, लगभग 1.25 करोड़ रुपए नकद और 10 से अधिक बैंक लॉकर सामने आए हैं। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद आयकर विभाग ने 7.5 करोड़ रुपए कीमत का सोना और 25 लाख रुपए नकदी जब्त कर ली है। बैंक लॉकरों को खोलने और संपत्तियों के मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों का मानना है कि आगे की जांच में करोड़ों रुपए की चल-अचल संपत्ति से जुड़े और खुलासे हो सकते हैं। छापेमारी के दौरान जयपुर के आमेर स्थित होटल ताज और कुंदन वन मैरिज गार्डन में भी आयकर विभाग की टीम जांच कर रही है। कुंदन वन में पिछले तीन वर्षों में आयोजित हुई आलीशान शादियों के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे है। आयकर विभाग की यह कार्रवाई रविवार शाम तक पूरी होने की संभावना है।

# खरीददारी के बहाने चुराए जेवरात

**जयपुर**। महेश नगर इलाके में शातिर बदमाश ज्वेलरी शॉप पर मां को गिफ्ट में चांदी के आभूषण देने का झांसा देकर घुसे और लाखों रुपयों के गहनों पर हाथ साफ कर फरार हो गए। सोडाला के गोविन्दपुरा निवासी रामदयाल सोनी (78) ने मामला दर्ज कराया है कि रामनगर विस्तार में मुकेश ज्वेलर्स के नाम से शॉप है। गुरुवार शाम 4 बजे दो लड़के ग्राहक बनकर दुकान पर खरीदारी के लिए आए। ज्वेलरी दिखाने के दौरान काउंटर पर रखी चांदी की पायजेब (80 ग्राम) और सोने की तीन तोड़ी बाली (6 ग्राम) लेकर फरार हो गए।

## सार-समाचार

### डॉ. लीलाधर का एकल कविता पाठ



**जयपुर**। जनसम्पर्क मित्र की और से शनिवार को यहाँ राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में कवि डॉ. लीलाधर दोचानिया का एकल काव्य पाठ आयोजित किया गया। उन्होंने अपने नव प्रकाशित कविता संग्रह जिंदगी मुस्कुराती रहे में से अपनी चुनिंदा कविताओं का वाचन किया। मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत उनकी कविताएं सराही गई। इस अवसर पर ईश्वर माथुर, बाल मुकुंद ओझा, अलका सक्सेना, वीना करमचंदानी, रेणु जुनेजा, रवि गोस्वामी, गोविन्द शर्मा और राजेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

### एसकेआईटी कॉलेज में वार्षिकोत्सव संपन्न



**जयपुर**। स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का छह दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव प्रवाह, कॉलेज के वार्षिक समारोह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता मेटाक्यूब सॉफ्टवेयर के सह-संस्थापक पारिजात अग्रवाल ने की और इन्फोसिस लिमिटेड के ग्रुप प्रोजेक्ट मैनेजर मनन गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात संस्थान के अध्यक्ष सुरजा राम मील, निदेशक जयपाल मील और निदेशक (अकादमिक) प्रो. एस.एल. सुराणा ने अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और कहा कामयाबी की परिभाषा केवल सफलता मिलना नहीं होता, विनम्रता के साथ जीवन जीना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर कॉलेज के रजिस्ट्रार रचना मील, प्राचार्य-प्रो. रमेश कुमार पचार, वाईसचेयरमैन अनिल बाफना, डीन डॉ आर के जैन समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। प्रो. सुराणा ने संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिसमें इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने नृत्य, नाटक एवं गायन की शानदार प्रस्तुतियां से पूरे माहौल को कल्चरल एक्टिविटीज के रंग में सराबोर कर दिया। सांस्कृतिक संध्या में नवरस की थीम पर आधारित नृत्य शिव तांडव, ऑपरेशन सिंदूर और नाटकों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियाँ दी गई, जिनमें श्रृंगार, करुणा, वीर, हास्य, वीभत्स, अद्भुत, भयानक, रौद्र और शांत रस का प्रदर्शन किया गया।


### नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जयपुर**। दर्शक संस्था द्वारा आयोजित 36वीं महेंद्र भट्ट स्मृति अखिल भारतीय संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता के तीसरे दिन उपशास्त्रीय नृत्य, बॉलीवुड नृत्य एवं लोक नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जो भारतीय बैले शैली के जनक उदय शंकर को समर्पित रहीं। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने भाव-भंगिमाओं, लयात्मक गतियों और मंचीय अनुशासन के साथ मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों एवं निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी दिन दोपहर 2 बजे से वरिष्ठ वर्ग की गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने शास्त्रीय एवं सुगम गायन की प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से सुर-साधना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दर्शक संस्था की ओर से सुर-नूर गायन के लिए यशराज सोनी, कीर्ति सिंह, जय कुमार, अदिति वत्स एवं ऋत्विज को आमंत्रित किया गया, जबकि सुर-नूर वादन के लिए हर्षवर्धन सिंह चौहान, अरहम मुरड़िया, मनन सोनी, दिव्य ध्रुव गुमा, रक्षा चंद्रावत एवं सौम्या जैन को मंच पर आमंत्रित किया गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता संयोजक प्रोमिला राजीव ने 20 फरवरी को आयोजित शास्त्रीय एवं सुगम वादन प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए। शास्त्रीय वादन (सीनियर वर्ग) में हर्षवर्धन सिंह चौहान ने प्रथम, सुमित चौहान ने द्वितीय एवं श्रेया सीपाणी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अरहम मुरड़िया प्रथम, आरिका गोदारा द्वितीय तथा दिव्यांशी गुमा एवं युक्तिका अग्रवाल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। शास्त्रीय वादन (ताल वाद्य) के सीनियर वर्ग में मनन सोनी प्रथम, मयंक कोटवाणी द्वितीय एवं अर्जुन प्रजापति तृतीय रहे। जूनियर वर्ग में दिव्य ध्रुव गुमा प्रथम, सार्थक गोयल द्वितीय तथा रुद्र शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। सुगम वादन (सीनियर वर्ग) में रक्षा चंद्रावत ने प्रथम, विकास कुमार ने द्वितीय एवं महिमा खण्डेलवाल व ईशान भार्गव ने संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में सौम्या जैन प्रथम, अथर्व चतुर्वेदी द्वितीय तथा यशस्वी पारिक तृतीय स्थान पर रहे।

### ''रस रंग बरसे'' का आयोजन आज

**जयपुर**। आज सायं कल्चरल सोसाइटी ऑफ़ राजस्थान द्वारा जीवन्त संगीत के साथ फ़िल्मी गीतों का कार्यक्रम रस रंग बरसे का आयोजन किया जाएगा। शाम 6.30 बजे, भारतीय विद्या भवन कॉलेज स्थित महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में होली की मस्ती व संगीत के अन्य रंगों से सराबोर गीतों की प्रस्तुति शहर के विभिन्न नामी कलाकारों द्वारा दी जाएगी। संस्था के अध्यक्ष श्याम सुंदर भूतड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम की परिकल्पना राजेन्द्र परनामी की है एवं संयोजन घुंघरू मैन के नाम से प्रसिद्ध शंकर गर्ग का है।

### 'मल्टीलेटरलिज्म इन क्राइसिस' पर सेमिनार



**जयपुर**। सप्त शक्ति कमान के तत्वावधान में ज्ञान शक्ति थिंक टैंक (जीएसटीटी) ने शनिवार को जयपुर मिलिट्री स्टेशन में 'मल्टीलेटरलिज्म इन क्राइसिस' विषय पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार में सेवारत एवं सेवानिवृत्त रक्षा अधिकारी तथा जयपुर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के शिक्षाविद और छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतिष्ठित पैनल में एम्बेसडर टी.एस. तिरुमूर्ति, एम्बेसडर सुचित्रा दुरई, एम्बेसडर आर. स्वामीनाथन और एम्बेसडर सतीश मेहता शामिल थे, जिन्होंने विषय पर अपने विचार साझा किए। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार वक्ताओं ने अपने विशिष्ट राजनयिक दायित्वों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र की अनेक संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर निकटता से कार्य किया है। इसी व्यापक अनुभव, ज्ञान-संपदा और गहन समझ के आधार पर उन्होंने विभिन्न गठबंधनों और संस्थाओं तथा उभरती चुनौतियों का सामना करने में उनकी क्षमता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पैनल के वक्ताओं ने मल्टीलेटरलिज्म के अनेक आयामों को रेखांकित किया, जिनमें वैश्विक कूटनीति, अर्थव्यवस्था, व्यापार, भू-रणनीतिक आकांक्षाएँ तथा उनका राष्ट्रीय हितों और आंतरिक गतिशीलताओं से संबंध शामिल था। प्रश्न-उत्तर सत्र में बदलते हुए भू-राजनीतिक परिदृश्य और उसमें भारत की स्थिति से जुड़े विचारोत्तेजक पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। सप्त शक्ति कमान के मेजर जनरल गौतम चड्ढा ने समापन भाषण दिया और उनके स्पष्ट विचारों के लिए विद्वान वक्ताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने सेमिनार में भाग लेने के लिए दूर-दूर से आए छात्रों सहित श्रोताओं की भी प्रशंसा की। उन्होंने उभरती वैश्विक समस्याओं के समाधान में अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए उनमें सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रयास का उद्देश्य सभी हितधारकों में रणनीतिक सोच और जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

# जयपुर में 42.87 लाख मतदाता

**जयपुर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। इसके अंतर्गत 4 नवंबर से 11 दिसंबर 2025 तक गणना चरण सम्पन्न हुआ तथा 16 दिसंबर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। जयपुर जिले में उस समय कुल मतदाताओं की संख्या 42 लाख 87 हजार 103 थी। आयोग के कार्यक्रमानुसार 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे-आपत्तियाँ प्राप्त की गईं। इस अवधि में जयपुर जिले में कुल 1 लाख 57 हजार 431 फॉर्म-6/6, 21,436 फॉर्म-7 तथा 47,834 फॉर्म-8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों की सूचियाँ फॉर्म-9,10,11, 11ए एवं 11बी में तैयार कर हर दिन नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएंगी।

# प्रदर्शन के खिलाफ प्रदर्शन...सड़कों पर ट्रेफिक जाम



आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (ए.आई.) समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन के खिलाफ शनिवार को राजधानी जयपुर की सड़कों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस मुख्यालय का घेराव करने निकले युवाओं को पुलिस ने बीच सड़क पर बैरिकेड्स लगाकर रोकने की कोशिश की, इस दौरान दोनों पक्षों में टकराव की स्थिति बनी। इस विरोध प्रदर्शन के कारण गर्वमेंट हॉस्टल, एम.आई.रोड, स्टेशन रोड, चांदपोल और आसपास के इलाकों में ट्रेफिक जाम की स्थिति बनी। सड़कों पर लोग काफी देर तक फंसे रहे। फोटो राष्ट्रदूत

# डिफाल्टर बिल्डर के ऋण की वसूली पूर्व में आवंटित फ्लैट्स से नहीं कर सकते : रेरा

**जयपुर** (कासं)। रेरा ने एक फैसले में कहा कि लोन से पूर्व आवंटित फ्लेट्स से डिफाल्टर बिल्डर के लोन की वसूली नहीं की जा सकती। इसके साथ बिल्डर कम्पनी के खिलाफ दिवालिया कानून में कार्रवाई के चलने के दौरान भी रेरा बिल्डर कंपनी के निदेशकों व भू-स्वामी के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। रेरा की अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने यह आदेश आवंटियों की संस्था एवलोन रॉयल पार्क होम बायर्स एसोसिएशन के प्रार्थना पत्र पर दिया।

■ रेरा की अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने यह आदेश आवंटियों की संस्था एवलोन रॉयल पार्क होम बायर्स एसोसिएशन के प्रार्थना पत्र पर दिया।

रेरा ने माना कि जमीन मालिक, बिल्डर के साथ प्रोजेक्ट की शुरूआत से ही सहभागी रहे हैं, उसने बिल्डर की ओर से प्राप्त राशि में से अंश राशि भी ली है। एनसीएलटी में दिवालिया कानून के तहत कार्रवाई शुरू होने पर बिल्डर कंपनी ने रेरा में आवंटियों की कार्रवाई को खत्म करने का प्रार्थना पत्र लगाया था। वहीं आवंटियों की ओर से अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने कहा कि कहा कि बिल्डर ने उनसे करोडों रुपए लेने के बाद भी प्रोजेक्ट पूरा नहीं किया और उसने इस राशि को खुर्द-बुर्द कर दिया।

वहीं वित्तीय कंपनी ईसीएल से मिलीभगत कर पूरी इमारत को लोन के लिए गिरवी रख दी। आवंटियों को 12 साल बाद भी न तो फ्लैट का कब्जा मिला है और न ही उनके पैसे वापस किए। इसलिए बिल्डर का प्रार्थना पत्र खारिज करें। दरअसल बिल्डर कम्पनी मैसर्स जीआरजे डिस्ट्रीब्यूटर्स व डवलपर्स ने साल 2012 में भिवाडी में एवलोन रॉयल पार्क आवासीय प्रोजेक्ट का काम शुरू किया। इसमें 1200 से ज्यादा फ्लैट्स बनने थे और निर्माण 2017 तक होना था। बिल्डर ने 700 से ज्यादा फ्लैट्स का बेचान 2012 से 2016 के दौरान आवंटियों को किया। वहीं आवंटियों से करीब 300 करोड रुपए लेकर भी पूरा प्रोजेक्ट विकसित नहीं किया। इसके बाद साल 2018 में बिल्डर ने पूरे प्रोजेक्ट को ही ईसीएल फाइनेंस को 50 करोड रुपए में गिरवी रख दिया। जिस पर ईसीएल की ओर से इनवेन्ट एसिट नाम की कम्पनी ने एनसीएलटी में लोन की वसूली की याचिका दायर की।

# हथियार लेकर घूम रहे स्कोर्पियो सवार दो बदमाश पकड़े

**जयपुर**। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने बस्सी थाना इलाके में ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो में हथियार तस्करी करने की फिराक में घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सीएसटी ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से दो देसी कट्टा, 10 कारतूस व 2 खाली कारतूस बरामद किए है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बस्सी थाना इलाके में दो बदमाश स्कॉर्पियो में अवैध हथियार की सप्लाई करने की फिराक में घुम रहे है। सूचना के बाद सीएसटी ने बस्सी में नाकाबंदी की। नाकाबंदी में स्कॉर्पियो की तलाशी लेने पर उसमें से दो देसी कट्टा, 10 कारतूस व 2 खाली कारतूस बरामद हुए। साथ ही पुलिस टीम ने आरोपित अनिल कुमार उर्फ सुखा (21) निवासी दादनपुरा धौलपुर और लोकेश उर्फ निवासी अखैपुरा को दबोच लिया।

# अमूल ब्रांड की 30 हजार किलो एक्सपायरी सामग्री नष्ट करवाई

**जयपुर**। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम द्वारा खो नागोरियान में मैसर्स एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर पर की गई कार्यवाही में सीज किया गया अमूल ब्रांड के एक्सपायरी नूडल्स, केच अप, म्योनीज एवं सॉस को नष्ट करवाने की कार्यवाही की गई।

सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि फर्म मालिक गगन आहूजा ने नगर निगम द्वारा जारी नष्टीकरण की स्वीकृति आदेश पेश किए गए। जिस पर शनिवार टीम को भेज कर छह ट्रकों में अवधिपार सामग्री को भरकर मथुरादास कचरागाह ले जाकर नष्ट करवाया गया। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि ने भी मौके पर पहुंचकर अवधिपार माल की तस्दीक कर अमूल ब्रांड का होना सत्यापित किया।

गौरतलब है कि टीम द्वारा पिछले दिनों 181 पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही में अमूल ब्रांड की लगभग 30 हजार किलो एक्सपायरी खाद्य सामग्री पकडी थी। जिसमें अमूल ब्रांड के अलग अलग पैकिंग के सॉसेज, म्योनीज, एनर्जी ड्रिंक, केच अप आदि के पैकेट्स जो अवधिपार हो गए थे उनकी डेट मिटाकर नई डेट प्रिंट करने की तैयारी थी।

टीम ने गोदाम को सील कर दिया था। जिसे खुलवाकर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। टीम द्वारा गोदाम का निरीक्षण किया गया। जिसमें अवधिपार सामग्री की मात्रा और भी अधिक पाई गई। जिसे उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार सोमवार को नष्ट किया जाएगा। तब तक के लिए गोदाम को पुनः सील कर दिया गया है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान, राजेश नागर, नंद किशोर कुमावत, अवधेश गुप्ता एवं राजेश नागर शामिल रहे।

# विधानसभा में राजस्व विभाग की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि राजस्व विभाग आमजन और किसानों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ विभाग है तथा समय के साथ भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन नामांतरण और तकनीकी आधार पर सीमांकन जैसी व्यवस्थाओं से विभाग आधुनिकीकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से प्रशासनिक ढांचे में पारदर्शिता आई है तथा किसानों के भू-अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

■ भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन नामांतरण और तकनीकी आधार पर सीमांकन जैसी व्यवस्थाओं से राजस्व विभाग आधुनिकीकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा : मंत्री हेमंत मीणा

■ राजस्व मंत्री ने सदन में कहा कि ''मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की घोषणा के अनुरूप राज्य वृक्ष खेजड़ी के संरक्षण के लिए शीघ्र ही कानून लाया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के तहत 2842 हेक्टेयर राजकीय सिवायचक भूमि को 'ओरण' के लिए आरक्षित किया गया है।''

मीणा शनिवार को विधानसभा में राजस्व विभाग की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने 23 अरब 34 करोड़ 61 लाख 01 हजार रुपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं।

उन्होंने बताया कि नामांतरण की प्रक्रिया को पूरी तरह पेपरलेस कर दिया गया है तथा तहसील स्तर पर 'फर्स्ट इन फर्स्ट आउट' प्रणाली लागू की गई है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। कृषि भूमि के गैर-कृषि उपयोग के लिए कन्वर्जन की समयावधि 90 दिन से घटाकर 45 दिन कर दी गई है और प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है। गत दो वर्षों में 43 हजार 350 प्रकरणों में 24 हजार 886 हेक्टेयर भूमि का कन्वर्जन किया गया। राजकीय भूमि के संरक्षण के लिए राज्य सरकार ने राजकीय भूमि नामांतरण परामर्श समिति का गठन भी किया है।

राजस्व मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के किसानों की खातेदारी भूमि पर सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए कन्वर्जन निःशुल्क किया गया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में राजस्थान ग्रामदानी अधिनियम से शासित गांवों के किसानों को खातेदारी अधिकार देने के लिए संशोधन की घोषणा की गई है। डीएनटी समुदाय को भू-खंड आवंटन हेतु पट्टा वितरण अभियान की अवधि 19 मई 2026 तक बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की घोषणा के अनुरूप राज्य वृक्ष खेजड़ी के संरक्षण के लिए शीघ्र ही कानून लाया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के तहत 2842 हेक्टेयर राजकीय सिवायचक भूमि को 'ओरण' के लिए आरक्षित किया गया है। राजस्व इकाइयों के पुनर्गठन के लिए डॉ. ललित के. पंवार की अध्यक्षता में राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति का गठन किया गया है, जो नई इकाइयों और पद संरचना पर सुझाव देगी। किसानों को खेत तक पहुंच मार्ग उपलब्ध कराने के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' के तहत 9404 रास्ते खुलवाए गए हैं। साथ ही कैम्प कोर्ट वल्लभनगर, केकड़ी और शाहपुरा (भीलवाड़ा) में लगाने का निर्णय किया गया है।

मीणा ने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए दो वर्षों में लगभग 99 हजार हेक्टेयर सरकारी भूमि आवंटित की गई है। भूतपूर्व सैनिकों के 106 मामलों में भूमि उनके वारिसों के नाम बहाल की गई है। खेल प्रोत्साहन के तहत 19 पदक विजेता खिलाड़ियों को 119 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा और ग्रामीण शिविरों के माध्यम से हजारों सीमांकन, नामांतरण और रास्तों से जुड़े मामलों का निस्तारण किया गया। वर्तमान सरकार के प्रथम दो वर्षों में 4 लाख 70 हजार 378 राजस्व वादों का निस्तारण किया गया है। केंद्र सरकार की एग्रीस्टैक परियोजना के तहत 82 लाख किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है और इस कार्य में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। डिजिटल फसल सर्वे के अंतर्गत रबी सीजन 2025-26 में 2.64 करोड़ खसरों का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 1.58 करोड़ में सर्वे पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत 425 में से 422 तहसीलों को ऑनलाइन अधिसूचित किया जा चुका है। अब किसान अपना खाता पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से जमाबंदी एवं खसरा गिरदावरी की प्रतियां क्यूआर कोड सहित निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इससे समय और धन की बचत हुई है तथा व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनी है।



## National Margarita Day: Raising a Toast to the Classic Cocktail

National Margarita Day, celebrated annually on February 22, honours one of the world's most iconic cocktails, the Margarita. A delightful mix of tequila, lime juice, and orange liqueur, often served with a salted rim, this drink has transcended borders to become a symbol of celebration, relaxation, and social connection. From casual gatherings to upscale bars, Margaritas bring people together with their tangy, refreshing taste. The day is a perfect excuse for cocktail enthusiasts to experiment with flavours, try frozen or flavoured variations, and appreciate the artistry behind crafting this timeless beverage.

#STUDY

# Brain Surgery on Monarch Butterflies

It turns out that monarchs' magnetic compass is light-dependent, especially sensitive to wavelengths in the ultraviolet-A/ blue range



Every year, millions of monarch butterflies (Danaus plexippus) embark on one of nature's most astonishing migrations, flying up to 2,000 miles from breeding grounds across the United States and Canada to overwintering forests in central Mexico. How creatures with brains smaller than a pinhead accomplish such precise long-distance navigation has puzzled scientists for decades.

### A Navigation System Worthy of Study

For a long time, researchers believed monarchs simply used the sun's position to guide their journey. Indeed, the butterflies possess a sun compass, a system integrated with their internal circadian clocks, that helps them maintain direction throughout the day.

But what happens when the sky is cloudy and the sun is hidden? Surprisingly, monarchs still often continue flying in the correct direction. The answer: they also rely on Earth's magnetic field as a backup compass.

### Magnetic Compass and What It Means

In controlled laboratory experiments, scientists placed monarch butterflies in a flight simulator surrounded by adjustable magnetic fields. When researchers mimicked the Earth's magnetic inclination, the angle of the magnetic field, the butterflies reliably oriented southward. When that inclination was reversed, the butterflies reversed their direction as well, suggesting they truly sensed the magnetic field and used it for navigation.

This is not just a simple map like GPS, rather, it operates as an inclination compass, giving the butterflies a sense of direction when visual cues are absent.

### So Why "Brain Surgery"?

The phrase 'brain surgery on monarch butterflies' has appeared in discussions and media because scientists sometimes use microscopic surgical tools and tiny electrodes to study neural activity. Monarch butterfly brains are incredibly small, only a few millimeters across, so attaching fine electrodes to record signals or stimulate neural circuits is highly delicate work. Posts on research forums sometimes exaggerate this to brain surgery, but the reality is precise electrophysiological recording at a scale tiny enough to require instruments as fine as human hair.

These experiments aim to pinpoint which neurons respond to magnetic or light cues and how brain circuits integrate that information, a necessary step before we fully understand their navigational 'sixth sense.'


### The Role of Light and the Brain


It turns out that monarchs' magnetic compass is light-dependent, especially sensitive to wavelengths in the ultraviolet-A/ blue range. Butterflies exposed only to light above 420 nanometers, excluding these shorter wavelengths, lose their sense of direction and fly aimlessly.

Meanwhile, the central brain regions, particularly the central complex, contain networks involved in processing directional information. Modern neural recording studies continue to explore how these networks encode compass cues. Interestingly, earlier research even pointed to the antennae as crucial components of the navigation system: removing or obscuring them disrupts orientation, indicating that critical sensory processing doesn't happen only in the brain.

### Why It Matters

Monarch butterflies are icons of migration, tiny beings traveling incredible distances, guided by instincts wired deep into their neural circuits. As scientists refine techniques akin to microscopic surgery and record brain activity with ultra-fine electrodes, each discovery brings us closer to understanding not just how monarchs navigate, but also how brains, big and small, make sense of the world. There's still much left to explore, and that journey is as fascinating as the monarchs' own.





The Dogbane beetle has gone a step further, storing the toxin in its body and excreting it onto its back for self-defense when it feels threatened.

# Eating Poisons and Not Dying!

As some animals evolved to become toxic, they also rewired their bodies to avoid poisoning themselves. The same thing happened to creatures they eat, and others that eat them. The best studied of these adaptations involves changes to the proteins that are normally disabled by the toxins so that they're now resistant.

#NATURE





The skin of the three-striped poison Dart Frog, Ameerega trivittata, contains a cocktail of lethal toxins.

● Bulbul Joshi

Collected from the Colombian Amazon, they had been without food for several days in captivity, then were presented with extremely unappetizing prey: three-striped poison dart frogs (Ameerega trivittata). The skin of those frogs contains deadly toxins that interfere with essential cell proteins.

Six of the royal ground snakes (Erythrolamprus reginae) preferred to go hungry rather than risk the amphibians' poison. The other four intrepidly slithered in for the kill. But before swallowing their meals, they dragged the frogs across the ground, akin to the way some birds rub toxins off their prey, noted biologist Valeria Ramírez Castañeda of the University of California, Berkeley, and her colleagues, who conducted the experiment.

And many get their toxins through food, examples are poison frogs, which devour toxin-containing insects and mites. These frogs include the three-striped poison dart frogs that were fed to the ground snakes.

As some animals evolved to become toxic, they also rewired their bodies to avoid poisoning themselves. The same thing happened to creatures they eat, and others that eat them. The best studied of these adaptations involves changes to the proteins that are normally disabled by the toxins so that they're now resistant.

For example, insects that grow and feed on milkweed plants, which are rich in toxic glycosides, have evolved sodium-potassium pumps that the glycoside cannot bind to.

But changing a vital molecule can create complications for a creature, says molecular biologist Susanne Dobler of Hamburg University in Germany. In her studies with the large milkweed bug, which feeds on milkweed seeds, she's found that the more glycoside-resistant the insect's pump becomes, the less efficient it is. And that's a problem in nerve cells, where the pump is especially critical. The bug seems to have evolved a way around the problem. In a 2023 study, Dobler and colleagues studied toxin resistance across three versions of the pump made by the creature. They learned that the most functional one, in the brain, is also the most toxin-sensitive one. The milkweed bug must have evolved other ways to safeguard the brain from glycosides, Dobler says.

She suspects that proteins called ABCB transporters are involved. These sit in cell membranes and shunt waste and other unwanted products out of cells. She has found that certain hawk moths use ABCB transporter proteins situated around their nerve tissues to shuttle cardiac glycosides out of cells. Maybe, the milkweed bug is doing something similar.

Dobler is also testing a hypothesis that many insects have ABCB transporters in the membranes of their guts, stopping toxic substances from getting into the body to begin with. That could explain how the bright red onion beetle, which feeds on glycoside-rich lily of the valley, is seemingly unfazed by the toxins and merely excretes them. Its resulting toxic feces have the benefit of repelling predatory ants, Dobler reported in 2023.

For the royal ground snakes, the liver seems to be key. From cell culture experiments, Tarvin's team has evidence that something in the snake liver protects against toxins of three-striped poison dart frogs. The team hypothesizes that the snakes have enzymes that convert the deadly substances into non-toxic forms, much as human bodies do with alcohol and nicotine. A snake's liver may also contain proteins that stick to toxins and render them unable to bind to their targets, essentially mopping them up like sponges. Scientists have discovered such 'toxin sponge' proteins in the blood of some poison frogs, enabling them to resist the deadly toxins they get from their diets.

California ground squirrels seem to use a similar trick to defend themselves against rattlesnake venom, a cocktail of dozens of toxins that destroy blood vessel walls, prevent blood from clotting and more. Ground squirrel blood contains proteins that block some of these toxins, like the proteins that rattlers use to protect themselves, should venom escape their specialized venom glands. The composition of venom differs across snake populations, and evolutionary biologist Matthew Holding of the University of Michigan has evidence that the ground squirrels' antivenom mix is tailored to match the toxins of local snakes.

Such defenses aren't bulletproof. Rattlesnakes are constantly evolving new venoms to overcome the squirrels' defenses, Holding says, and even a rattler will die if injected with enough of its own venom.

That's why animals, even resistant ones, try, as a first defensive step, to avoid toxins. Hence, the frog-dragging behaviour of ground snakes in the experiment, and the practice of some turtles to consume only the belly skin and innards of toxic newts, not the deadly back skin. Even insects like monarch caterpillars that are resistant to cardiac glycosides will, early in their lives, nick the veins of milkweed plants to drain out the toxic fluid before tucking into the plant.

### Co-opting toxins

Many animals also find ways to safely store toxic chemicals they consume and use them for their own purposes. The iridescent dogbane beetle, for example, gets cardiac glycosides by eating its host plants, then shuttles them onto its back for self-defense. "When you somehow annoy these beetles, you can see little droplets appear on their elytra," surfaces on their backs, Dobler says. Through this kind of poison co-opting, some insects become dependent on their host plants for survival. The relationship between the monarch butterfly and the milkweed plant is a prime example, and a prime example, too, of the long reach that such intertwined connections may have. In a 2021 study, evolutionary biologist and geneticist Noah Whiteman of UC Berkeley and a colleague identified four animals that have evolved to tolerate cardiac glycosides, allowing them to feed on monarchs. One is the black-headed grosbeak, a bird that feasts on monarchs in Mexico's mountaintop fir forests where the butterflies fly south to overwinter.

Think of it, Whiteman says: "A toxin that was assembled in a milkweed plant on an Ontario prairie has helped to shape the biology of a bird so that it may safely dine in a forest thousands of miles away." "It's just amazing," he says, "the journey traveled by this small molecule and the influence that it has on evolution."

Three of the four snakes survived, suggesting their bodies were capable of handling the toxins that remained. Researchers detailed the experiment in a preprint paper, which has not been peer-reviewed, posted to EcoEvoRxiv this summer.

rajeshsharma1049@gmail.com



California Ground Squirrel.



Poison Frog.

#MOVIES

# When Mr. & Mrs. '55 Quietly Changed Hindi Cinema

By the end of the year, Mr. & Mrs. '55 stood at 4th place in box-office earnings, a remarkable achievement for a film once written off as frivolous



On 29 April 1955, at Swastik Cinema, Mumbai, a film premiered that no one quite knew how to judge. It wasn't treated like a serious cinematic event. Some dismissed it as an absurd comedy, others called it a waste of money and time. Few could have imagined that this very film would go on to become a cult classic and one of the defining works of Guru Dutt. That film was *Mr.& Mrs. '55.*

### An Unusual Beginning

At the time of its release, Guru Dutt was not yet the towering auteur he would later become. In fact, Mr. & Mrs. '55 was almost not considered a 'proper' film at all. Its tone was light, its humour sharp, and its ideas dangerously modern. Critics were unsure. The premiere response was lukewarm, filled with a polite curiosity rather than excitement. The common refrain was: "Let's see what the public says." Little did they know.

### Beauty, Redefined

The film starred Madhubala, whose beauty was already legendary. Yet, Guru Dutt did something radical. This was not merely a film that worshipped her looks, it questioned the very idea of beauty.

The film was undeniably hero-centric, and another beautiful woman was deliberately placed in a side role, almost as if the film was teasing the audience: "You think you know what beauty is, but you really don't." Beauty here was layered with intelligence, independence, and vulnerability.

### Bold for Its Time

In an era dominated by Raj Kapoor's romantic idealism and Dilip Kumar's tragic intensity, Guru Dutt carved his own space. Mr. & Mrs. '55 tackled taboo themes, particularly modern marriage, women's rights, and contractual relationships, wrapped in humour and romance. The story revolved around a contract marriage: a practical arrangement between two strangers that gradually, and quite unexpectedly, turns into genuine love. The idea itself was bold, even unsettling, for a conservative society. Yet, Guru Dutt presented it with such warmth and wit that it felt revolutionary rather than offensive.




Abrar Alvi's concept of modern marriage gave the film its edge, offbeat, intelligent, and far ahead of its time.

### Casting Choices and Creative Risks

Interestingly, Guru Dutt initially wanted to cast a new actor for the male lead. Sunil Dutt was among the first choices considered. But fate intervened, and Guru Dutt decided to play the role himself, an understated, charming performance that became iconic. Supporting performances added sparkle, especially Johnny Walker, whose comic timing elevated the film's humour, and Beena Rai (often referred to as Baneeta Bhatt), who balanced glamour with grace.

### Music That Took Over the Streets

While critics hesitated, the songs told a different story. The music of Mr. & Mrs. '55 became wildly popular due to:

- O. P. Nayyar's vibrant compositions
- Lyrics by Majrooh Sultanpuri
- Voices of Mohammed Rafi and Geeta Dutt

Together, they created melodies that lingered far beyond the cinema halls. The soundtrack played on radios, in homes, and on the streets, slowly pulling audiences into theatres.

### From 'Okay' to Outstanding

Commercially, the film surprised everyone. By the end of the year, Mr. & Mrs. '55 stood at 4th place in box-office earnings, a remarkable achievement for a film once written off as frivolous. More importantly, it earned something rarer: lasting relevance. Its offbeat plot, playful yet profound storytelling, inventive direction, and unforgettable music turned it into a romantic musical hit and, eventually, a cult classic.


### The Quiet Revolution

What premiered as a modest, almost underestimated film on 29 April 1955 became a turning point. Mr. & Mrs. '55 proved that comedy could be intelligent, romance could be progressive, and cinema could question society while still entertaining it.

Guru Dutt didn't shout his revolution, he smiled, sang, and let the audience discover it on their own. And that made all the difference.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# भिवाड़ी में 1306 कंपनियों की जांच, 410 को नोटिस भेजा

**अलवर।** भिवाड़ी के खुशखेड़ा कारौली स्थित रीको भू-खंड में हाल ही में हुई फैक्ट्री में आगजनी की घटना के बाद जिला प्रशासन ने औद्योगिक इकाइयों पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। खैरथल-तिजारा की जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देश पर एक संयुक्त जांच समिति ने भिवाड़ी और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया है।

भिवाड़ी की अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र ने बताया- 17 से 19 फरवरी तक विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों ने सघन जांच की। इस अभियान के तहत रीको प्रथम इकाई ने 428 कंपनियों, रीको द्वितीय इकाई ने 355 कंपनियों, फैक्ट्री एवं बॉयलर्स विभाग ने 75 कंपनियों, राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने 250 कंपनियों, श्रम विभाग ने 50 कंपनियों और नगर परिषद भिवाड़ी ने 148 कंपनियों का



जिला प्रशासन ने औद्योगिक इकाइयों पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है।

विस्तृत निरीक्षण किया। कुल 1306 कंपनियों की जांच की गई निरीक्षण के दौरान कुल 410 कंपनियों में विभिन्न विभागीय मानकों और नियमों का उल्लंघन पाया गया। इसके परिणामस्वरूप, संबंधित विभागों ने इन

- संयुक्त जांच समिति ने किया निरीक्षण, सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर कार्रवाई

कंपनियों को नोटिस जारी किए हैं। इन इकाइयों को निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक सुधार करने और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों, पर्यावरणीय नियमों और श्रम कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य भविष्य में किसी भी दुर्घटना को रोकना और औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षित तथा नियमानुसार संचालन को बढ़ावा देना है।

## संक्षिप्त

### पीएम जनसभा की तैयारियों पर चर्चा

**अजमेर।** भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात की बैठक जिला अध्यक्ष जीतमल प्रजापत की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में 28 फरवरी को कायड़ विश्राम स्थली पर प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा की तैयारियों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आ ान किया गया। बैठक में जिला महामंत्री अर्जुन नालिया, सुभाष वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र चुंडावत, उर्मिला कुमावत, घनश्याम जांगिड़, भैरु गुर्जर, प्रेमराज जाट, कैलाश लांबा, प्रकाश रावत एडवोकेट, महेंद्र रावत, हंसराज चौधरी, देवव्रत राठौर, यज्ञप्रताप सिंह एवं गोपाल गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मौलिक ने सफलता का परचम लहराया

**मदनगंज-किशनगढ़( निस )।** होनहार छात्र ने सफलता का परचम लहराते हुए जेईई परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवारजनो सहित जैन समाज को गौरान्वित कर दिया। मौलिक पाटोदी ने जेईई में 99.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। छात्र मौलिक ने सफलता का श्रेय दादा दादी निर्मल पाटोदी-प्रेम पाटोदी, माता पिता धीरज-विभा पाटोदी व पड़े पापा पिंटू को दिया है।

### सोने 8 तोला वजनी जेवरात चोरी

**मदनगंज-किशनगढ़।** रोडवेज बस में सवार अज्ञात बदमाश यात्री के बैग से करीब 8 तोला सोने के जेवरात लेकर फरार हो गया। गांव किनसरिया निवासी कुलदीप सिंह व इनकी पत्नी रोडवेज बस में सवार होकर फागी से किशनगढ़ आ रहे थे, इस बिच अज्ञात चोर बैग में से सोने के जेवरात चुराकर चम्पत हो गया। किशनगढ़ पहुंचने पर बैग की चैन खुली हुई देख इनके पैरो तले जमीन खिसक गई, डिब्बा तो मिल गया, पर आभूषण गायब मिले। तत्काल मदनगंज थाना पुलिस के समक्ष दांस्ता बंया की। पुलिस ने प्रकरण पंजीकृत कर तप्तिश शुरू कर दी है।

## राजनीतिक दलों को सौंपी अंतिम वोटर लिस्ट

**नसीराबाद।** निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने की दिशा में शनिवार को अपराह्न 12 बजे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नसीराबाद की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की घोषणा की गई। इस अवसर पर फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची की हार्ड कॉपी तथा बिना फोटो वाली अंतिम मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि मतदाता सूची का यह अंतिम प्रकाशन आगामी चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुद्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में निर्वाचन संबंधी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सभी दलों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई।

## रास्ते में अतिक्रमण से भड़का गुस्सा, ग्रामीणों का शव रखकर प्रदर्शन

- ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने रास्ते पर कब्जा कर रखा है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण शव को रास्ते में रखे हुए प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे थे।
- ग्रामीणों के अनुसार नया गांव प्रतापपुरा निवासी सीताराम का शुक्रवार शाम को निधन हो गया था। शनिवार को जब परिजन व ग्रामीण शवयात्रा लेकर श्मशान घाट की ओर जा रहे थे, तब रास्ते में अतिक्रमण के कारण मार्ग बंद मिला

**अलवर।** अलवर के राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के नया गांव प्रतापपुरा में श्मशान घाट के रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। रास्ता अवरुद्ध होने के कारण ग्रामीणों ने शव यात्रा को बीच रास्ते में रोक दिया और मृतक का शव वहीं रखकर धरने पर बैठ गए। इससे पूरे क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

ग्रामीणों के अनुसार नया गांव प्रतापपुरा निवासी सीताराम का शुक्रवार शाम को निधन हो गया था। शनिवार को जब परिजन व ग्रामीण शवयात्रा लेकर श्मशान घाट की ओर जा रहे थे, तब रास्ते में अतिक्रमण के कारण मार्ग बंद मिला। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और श्मशान घाट का रास्ता तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग पर अड़ गए।

ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने रास्ते पर कब्जा कर रखा है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण शव को रास्ते में रखे हुए प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार कर रहे थे।

## रथ पर विराजमान होकर भ्रमण करेंगे बाबा श्याम

**नसीराबाद।** नसीराबाद शहर आज भक्ति और आस्था के रंग में रंगने जा रहा है। बाबा श्याम की तीसरी भव्य रथ यात्रा का आयोजन आज दोपहर 2:15 बजे से किया जाएगा। सुसज्जित और आकर्षक भव्य रथ पर विराजमान होकर बाबा श्याम नगर भ्रमण करेंगे तथा श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे।
रथ यात्रा नृसिंह मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, महाकाल मंदिर, पेट्रोल पंप मार्ग सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, आकर्षक झांकियां और श्याम नाम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। श्याम कृपा मंडल एवं समस्त श्याम प्रेमियों के तत्वावधान में आयोजित इस रथ यात्रा को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए हैं, पुष्प वर्षा और जलपान की विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

## सार-समाचार

### सरकारी गेहूं की काला बाजारी का भंडाफोड़

**जोजावर( पाली )।** मुख्यमंत्री के शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत शनिवार को पाली जिले के जोजावर कस्बे में चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने एक ऐसी फैक्ट्री को सीज किया है, जहाँ स्वच्छता और नियमों को ताक पर रखकर लोगों की सेहत से सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा था। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर टी. शुभमंगला के निर्देशों पर पाली सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल की टीम ने कनक फूड प्रोसेस यूनिट पर धावा बोलकर इस काले कारोबार का पर्दाफाश किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा और दिलीप सिंह यादव की टीम ने मौके पर जो देखा, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला था, कंकड़-कचरे की पिसाई, फर्श पर बिखरा हुआ कचरा, धूल और कंकड़-पत्थर गेहूं के साथ मशीन में पीसे जा रहे थे। उन्होंने बताया कि भारतीय खाद्य निगम की गेहूं की बोरियां यहाँ अवैध रूप से पहुंचाई गई थी, जिनसे श्री कृष्णा ब्रांड का आटा तैयार हो रहा था। इतना ही पूरी फैक्ट्री में चारों ओर गंदगी और मकड़ी के झाले लटके मिले। ऐसी अस्वास्थ्यकर स्थिति में बना आटा सीधे बीमारियों को न्योता दे रहा था। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री मै काम करने वाले लेबर का कोई मेडिकल टेस्ट नहीं कराया गया था। टीम ने मौके पर तैयार 1800 किलो आटा सीज कर दिया है और पूरी फैक्ट्री पर ताला जड़कर उसे सीज कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने गेहूं और आटे के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। इधर, सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने स्पष्ट कहा है कि जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वाले किसी भी मिलावटखोर को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सूने मकान में ढाई लाख की नगदी चोरी

**जोधपुर, ( कासं )।** शहर के महामंदिर पुलिस थाना क्षेत्र मारवाड़ नगर में एक सूने मकान में चोरी हो गई। परिवार के लोग जयपुर थे और घर सप्ताह भर से सूना था। शुक्रवार को यहां पहुंचे तब चोरी का पता लगा। इस बारे में महामंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने बताया कि मारवाड़ नगर महामंदिर निवासी महिम पुत्र छगनलाल कच्छवाह जेके सीमेंट फर्म से सेवानिवृत है। वे सप्ताह भर पहले अपनी माताजी से मिलने के लिए परिवार सहित जयपुर गए थे। शुक्रवार को वापिस लौटे। तब यहां आने पर चोरी का पता लगा। अज्ञात चोरों ने अलमारी बक्सों के ताले तोड़ कर सोने-चांदी के आभूषण के साथ 2.50 लाख की नगदी चुरा ले गए। घटना के संबंध में एएसआई सुरेशचंद्र जांच कर रहे है।

### युवती लाखों के जेवर लेकर चंपत

**जोधपुर, ( कासं )।** शहर के भगत की कोठी पुलिस थाना क्षेत्र सुभाष कॉलोनी में एक घर में दिनदहाड़े चोरी हो गई। घटना के समय घर खुला था और एक युवती अंदर आकर चोरी कर गई। अलमारी में रखे लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर गई। आज दोपहर बाद मौका स्थल पर एमओबी वहां पहुंची और पड़ताल आरंभ की गई। मामला आज दर्ज कराया गया। भगत की कोठी थाने के एएसआई रामनारायण ने बताया कि सुभाष कॉलोनी गली नंबर 9 निवासी जायना देवी पत्नी माणकलाल प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वह अपने पति के साथ 17 फरवरी को उज्जैन महाकाल मंदिर दर्शनार्थ गई थी। घर में उसका बेटा मौजूद था। 19 फरवरी की सुबह पौने दस बजे के आस पास बेटा ऊपरी रूम के बाथरूम में नहाने चला गया। बाद में नीचे आया तो अलमारी खुली पाई गई और उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात गायब मिले। सीसीटीवी फुटेज से पता लगा कि एक युवती उस दौरान घर को खुला पाकर दाखिल हुई थी। घर से मंगल सूत्र, कानों की टॉप्स जोड़ी- लूंग जोडिय़ां, बाळियां, चांदी के पायलें सिक्कें आदि सामान चोरी कर ले गई। एएसआई रामनारायण ने बताया कि घटना को लेकर जांच की जा रही है। एमओबी को भी बुलाया गया है। जोकि अब पड़ताल करने में जुटी है।

### प्राकृतिक गैस परियोजना शुरु

**अजमेर।** इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा अजमेर दरगाह शरीफ के लिए पाइप आधारित प्राकृतिक गैस (पीएनजी) पाइपलाइन बिछाने की परियोजना का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह पहल दरगाह क्षेत्र में स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समारोह में गैस कंपनी के क्षेत्र प्रमुख हेमंत सिंह, विपणन प्रमुख अनादी मिश्रा, उप महाप्रबंधक (परियोजना) घनश्याम पाटीदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। दरगाह के सहायक नाजिम शादाब अहमद की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने पर दरगाह परिसर में चौबीसों घंटे निर्बाध प्राकृतिक गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही आसपास के इच्छुक उपभोक्ताओं को भी पाइप आधारित प्राकृतिक गैस संयोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे लकड़ी और कोयले जैसे पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता घटेगी तथा पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना से सुरक्षा मानकों में सुधार होगा और आगंतुकों तथा स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य संरक्षण में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कंपनी ने स्पष्ट किया कि कार्य सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए और आमजन को न्यूनतम असुविधा पहुंचाते हुए किया जाएगा। जहां भी खुदाई होगी, वहां समयबद्ध पुनर्स्थापना कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। यह पहल नगर गैस वितरण तंत्र के विस्तार और देश के स्वच्छ ऊर्जा संकल्प के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

**अजमेर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के प्रशासक एवं संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने शनिवार को जयपुर स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। प्रशासक ने आदर्श विद्या मंदिर झोटवाड़ा, शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमेल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खातीपुरा तथा शहीद मेजर आलोक माथुर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झोटवाड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी करना तथा यह सुनिश्चित करना था कि परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से आयोजित हो रही है। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्राध्यक्षों से संवाद किया गया तथा वीक्षक उपस्थिति पंजिका, अभिलेख और अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा अनुशासन की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और किसी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई।

## प्रधानमंत्री मोदी यात्रा को लेकर भाजपा आईटी व सोशल मीडिया विभाग की विशेष बैठक

**अजमेर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भुनाबाय, अजमेर में शनिवार को आईटी विभाग एवं सोशल मीडिया विभाग के कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित अजमेर यात्रा के संदर्भ में सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग की जिम्मेदारियों का निर्धारण करना तथा प्रचार-प्रसार की रणनीति तय करना रहा। बैठक सायं 4 बजे आयोजित हुई, जिसमें संभाग संयोजक, सह-संयोजक, जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, साइबर योद्धा तथा पूर्व कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भुनाबाय, अजमेर में आईटी विभाग व सोशल मीडिया विभाग के कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक आयोजित की गई।

प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अरविंद शर्मा ने संवाद की प्रभावशीलता, विषयवस्तु की स्पष्टता और जनभावनाओं के अनुरूप प्रस्तुति पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया केवल प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि जनसंपर्क और विश्वास निर्माण का सशक्त उपकरण है। बैठक में आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोशल मीडिया अभियानों, डिजिटल प्रचार सामग्री, जनसंपर्क रणनीति और तकनीकी प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा एवं कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रमेश सोनी ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री की यात्रा को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सकारात्मक एवं तथ्यात्मक प्रचार को प्राथमिकता देने, सरकारी योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं की जानकारी आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने पर

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सकारात्मक एवं तथ्यात्मक प्रचार को प्राथमिकता देने, सरकारी योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं की जानकारी आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आव्हान किया

जोर दिया। जिला प्रभारी हेमंत विजयवर्गीय ने डिजिटल समन्वय, त्वरित सूचना प्रसारण और कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों के व्यवस्थित कवरेज के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बूथ स्तर तक सोशल मीडिया नेटवर्क को सक्रिय रखने, ग्राउंड रिपोर्टिंग को सुदृढ़ करने और संदेश की एकरूपता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। बैठक में जिला अध्यक्ष रमेश सोनी, जिला प्रभारी हेमंत विजयवर्गीय, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अरविंद शर्मा, विपुल गुप्ता एवं मनीष मित्तल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्लास्टिक सर्जरी से मिला नया जीवन

- सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए बुंदेरी निवासी मरीज आकाश के चेहरे का सफल पुनर्निर्माण कर चिकित्सकों ने उसे नया जीवन प्रदान किया है

**अजमेर।** अजमेर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में चिकित्सा क्षेत्र की एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए बुंदेरी निवासी मरीज आकाश के चेहरे का सफल पुनर्निर्माण कर चिकित्सकों ने उसे नया जीवन प्रदान किया है।

यह इस अस्पताल में इस प्रकार की पहली जटिल प्लास्टिक सर्जरी है। दुर्घटना में चेहरा हुआ था पूरी तरह क्षतिग्रस्त-डॉ. नेपो विद्यार्थी ने बताया कि बुंदेरी निवासी आकाश सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर चिकित्सालय लाया गया था। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मरीज के चेहरे का बाईं ओर का पूरा हिस्सा, जिसमें कान भी शामिल था, पूरी तरह से नष्ट हो गया था। स्थिति इतनी गंभीर थी कि भीतर की हड्डियां स्पष्ट दिखाई दे रही थीं। ऐसी स्थिति में सामान्यत: मरीजों को दिल्ली या मुंबई जैसे बड़े हायर सेंटर रेफर करना पड़ता था, लेकिन इस बार चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम ने यहीं ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। चिकित्सालय के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ अनिल सामरिया की प्रेरणा और मार्गदर्शन में इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी की योजना बनाई गई। उनके नैतिक समर्थन और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता ने इस जटिल ऑपरेशन को संभव बनाया। सिर के उत्तकों से किया गया। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नेपो विद्यार्थी ने अपनी टीम के साथ मिलकर मरीज के सिर के उत्तकों का उपयोग करते हुए चेहरे के बाईं ओर के हिस्से का सफल पुनर्निर्माण किया। यह प्रक्रिया अत्यंत जटिल और समय लेने वाली थी, लेकिन डॉक्टरों की विशेषज्ञता से यह सफल रही। पूरी टीम के सहयोग से मिली सफलता-इस सर्जरी की सफलता में अधीक्षक डॉ अरविन्द खरे का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके प्रशासनिक सहयोग से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। सर्जरी के दौरान निश्चेतना विभाग की डॉ दीपिका ने एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी संभाली। वहीं प्लास्टिक सर्जरी विभाग की टीम में डॉ साक्षी, डॉ अभिनव, डॉ सार्थक तथा नर्सिंग स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भिवाड़ी फैक्ट्री ब्लास्ट मामले में मुख्य आरोपी हेमंत सचदेवा दिल्ली से गिरफ्तार

- भीषण हादसे में सात मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे।
- खैरथल-तिजारा एसपी मनीष कुमार ने जानकारी दी कि शुरुआती एफआईआर में प्लॉट मालिक राजेंद्र कुमार का नाम था, लेकिन हेमंत सचदेवा का नाम शामिल नहीं था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान उसका नाम सामने आने के बाद पुलिस ने उसे मुख्य आरोपी के रूप में चिह्नित कर गिरफ्तार किया।

**अलवर।** राजस्थान के भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा कारौली औद्योगिक क्षेत्र में 16 फरवरी को हुए अवैध पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी हेमंत सचदेवा को गिरफ्तार कर लिया है। इस भीषण हादसे में सात मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे।

एसपी मनीष कुमार ने बताया- हेमंत सचदेवा को दिल्ली स्थित उसके घर से दबिश देकर पकड़ा है और फिर भिवाड़ी लाया गया। इससे पहले, पुलिस ने फैक्ट्री संचालक हेमंत कुमार शर्मा और सुपरवाइजर अभिनंदन तिवारी को घटना के दूसरे ही दिन गिरफ्तार कर लिया था। खैरथल-तिजारा एसपी मनीष कुमार ने जानकारी दी कि शुरुआती एफआईआर में प्लॉट मालिक राजेंद्र कुमार का नाम था, लेकिन हेमंत सचदेवा का नाम शामिल नहीं था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान उसका नाम सामने आने के बाद पुलिस ने उसे मुख्य आरोपी के रूप में चिह्नित कर गिरफ्तार किया। हेमंत सचदेवा को शनिवार को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने उसका रिमांड मांगा है।

एसपी ने आगे बताया- जांच में इस पूरे नेटवर्क से जुडे कुछ अन्य लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी। हेमंत सचदेवा ने पूछताछ में कई अन्य ठिकानों के बारे में भी जानकारी दी है, जहां पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं। यह मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि जांच में कुछ पुलिसकर्मियों की संदिग्ध भूमिका सामने आई है। भिवाड़ी डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम में तैनात हेड कॉन्स्टेबल योगेश कुमार शर्मा (जो गिरफ्तार हेमंत कुमार शर्मा का भाई है और भिवाड़ी डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम प्रभारी मुकेश वर्मा की भूमिका पर जयपुर विजिलेंस टीम जांच कर रही है। इस संबंध में भिवाड़ी डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम विंग को भंग कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि यह फैक्ट्री अवैध रूप से पटाखे बना रही थी। इस हादसे के बाद, अवैध पटाखा निर्माण और भंडारण के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे की घोषणा भी की है।

## राज्यपाल ने ग्रामीणों से संवाद किया

**नागौर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को मेड़ता प्रवास के दौरान ठाम पांचडोलियां पहुंचे। वहाँ उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणजनों के लिए क्रियान्वित विकास योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें विकास में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान राज्यपाल ने राजस्थानी प्रवासी दरड़ा परिवार को अपनी जन्मभूमि के लिए विकास कार्य हेतु प्रेरित किया। राज्यपाल की प्रेरणा से महाराष्ट्र में लोकमत संचार समूह के प्रवासी विजय दरडा परिवार ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भवन व कमरा निर्माण करवाने के लिए सहमति प्रदान करते हुए इसके लिए मौके पर ही घोषणा की। राज्यपाल बागडे ने कहा कि गांवों का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रवासी आगे आकर इसमें सहयोग कर सकते हैं, उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने दरड़ा परिवार का आभार जताया। मेड़ता प्रवास के दौरान राज्यपाल बागडे पूर्व की केंद्रीय मंत्री व किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी के आग्रह पर उनके धाधलास उदा गांव भी पहुंचे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर युवा शौर्य रैली निकाली

**अजमेर।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में युवा शौर्य रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी राष्ट्र अपनी संस्कृति और मूल्यों की रक्षा करते हुए ही सशक्त बना रहता है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने राष्ट्रीय भावना, स्वाभिमान और स्वराज की चेतना को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने राजस्थान और महाराष्ट्र की वीर परंपराओं का उल्लेख करते हुए महाराणा प्रताप और शिवाजी महाराज के योगदान को राष्ट्र गौरव का प्रतीक बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। युवा शौर्य रैली में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में धनश्री एवं उनकी टीम ने मराठी



छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में युवा शौर्य रैली निकाली गई।

देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया, जबकि प्रीति प्रकाश एवं उनकी टीम ने अफजल खान वध प्रसंग पर आधारित लघु नाट्य प्रस्तुति दी। कुलसचिव अमरदीप शर्मा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर गजानंद जोरे ने कुलपति का स्वागत किया।

- शिवाजी महाराज ने राष्ट्रीय भावना को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने राजस्थान और महाराष्ट्र की वीर परंपराओं का उल्लेख करते हुए महाराणा प्रताप व शिवाजी महाराज के योगदान को राष्ट्र गौरव का प्रतीक बताया।

# पुलिस कमिश्नर ने की जनसुनवाई

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को सामुदायिक केंद्र श्रीराम नगर कॉलोनी सांगानेर (नगर निगम कार्यालय सांगानेर के पीछे) में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशंस राहुल प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रथम मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व एवं सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।


## तीये की बैठक



हमारे पूजनीय **श्री महेश कुमार बुडानिया** (पुत्र स्व. रिछपाल जी चौधरी) का स्वर्गवास दिनांक 20.02.2026 को हो गया है। तीये की बैठक रविवार, 22.02.2026 को सांय 4:00 से 5:00 बजे तक हमारे निवास स्थानः प्लॉट नं. 202, बसन्त विहार, सेन्ट टेरेसा स्कूल के पास, निवारू रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर पर होगी।
**शोकाकुलः** कमला बुडानिया (धर्मपत्नी), रामप्रताप बुडानिया (भ्राता), मोहित, मुकुल (पुत्र), मनोज, मुकेश, मनीष (भतीजे) एवं समस्त बुडानिया परिवार। मो. 9898910930

## NAME CHANGE

I have changed my name from JAI PRAKASH to JAI PRAKASH KUMAWAT for all purposes R/o 2651 Darjiyon ka Choraha Khajane walon ka rasta Jaipur

I, R VIJAYABHARATHI spouse of No. 8037526F Nk(SS) Seenivasan S R/o Vill: T Kallupatti, Po:T Kallupatti, Teh: Peraiyur, PS: T Kallupatti, Dist: Madurai, State: Tamil Nadu, PIN: 625702 have changed my name from R VIJAYABHARATHI to VIJAYA BHARATHI R Vide affidavit No. CE884087 Date 21/02/2026 (Jaipur)

I, S RAJATHI mother of No. 8037526F Nk(SS) Seenivasan S R/o Vill: T Kallupatti, Po:T Kallupatti, Teh: Peraiyur, PS: T Kallupatti, Dist: Madurai, State: Tamil Nadu, PIN: 625702 have changed my name from S RAJATHI to RAJATHI S Vide affidavit No. CE 884086 Date 21/02/2026 (Jaipur)

**आम सूचना** दिनांक-21.02.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य राजेन्द्र कुमार मुंडोतिया पुत्र स्व. श्री गणपत राम मुंडोतिया निवासी सी-7, दाधिची नगर रोड नम्बर-5, मुरलीपुरा, जयपुर (राज.) की पुत्री लक्ष्मी मुंडोतिया मेरे अभिभाष्य के कहने सुनने मे नही है आज के बाद उससे मेरे अभिभाष्य एवं उसके परिवार का कोई सम्बन्ध नही रहेगा, मेरा अभिभाष्य उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है।
जयपुर (महावीर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक-21/2/26 मो.-9828430998

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
**व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 02/2026**
**विषयः उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र (प्रोबेट, लेटर ऑफ एड एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र)।**
**प्रार्थी-नाम अजय बैरवा पुत्र रामजीलाल जाति बैरवा**
**विवाद स्थान सांगानेर**
**मृतक स्व. ग्यारसी देवी की सम्पत्ति के विषय में।**
**पेशी दिनांक 25/2/26**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. ग्यारसी देवी पत्नी गौरी शंकर जाति बैरवा निवासी 59-ए, भैरव कॉलोनी, सुशान्त गार्डन के पास, सांगानेर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 25/2/26 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 12/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
हस्ताक्षर
**रीडर**
(न्यायालय की मोहर) अपर जिला एवं सैशन, संख्या-11, जयपुर, मुख्यालय सांगानेर

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# सरकार के 2 साल के कामकाज पर चर्चा के बजाय कांग्रेस का सदन में हंगामा व वॉकआऊट

## विपक्ष की नारेबाजी और विरोध के कारण स्पीकर को पांच बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी

- **नेता प्रतिपक्ष और विपक्ष के किसी विधायक ने चर्चा में हिस्सा नहीं लिया, मुख्यमंत्री ने जवाब देते हुए कांग्रेस को घेरा तो 20 मिनट में ही सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करके बाहर चले गए**

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर** । राजस्थान विधानसभा में शनिवार को सरकार के दो साल के कामकाज के प्रतिवेदन पर चर्चा के बजाय विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष ने "दो साल बनाम पांच साल" पर बहस कराने की मांग की, जबकि सत्ता पक्ष केवल 2 साल के प्रतिवेदन पर चर्चा कराने पर अडा रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विवाद इतना बढ़ा कि कांग्रेस विधायक वैल में आ गए और नारेबाजी करने लगे। देखते हुए देखते हंगामा और विवाद इतना बढ़ा कि स्पीकर वासुदेव देवनानी को सदन की कार्यवाही 5 बार स्थगित करनी पड़ गई। नेता प्रतिपक्ष और विपक्ष से किसी विधायक ने सदन में चर्चा नहीं की, जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जवाब देते हुए कांग्रेस को घेरा तो विपक्षी विधायक करीब 20 मिनट में ही सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करके बाहर चले गए।

दरअसल शनिवार को संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने विधानसभा में सरकार के 2 साल के कार्यकाल के प्रतिवेदन पर चर्चा का प्रस्ताव रखा। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आपत्ति जताते हुए कहा कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) में "पांच साल बनाम दो साल" पर बहस कराने का निर्णय हुआ था। केवल 2 साल के प्रतिवेदन पर चर्चा करना तय व्यवस्था के खिलाफ है। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल और सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने विपक्ष की आपत्तियों को खारिज कर दिया।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गत 5 फरवरी को मुख्यमंत्री के सदन में बयान का हवाला देते हुए कहा कि बहस "2 साल बनाम 5 साल" पर चर्चा करवाने की सीएम ने घोषणा की थी। यहां इस प्रस्ताव से मुख्यमंत्री की बेइज्ज्जती हो रही है। जब मुख्यमंत्री की बात की ही वैल्यू नहीं है तो फिर हमारा क्या मतलब है? डोटासरा के इस बयान के कारण सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लंबी नोकझोंक हुई। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल पटेल और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा के बीच नोकझोंक होने के बाद भारी हंगामा हुआ। इसी बीच कांग्रेस विधायकों ने वैल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी।हंगामे के बीच कांग्रेस और भाजपा विधायकों ने एक-दूसरे पर बहस से भागने का आरोप लगाया।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार के मंत्री बहस से भागकर इसका इल्जाम हम पर डालना चाहते हैं। बहस करें तो "5 साल बनाम 2 साल" का प्रस्ताव रखिए, केवल 2 साल का ही प्रस्ताव क्यों रखा? हंगामे के बीच मंत्री अविनाश गहलोत और जवाहर बेढम ने कहा कि कांग्रेसी कायर हैं, ये बहस से भागना चाहते हैं। इस दौरान कांग्रेस विधायक वेल में नारेबाजी करते रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हंगामे के बीच 3 बजकर 27 मिनट पर सदन की कार्यवाही को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया।

इसके बाद सदन की कार्यवाई दोबारा आधे घंटे के लिए 4 बजकर 37 मिनट तक स्थगित कर दी गई। इसके बाद कार्यवाही तीसरी बार 5 बजे तक के लिए स्थगित की गई। शाम 5 बजे कार्यवाही शुरू होने पर भी हंगामा जारी रहा। इस दौरान स्पीकर ने भाजपा विधायक अतुल भंसाली का नाम बहस के लिए पुकारा, लेकिन शोरगुल के बीच 9 मिनट बाद ही सदन को 5:45 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। तत्पश्चात 5:45 बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरु होने पर विपक्ष का हंगामा नहीं रुका तो विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही पांचवीं बार 6 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद जैसे ही पुनः सदन की कार्यवाही शुरू हुई और कांग्रेस का हंगामा बरकरार रहा तो स्पीकर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नाम चर्चा के लिए पुकारा। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस के कार्यकाल पर जमकर कटाक्ष करते हुए उनके कार्यकाल को जीरो बताया। उन्होंने यहां तक कहा कि, कांग्रेस के पास कोई जवाब नहीं है, अगर इस चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री भाग लेने आते तो बात बनती। परंतु कांग्रेस ने कुछ काम किया ही नहीं तो चर्चा किस पर करें। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि विपक्ष के लोगों ने हमें चुनौती दी थी, उस चुनौती को हमने स्वीकार किया। उसी के तहत सदन में प्रस्ताव लाया गया। कांग्रेस का तो कॉलम ही खाली है। हमने दो साल के कार्यकाल में ही संकल्प पत्र 2023 के कुल 352 बिंदुओं में 285 बिंदुओं की क्रियान्वित कर ली है। पूर्व सीएम मैदान में आकर बहस करते तो पता लगता कि पांच साल बनाम दो साल क्या होते है।

सीएम ने कहा कि, कांग्रेस राज के काम जीरो है, ये बहस क्या करेंगे, इनके राज के कामों के कॉलम खाली हैं। अगर ये काम करते तो देश में से ऐसे नहीं सिमट जाते। जिस तरह से इन्होंने काम किया है। इन्होंने केवल भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के लिए कुछ नहीं किया। इसी बीच कांग्रेस विधायकों ने मुख्यमंत्री के जवाब के बीच में ही 20 मिनट तक हंगामा करने के बाद सदन का बहिष्कार करके बाहर चले गए।

# वाजपेयी पर आधारित पहली कॉफी टेबल बुक का विमोचन

**जयपुर ( कासं )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय संस्कृति के शिखर राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने कहा कि मैं वह अत्यंत सौभाग्यशाली हूं कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को निकट से देखने और उनके साथ समय बिताने का अवसर प्राप्त हुआ। अटलजी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने अपने विचारों, आचरण और कार्यों से लोकतंत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।





**भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर आधारित पहली कॉफी टेबल बुक का विमोचन शनिवार को नई दिल्ली में हुआ।**

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर आधारित पहली कॉफी टेबल बुक का विमोचन शनिवार को नई दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, जनपथ में हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, हरियाणा के राज्यपाल प्रो. आशिम कुमार घोष तथा प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ डॉ. एम. एम. जोशी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, राज्यपाल प्रो. आशिम कुमार घोष एवं डॉ. एम. एम. जोशी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि यह कॉफी टेबल बुक अटल बिहारी वाजपेयी के सार्वजनिक जीवन, सुशासन, कूटनीतिक दृष्टि एवं साहित्यिक व्यक्तित्व को चित्रों एवं दुर्लभ दस्तावेजों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से महिला की मौत

**जयपुर।** हरमाड़ा इलाके में शनिवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सड़क किनारे खड़े महिला और उसके भतीजे को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली एक बाइक, पतासी के ठेले और दो बिजली के खंभों को भी तोड़ते हुए जा घुसी। चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। थानाधिकारी उदय यादव ने बताया कि हरमाड़ा थाने के सामने नानकी और उसका भतीजा मुकेश बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान पैर में दर्द होने के कारण नानकी की बहन पीछे-पीछे पैदल आ रही थी। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे टोडी मोड़ की ओर से पत्थरों से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली आई। सामने आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई।

बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खड़ी नानकी और उसके भतीजे मुकेश को जोरदार टक्कर मारते हुए एक बाइक और पतासी के ठेले को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद वाहन दो बिजली के पोल तोड़ते हुए जाकर रुका। हादसे में नींदड़ मोड़ निवासी नानकी देवी (60) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मुकेश सैन (28) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया।


**कार्यालय नगर पालिका दूदू जिला जयपुर**
**आपत्ति सूचना**
क्रमांक-न.पा.दु./2025-26/1026 दिनांक-20/02/2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका में निम्नानुसार आवेदकों ने अपने स्वामित्व दस्तावेजों के साथ आबादी भूमि (69क) नियमन हेतु आवेदन किया है।

| क्र. स. | आवेदक का नाम | पता | नाप (वर्गमीटर में) |
|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि श्री नरेन्द्र, जाति खटीक | आवासीय भूखण्ड संख्या 73, लक्ष्मी नगर, मालपुरा रोड दूदू, तहसील दूदू, जिला जयपुर (राज.) | 125.41 |
| 02 | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि श्री नरेन्द्र, जाति खटीक | आवासीय भूखण्ड संख्या 81 लक्ष्मी नगर, मालपुरा रोड दूदू, तहसील दूदू, जिला जयपुर (राज.) | 125.41 |

अतः उपयुक्त आवेदकों के पक्ष में आबादी भूमि नियमन जारी करने बावत किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज इस सूचना के जारी होने से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर दें बाद मियाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सूचना में अंकित अवधि पश्चात पत्रावलियों के निस्तारण की कार्यवाही की जावेगी।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 20/02/2026 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका दूदू जिला जयपुर

**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**
**सार्वजनिक सूचना**
क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2025-26/23191 दिनांक : 10.02.2026
संजय नगर फेज - 11 योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 6 क्षेत्रफल 230.03 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण पट्टा विलेख क्रमांक 15473 दिनांक 21.11.2013 नगर सुधार न्यास, भरतपुर द्वारा श्रीमती शकुन्तला पत्नी श्री राजेन्द्र प्रसाद जाति स्वामी ( ब्राह्मण ) निवासी - संजय नगर कॉलोनी, भरतपुर के नाम जारी किया गया। श्रीमती शकुन्तला की मृत्यु दिनांक 27.02.2021 को हो चुकी है। तहसीलदार द्वारा जारी परिवार सूची अनुसार श्रीमती शकुन्तला के वारिसान् श्री राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री सोनीराम, श्रीमती तनु स्वामी, श्रीमती मनीषा स्वामी पुत्रीयान् श्री राजेन्द्र प्रसाद, श्री इन्द्र कुमार स्वामी, श्री यशपाल स्वामी पुत्रान् श्री राजेन्द्र प्रसाद हैं। श्री राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री सोनीराम, श्रीमती तनु स्वामी, श्रीमती मनीषा स्वामी पुत्रीयान् श्री राजेन्द्र प्रसाद ने जरिये रजिस्टर्ड रिलीजडीड दिनांक 11.12.2025 के द्वारा अपने हक का परित्याग श्री इन्द्र कुमार स्वामी, श्री यशपाल स्वामी पुत्रान् श्री राजेन्द्र प्रसाद के हक में कर दिया। आवेदकान् श्री इन्द्र कुमार स्वामी व श्री यशपाल स्वामी पुत्रान् श्री राजेन्द्र प्रसाद जाति स्वामी ( ब्राह्मण ) निवासीयान्- संजय नगर, भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं।
भूखण्ड संख्या 6, संजय नगर फेज-11, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 6, संजय नगर, फेज-11, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
प्रभारी अधिकारी
स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर


# राजस्थान में 'होमस्टे योजना-2026' लागू

## पर्यटन और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा मिलेगा

**जयपुर ( कासं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' और 'ईज ऑफ लिविंग' की अवधारणा को जमीनी स्तर पर लागू करते हुए पर्यटन क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत प्रदेश में 'राजस्थान होमस्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) योजना-2026' को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव (पर्यटन) प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के विजन के अनुरूप यह योजना पर्यटन विकास, ग्रामीण आय में वृद्धि और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के डिरेगुलेशन 2.0 उपायों और 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' की भावना के अनुरूप योजना को सरलीकृत किया गया है।

योजना के तहत होमस्टे खोलने की प्रक्रिया को पहले की तुलना में अधिक सरल, तेज और किफायती बनाया गया है। अब सिंगल-विंडो सिस्टम, कम दस्तावेज और आसान पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी। पहले जहां कई विभागों की अनुमति और अधिक कागजी कार्यवाही करनी पड़ती थी, अब लाइसेंस प्रक्रिया को कम कर डिजिटल और समयबद्ध स्वीकृति की व्यवस्था की गई है।

नई व्यवस्था के अनुसार राज्य के निवासी अपने घर या संपत्ति के कुछ कमरों को पर्यटकों के ठहरने के लिए उपलब्ध करा सकेंगे। इससे छोटे निवेशक, ग्रामीण परिवार और महिला उद्यमी सीधे पर्यटन गतिविधियों से जुड़ सकेंगे। सरकार का मानना है कि इससे स्थानीय लोगों को अतिरिक्त आय का स्त्रोत मिलेगा और पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति और जीवनशैली का अनुभव मिलेगा।

योजना के तहत प्रति आवासीय इकाई अनुमत कमरों की अधिकतम संख्या पांच से बढ़ाकर आठ कर दी गई है, जबकि अधिकतम 24 बेड की अनुमति होगी। इससे आवास क्षमता बढ़ेगी, लेकिन होमस्टे का पारिवारिक स्वरूप भी सुरक्षित रहेगा।

पूर्व में लागू वह शर्त, जिसके तहत संपत्ति स्वामी या परिवार के सदस्य का उसी परिसर में निवास अनिवार्य था, अब समाप्त कर दी गई है। अब संचालन संपत्ति स्वामी, लीजधारी या निर्धारित मानकों के अनुसार नियुक्त केयरटेकर द्वारा किया जा सकेगा।

पंजीकरण प्रक्रिया को शीघ्र ही पूर्णतः ऑनलाइन किया जाएगा। आवेदन मिलने के सात कार्य दिवस के भीतर अस्थायी पंजीकरण जारी किया जाएगा, जिससे संचालन प्रारंभ किया जा सकेगा। तीन माह के भीतर निरीक्षण के बाद स्थायी पंजीकरण प्रदान किया जाएगा, जिसकी वैधता दो वर्ष होगी। यदि निर्धारित समय में प्रमाणपत्र जारी नहीं होता है, तो आवेदन स्वतः पंजीकृत माना जाएगा।

पंजीकरण पर्यटन विभाग के स्थानीय कार्यालयों और पर्यटक स्वागत केंद्रों के माध्यम से किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकेन्द्रीकृत क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। योजना के अनुसार प्रत्येक होमस्टे रिहायशी परिसर में संचालित होगा और प्रत्येक किराये के कमरे में अटैच बाथरूम, स्वच्छता, जल एवं विद्युत आपूर्ति, वेंटिलेशन और अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होगा। विदेशी पर्यटकों की सूचना संबंधित प्राधिकरण को देना और अतिथि पंजिका का सात वर्ष तक संधारण भी आवश्यक होगा।

# फैमिली पैंशन पर जवाब मांगा

**जयपुर ( कासं )।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मृत शिक्षक की पत्नी को 25 साल बाद भी समान फैमिली पेंशन की राशि देने पर प्रमुख शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सहित अलवर डीईओ को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश कमला देवी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

# पतंजलि विश्वविद्यालय में "योगधर्म से युगधर्म" थीम पर वार्षिकोत्सव

**हरिद्वार ( कासं )।** हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक एवं शैक्षिणक महोत्सव "अभ्युदय 2026" का आयोजन अत्यंत गरिमा, आध्यात्मिक उल्लास और राष्ट्रगौरव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन प्राचीन गुरुकुल परंपरा और आधुनिक शिक्षा के सजीव समन्वय का प्रतीक बनकर उभरा। इस वर्ष अभ्युदय कार्यक्रम की थीम "योगधर्म से युगधर्म" रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने "योगधर्म से युगधर्म" नाट्य प्रस्तुति से अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



**पतंजलि विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक एवं शैक्षिणक महोत्सव "अभ्युदय 2026" का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।**

पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सब उस पतंजलि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं जो पूरी दुनिया का संस्कृति का सबसे बड़ा केंद्र है। आप सभी इस ऋषि संस्कृति के ध्वजवाहक बनकर इस अनुष्ठान को आगे बढ़ा रहे है। नाट्य प्रस्तुति देखकर उन्होंने कहा कि आज एक षड्यंत्र के तहत विश्वगुरु भारत को लेकर कई भ्रामक रील्स चल रही हैं, लेकिन भारत विश्वगुरु था, है और हमेशा विश्वगुरु रहेगा। वो शक्ति, शौर्य, वीरता, पराक्रम और हृदय की विकल्ता कि विकल्प रहित संकल्प, अखण्ड-प्रचण्ड पुरुषार्थ, बड़ी सोच, कडी मेहनत और पक्के इरादे के साथ चरैवेति-चरैवेति हम आगे बढ़ेंगे और भारत को इसका खोया हुआ गौरव दिलाकर रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परमार्थ आश्रम, ऋषिकेश के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द मुनि महाराज ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय एक अद्वितीय साधना-स्थली है। योग केवल वैश्विक लोकप्रियता का विषय नहीं है, यह राष्ट्र निर्माण का आधार है। पतंजलि विश्वविद्यालय एक संकल्प है जिसमें स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण महाराज का तप निहित है। यह तो अभी शुरूआत है, यह यात्रा बहुत लम्बी चलेगी। आध्यात्मिक मार्गदर्शिका साध्वी भगवती सरस्वती, विशिष्ट अतिथि संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. बृजभूषण ओझा और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. श्रीनिवास वरखेड़ी ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे। कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने नाट्य प्रस्तुति के सफल आयोजन के लिए साध्वी देवप्रिया का धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्य वक्ता के रूप में सनातन संस्कृति के उद्घोषक महामण्डलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि इन दोनों महापुरुषों ने योग-आयुर्वेद को विश्व पटल पर पहुँचाया। कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय की कुलानुशासिका एवं मानविकी संकायाध्यक्षा साध्वी देवप्रिया, स्वामी एम. लाल महाराज, परमार्थ निकेतन ऋषिकेश से आध्यात्मिक मार्गदर्शिका साध्वी भगवती सरस्वती, आचार्यकुलम् की उपाध्यक्षा बहन ऋतम्भरा, पतंजलि क्रय समिति की अध्यक्षा बहन अंशुल, संप्रेषण विभागाध्यक्षा बहन पारूल, कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय की डीन डॉ. शिवानी, लाल महाराज, कुलपति डॉ. दिनेश शास्त्री, आई.ए.एस. प्रशांत राय, प्रति कुलपति डॉ. मयंक अग्रवाल, पतंजलि योग समिति के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी भाई राकेश कुमार एवं स्वामी परमार्थ देव, हरियाणा योग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य, मुख्य महाप्रबंधक ब्रिगेडियर टी.सी. मल्होत्रा, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, आचार्यकुलम् की प्राचार्या डॉ. स्वाति, पतंजलि हर्बल डिविजन की विभागाध्यक्षा डॉ. वेदप्रिया आर्य, ओडीएल निदेशक डॉ. सत्येन्द्र मित्तल उपस्थित रहे।


मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान

**विशेष गहन पुनरीक्षण -2026**

**21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन**

**मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पश्चात राजस्थान में मतदाताओं की स्थिति**

| पुरूष | महिला | ट्रांसजेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| 2,69,57,881 | 2,45,61,486 | 562 | 5,15,19,929 |

प्रारूप सूची की तुलना में अंतिम मतदाता सूची में 10,48,605 मतदाताओं की हुई वृद्धि

मतदाता सूची में अपना नाम जांचने के लिए QR कोड स्कैन करें
अथवा
https://voters.eci.gov.in पर लॉग इन करें ।

मतदाता सूची में नाम जुडवाने की प्रकिया अनवरत जारी

✓ मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में नाम आने से वंचित रहे पात्र व्यक्ति फॉर्म-6 मय घोषणा पत्र ( संलग्नक-IV ) में आवेदन करें ।

✓ मतदाता सूची में अपनी प्रविष्टियों में सुधार हेतु फॉर्म -8 भर सकते हैं ।

फॉर्म -6 एवं फॉर्म -8 ऑनलाईन भरने के लिए
ECINet App अथवा
https://voters.eci.gov.in पर लॉग इन करें ।
या QR कोड स्कैन करें

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ERO) के निर्णय के विरुद्ध धारा 24( क ) के तहत जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रथम अपील की जा सकती है तथा जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के विरुद्ध धारा 24( ख ) के अंतर्गत द्वितीय अपील, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) के समक्ष की जा सकती हैं ।

★ समस्त आँकड़े अन्ता विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर हैं, अन्ता के लिए अंतिम प्रकाशन 12 मार्च 2026 को किया जाएगा।

Follow us on: CEORAJASTHAN

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान
https://election.rajasthan.gov.in/

हेल्पलाइन 1950

राजस्थान संवाद



कुछ फ्रेंचाइजी का स्वामित्व भारतीयों के पास है। माना जा रहा है कि ये फ्रेंचाइजी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नीलामी में नहीं खरीदेंगी।

– हैरी ब्रूक

इंग्लैंड के कप्तान, पाकिस्तानी खिलाड़ियों की नीलामी को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ मिशेल मार्श



**ओमान** के खिलाफ अपने आखिरी ग्रुप स्टेज टी20 विश्व कप मैच में जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने अपने अभियान को एक चूके हुए अवसर के रूप में गंवाने पर अफसोस जताया और कहा कि ड्रेसिंग रूम अपने प्रदर्शन से बेहद निराश है। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पालेकेले में ओमान को करारी शिकस्त देते हुए एक बड़ी जीत हासिल की और दो जीत और दो हार के साथ अपने अभियान का शानदार अंत किया। शायद बस एक छूटे हुए अवसर का एहसास है (उनके मन में अभी क्या चल रहा है, इस बारे में बात करते हुए)।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 297 रन (2024) का सर्वोच्च स्कोर बनाया है, जो पूर्ण सदस्य देशों में सबसे बड़ा है।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP

## आज के मैच

श्रीलंका व इंग्लैण्ड के बीच शाम 3 बजे

भारत व दक्षिण अफ्रिका के बीच शाम 7 बजे

## बाबर आजम के खराब स्ट्राइक रेट पर पाक कोच का खुलासा

नई दिल्ली, 21 फरवरी। पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने शुक्रवार को इन दावों को खारिज किया कि तेज गेंदबाज शाहीद अफरीदी को नामीबिया के खिलाफ मैच से बाहर करने और बाबर आजम को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजने का फैसला टी20 विश्व कप में भारत से मिली हार के कारण नहीं लिया गया था। भारत ने टी20 विश्व कप के मैच में पाकिस्तान को 61 रन से हराया था। अफरीदी ने आखिरी ओवर में 15 रन दिये थे जबकि बाबर पांच रन बनाकर आउट हो गए थे।

हेसन ने मीडिया से बातचीत में कहा ,"ऐसी बात नहीं है (शाहीन को बाहर करने और बाबर को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजने का फैसला भारत से हार के कारण लिया गया)। तेज गेंदबाज सलमान मिर्जा को भी मौका मिलना चाहिये था।" उन्होंने कहा ," यह खिलाड़ियों की भूमिकाओं को लेकर लिया गया फैसला था।" हेसन ने कहा ," बाबर को बखूबी पता है कि विश्व कप में पावरप्ले में उसका स्ट्राइक रेट सौ से कम है। हमें उससे ऐसा प्रदर्शन नहीं चाहिये।वह मध्यक्रम में अच्छा खेलता है और अमेरिका के खिलाफ हमने देखा। एक बार क्रीज पर जमने के बाद वह स्ट्राइक रेट बढा सकता है।

## भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को 17 रनों से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती





एडिलेड, 21 फरवरी। शनिवार को एडिलेड में खेले गए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को 17 रनों से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। स्मृति मंधाना ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया, वहीं श्री चरानी और श्रेयांका पाटिल ने गेंद से भारतीय महिला टीम के लिए बेहतरीन गेंदबाजी की। स्मृति मंधाना को 55 गेंदों पर खेली गई 82 रनों की निर्णायक पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, श्री चरानी और श्रेयांका पाटिल के तीन-तीन विकेटों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया 159 रनों के स्कोर पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल और बेथ मूनी ने अपनी टीम को तेज शुरुआत देते हुए पहले ही ओवर में रेणुका सिंह के ओवर में 18 रन बनाए। पहले ओवर में शानदार शुरुआत के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया अगले ओवरों में लड़खड़ा गई। दूसरे ओवर में पाटिल ने वोल को पांच गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट कर दिया।

विकेटकीपर-बल्लेबाज बेथ मूनी अगले ओवर में रेणुका की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर चरानी के हाथों कैच आउट हो गईं। ऑस्ट्रेलिया ने अपना तीसरा विकेट एलीसे पेरी के रूप में खो दिया, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना 350वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही थीं। यह विकेट पाटिल के चौथे ओवर में आया, जिससे मेजबान टीम 3.3 ओवर में 32/3 पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले की शुरुआत 44/3 के स्कोर पर की। ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से एशले गार्डनर एकमात्र बल्लेबाज रहीं जिन्होंने 45 गेंदों में 57 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, वह 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर अरुंधति रेड्डी द्वारा फेंकी गई गेंद पर आउट हो गईं, जिससे ऑस्ट्रेलिया 15.5 ओवर में 128/6 पर सिमट गई। ग्रेस हैरिस, सोफी मोलिनक्स और एनाबेल सदरलैंड भी कुछ खास योगदान नहीं दे सकीं और ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी 159/9 पर समाप्त की, जो लक्ष्य से 17 रन कम थी।इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। मंधाना और शेफाली ने भारतीय महिला टीम के लिए पारी की शुरुआत की। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को पहले ओवर में लय हासिल करने में मुश्किल हुई, उन्होंने चार वाइड गेंदें फेंकीं और स्मृति मंधाना ने कवर ड्राइव से चौका लगाया। भारत ने अच्छी शुरुआत की और दो ओवर में 14/0 के स्कोर पर पहुंच गई। हालांकि, 2.4 ओवर में भारत का पहला विकेट शेफाली के रूप में गिरा, जब स्कोर 19/1 था। मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने पावरप्ले का अच्छा उपयोग करते हुए पहले छह ओवरों के बाद टीम का स्कोर 54/1 तक पहुंचाया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में सोफी मोलिनक्स ने 14 रन दिए।

पावर प्ले समाप्त होने के बाद दोनों बल्लेबाजों ने रन रेट को बरकरार रखा और 10 ओवरों के बाद भारत 86/1 के स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में था। मंधाना ने 12वें ओवर में ब्राउन को छक्का लगाकर 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

15वें ओवर में जेमिमा का कैच फीबी लिचफील्ड ने एक्स्ट्रा कवर पर छोड़ दिया, हालांकि उन्होंने डाइव लगाकर कैच लपक लिया। 15वें ओवर के अंत में भारत का स्कोर 127-1 था। 16वें ओवर की पहली गेंद पर एनाबेल सदरलैंड ने छक्का लगाया और मंधाना की पारी समाप्त हो गई। मंधाना ने 55 गेंदों में 82 रन बनाए। ओपनर पूरी पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए लगभग हर ओवर में चौके लगाए। धीमी शुरुआत के बावजूद, उन्होंने 149.09 के स्ट्राइक रेट से अपनी पारी समाप्त की, जिसमें आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे।

## पाकिस्तान-न्यूजीलैंड सुपर-8 मैच बारिश में धुलाः दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले



कोलम्बो, 21 फरवरी। सुपर-8 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया है। शनिवार शाम 6:30 बजे पाकिस्तान के कप्तान सलमान आगा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लेकिन, मैच शुरू होने से पहले बारिश आ गई।

करीब ढाई घंटे के इंतजार के बार मैच रेफरी ने इसे रद्द कर करने का फैसला लिया। ऐसे में दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिए। इस टूर्नामेंट में दूसरा मैच रद्द हुआ है। इससे पहले जिम्बाब्वे और आयरलैंड का मैच रद्द हुआ था।

पहला सुपर-8 मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को एक-एक अंक मिले हैं। यहां से सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दोनों टीमों को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। दोनों टीमों को इंग्लैंड और श्रीलंका से खेलना है।

## अभिषेक के फॉर्म की चिंता न करें, मुझे अपने गेंदबाजों पर गर्व - सूर्या कुमार



अहमदाबाद, 21 फरवरी। टी-20 वर्ल्ड कप के तीन मैचों में बिना खाता खोले आउट हुए टीम इंडिया के ओपनर अभिषेक शर्मा के सपोर्ट में कप्तान सूर्यकुमार यादव का बयान आया है।

शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सूर्या बोले, अभिषेक शर्मा का फॉर्म चिंता का विषय नहीं है। मुझे चिंता उन लोगों की है, जो अभिषेक की चिंता कर रहे हैं। मुझे फिक्र उन टीमों की है, जिनके खिलाफ अभिषेक का बल्ला चलेगा। उसने पिछले साल टीम के लिए सब कुछ किया था, अब हमारी बारी है कि हम उसका साथ दें।

भारत का मुकाबला रविवार को सुपर-8 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अहमदाबाद में खेला जाएगा।

जब प्लेइंग इलेवन में बदलाव और संजू सैमसन को शामिल करने पर सवाल पूछा गया तो सूर्यकुमार हंस पड़े। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि क्या अभी अभिषेक को हटा दूं? या तिलक को?

पिच को लेकर सूर्यकुमार ने कहा कि टीम हर तरह की परिस्थितियों के लिए तैयार है। उन्होंने माना कि विकेट ज्यादा चुनौतीपूर्ण नहीं थे, लेकिन टीम ने हालात के मुताबिक खुद को ढालने की कोशिश की है।

उन्होंने यह भी कहा, बल्लेबाजी में परिस्थिति का सम्मान करना जरूरी है। हमारे पास पर्याप्त कौशल है। कभी-कभी स्थिति के अनुसार खेलना पड़ता है। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो मैच का रुख बदल सकते हैं।

अभिषेक टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में नामीबिया के खिलाफ पेट में इन्फेक्शन के कारण नहीं खेल सके थे। उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दो दिनों के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था। हालांकि इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ और वे फिर से टीम से जुड़ गए।

## शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी की

नई दिल्ली, 21 फरवरी।पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ शादी कर ली है। स्पिनर युजवेंद्र चहल ने शनिवार को एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वे मौजा ही मौजा गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। चहल ने कुछ फोटो भी पोस्ट किए। इनमें धवन और उनकी पत्नी सोफी शाइन स्टेज पर हैं। 40 साल के पूर्व भारतीय ओपनर ने एक महीने पहले 12 जनवरी को अपनी आयरिश गर्लफ्रेंड के साथ सगाई की थी। दोनों पिछले कुछ समय से रिलेशनशिप में थे और मई 2025 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था। इससे पहले धवन ने 2023 में अपनी पहली पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक ले लिया था। दोनों ने 2011 में शादी की थी। आयशा-धवन का एक बेटा भी है।

## वीनस विलियम्स की धमाकेदार वापसी, इंडियन वेल्स में मिली वाइल्ड कार्ड से एंट्री

नई दिल्ली, 21 फरवरी। सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को अगले महीने दक्षिणी कैलिफोर्निया में होने वाले बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। यह 45 वर्षीय खिलाड़ी 2024 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। उस समय भी उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था लेकिन वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी।

वीनस तीन बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। उन्होंने 2001 की एक विवादित घटना के बाद 2002 से लेकर 2016 तक इस प्रतियोगिता का बहिष्कार किया था। टूर्नामेंट के निदेशक टॉमी हास ने शुक्रवार को कहा, "इस वर्ष की प्रतियोगिता के लिए पहला वाइल्ड कार्ड वीनस विलियम्स को प्रदान करना हमारे लिए सम्मान की बात है। वीनस इस खेल की दिग्गज खिलाड़ी हैं और हमारे खेल के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं।"

इस प्रतियोगिता का आयोजन चार से 15 मार्च तक किया जाएगा। वीनस ने कहा, "मैं इंडियन वेल्स में वापसी करने को लेकर बेहद उत्साहित और कैलिफोर्निया में खेलने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।"

वीनस ने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन एकल और युगल दोनों में पहले दौर में बाहर हो गई थी।

## अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी राजस्थान - छत्तीसगढ़ पहली पारी 257/7

जयपुर, 21 फरवरी। रायपुर में बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर 23 सी केनायडू ट्रॉफी के आज से शुरू हुए **राजस्थान - छत्तीसगढ़ क्वाटर फाइनल मैच के पहले दिन का स्कोर :** - रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रीय किया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक का स्कोर : - छत्तीसगढ़ पहली पारी 257 / 7 ( 89 ओवर ) टीम के लिए मयंक 81, राहुल 58, दीपक नाबाद 29, हर्ष 24 ,साहिल 22 व आयुष 21 रन राजस्थान के गेंदबाज गणेश सुथार 42/2, मोहित छांगरा 67 /2, चेतन शर्मा 45/1, दीपेंद्रसिंह 36/1, अनिरुद्ध सिंह 50/1 विकेट प्राप्त किये।

**राजस्थान के अंशु जैन विज्जी ट्रॉफी में नार्थजोन के हेड कोच नियुक्त**



बीसीसीआई द्वारा आयोजित की जाने वाली विज्जी ट्रॉफी में भाग लेने वाली नार्थजोन टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी बीसीसीआई ने राजस्थान के पूर्व रणजी खिलाडी व राजस्थान सीनियर टीम के कोच अंशु जैन को दी है। अंशु जैन विज्जी ट्रॉफी हेतु नार्थ जोन टीम के आगामी 26 फरवरी से गोवा में आयोजित होने प्रशिक्षण शिविर से जुड़ेंगे।

## भारतीय क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंचेगी : आमिर

नई दिल्ली, 21 फरवरी। टी20 विश्व कप का सुपर 8 चरण शनिवार, 21 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच मुकाबले के साथ शुरू होने जा रहा है।

इसके साथ ही सेमीफाइनल में पहुंचने की होड़ भी शुरू हो जाएगी। प्रत्येक समूह से दो टीमें नॉकआउट राउंड में पहुंचेंगी। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने चौंकाने वाली भविष्यवाणी की है कि मेजबान भारत इस मेगा टूर्नामेंट के अगले चरण में जगह बनाने में असफल रहेगा।

### इंडो-इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज 2025-26

## भारत ने इंडोनेशिया को 3-0 से हराया



जयपुर, 21 फरवरी। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव शौकत अली मंसूरी के अनुसार बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ एशिया एवं इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन महासंघ के तत्वावधान में इंडो-इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज 2025-26 का आयोजन दिनांक 13 से 19 फरवरी 2026 तक बाली, इंडोनेशिया में किया गया।

इस टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया को 3-0 से पराजित किया। प्रतियोगिता में राजस्थान से महिला वर्ग में हर्षिता जूनवाल (जयपुर) एवं कुमकुम सोनी (चूरू) विजेता भारतीय महिला टीम का हिस्सा रहीं, जबकि हर्ष देतरवाल (चूरू) विजेता भारतीय पुरुष टीम के सदस्य रहे।

राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के संरक्षक स्वामी बालमुकुंद आचार्य (विधायक, हवामहल विधानसभा), अध्यक्ष डॉ. राजपाल शर्मा, महासचिव शौकत अली मंसूरी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा सहित संघ के समस्त पदाधिकारियों ने विजेता भारतीय टीम के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित करने पर बधाई दी। तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## स्पिन से भरपूर पाकिस्तानी टीम, उस्मान तारिक से निपटने को तैयार- मार्क चैपमैन

कोलंबो, 21 फरवरी। न्यूजीलैंड शनिवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में सुपर आठ के अपने पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ने के लिए तैयार है। न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज मार्क चैपमैन ने स्पिन से भरपूर पाकिस्तानी टीम, विशेषकर उस्मान तारिक से होने वाले खतरे को स्वीकार किया। 27 वर्षीय तारिक ने टूर्नामेंट में 5.83 की इकॉनमी और 8.38 के औसत से आठ विकेट लिए हैं। उन्होंने ग्रुप स्टेज के पहले मैच में नामीबिया के खिलाफ चार विकेट भी लिए थे।

मैच की पूर्व संध्या पर कोलंबो में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चैपमैन ने कहा कि मेरा मतलब है कि जाहिर तौर पर उस्मान तारिक का क्रीज पर रुकने का तरीका काफी अनोखा है, इसलिए यह एक महत्वपूर्ण पहलू है। पाकिस्तान के पास कई बेहतरीन स्पिनर हैं, इसलिए उनमें से प्रत्येक अपना खतरा पैदा करता है। चैपमैन ने इस बात पर सहमति जताई कि हाल के वर्षों में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के साथ कई मैच खेले हैं और कीवी टीम इस मैच के लिए पूरी तरह से तैयार है।

कीवी बल्लेबाज ने कहा कि पाकिस्तान उन टीमों में से एक है जिनके साथ हमने पिछले कुछ वर्षों में शायद सबसे ज्यादा मैच खेले हैं। इसलिए हम अच्छी तरह जानते हैं कि वे किस तरह की रणनीति अपनाएंगे। इसलिए हमारे लिए बस यही जरूरी है कि हम एक टीम के रूप में अपनी खेलने की रणनीति को लेकर पूरी तरह से स्पष्ट रहें। चैपमैन ने कप्तान मिच सैंटनर की पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में उपलब्धता की भी पुष्टि की, जो बीमारी के कारण कनाडा के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे, लेकिन तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन के बारे में कुछ भी पुष्टि नहीं कर सके, जो अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए न्यूजीलैंड वापस चले गए हैं।

## सूर्यकुमार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवॉर्ड के लिए नामित

नई दिल्ली, 21 फरवरी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जनवरी 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के पुरुष और महिला वर्ग के नामांकनों की घोषणा कर दी है। पुरुष वर्ग में भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का नाम प्रमुख रूप से शामिल है, जबकि महिला वर्ग में गैबी लुईस, सोभना मोस्टरी और तारा नॉरिस को दावेदार बनाया गया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2026 से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। इस सीरीज में उन्होंने तीन अर्धशतक जड़े और 196.74 के दमदार स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाए। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत भारत ने सीरीज 4-1 से अपने नाम की। सूर्यकुमार को प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। सीरीज के दूसरे मुकाबले में उन्होंने नाबाद 82 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिससे भारत ने 15.2 ओवर में 208 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत का दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा। पुरुष वर्ग में उनके अलावा न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल और इंग्लैंड के जो रूट भी नामांकित हैं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में 176 की औसत से 352 रन बनाए और टीम को 2-1 से सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने टी20 सीरीज में भी 186.56 की स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए। वहीं, इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में 242 रन बनाए, जिसमें एक नाबाद शतक शामिल रहा। उनकी बदौलत इंग्लैंड ने 0-1 से पिछड़ने के बाद 2-1 से सीरीज अपने नाम की। रूट ने एशेज 2025/26 में भी 160 रन की यादगार पारी खेली थी, हालांकि इंग्लैंड सीरीज 1-4 से हार गया।

**महिला वर्गः लुईस, मोस्टरी और नॉरिस दावेदार** - महिला वर्ग में आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर में शानदार नेतृत्व करते हुए छह मैचों में 124.87 के स्ट्राइक रेट से 251 रन बनाए। बांग्लादेश के खिलाफ 73 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही। उन्होंने पूरे क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में आयरलैंड के लिए सर्वाधिक 276 रन बनाए। बांग्लादेश की सोभना मोस्टरी ने 45.80 की औसत और 145.85 के स्ट्राइक रेट से 229 रन बनाए। थाईलैंड के खिलाफ 59 और स्कॉटलैंड के खिलाफ 47 रन की पारियां उनकी प्रमुख उपलब्धियां रहीं। उन्होंने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण विकेट भी लिया। यूएसए की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस ने क्वालिफायर में 15 विकेट लेकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने का गौरव हासिल किया। जनवरी में पांच टी20 मैचों में उन्होंने 11 विकेट झटके।

## साल में दो बाद विदेश में टूर्नामेंट खेलने के लिये अंतरराष्ट्रीय यात्रा में सहयोग- मिथुन मन्हास

नई दिल्ली, 21 फरवरी। बीसीसीआई ने शनिवार को भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) को अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर, घरेलू श्रृंखलाओं में सहायता और स्टेडियम के इस्तेमाल समेत संरचित समर्थन ढांचे की घोषणा की। भारत की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीमों ने पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पुरूष विश्व कप और पहला महिला विश्व कप जीता।

बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने एक विज्ञप्ति में कहा ," भारत के दृष्टिबाधित क्रिकेटरों की उपलब्धियां क्रिकेट समुदाय के लिये असीम गौरव की बात है।" उन्होंने कहा ," इस संरचित समर्थन से बीसीसीआई इन खिलाड़ियों के लिये मौके, बुनियादी ढांचा और एक्सपोजर बेहतर करने में मदद करेगा। खेल के लिये हमारे विजन का केंद्र समावेशिता है। हमें उम्मीद है कि इस सहयोग से टीमों को आत्मविश्वास के साथ श्रेष्ठता हासिल करने में मदद मिलेगी और कई क्रिकेटरों के लिये ये खिलाड़ी प्रेरणास्त्रोत बनेंगे।" इस पहल के तहत बीसीसीआई मुख्य रूप से तीन विभागों में मदद करेगा। अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर : पुरूष और महिला टीमों के लिये साल में दो बाद विदेश में टूर्नामेंट खेलने के लिये अंतरराष्ट्रीय यात्रा में सहयोग।

### पीडीकेएफ लेडीज़ पोलो कप आज

## टीम कैरेसिल सुहाना ने जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप जीता



जयपुर, 21 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप (14 गोल्स) टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर टीम कैरेसिल सुहाना और टीम विमल एरियन अचीवर्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में टीम कैरेसिल सुहाना ने 12-10 के स्कोर से टीम विमल एरियन अचीवर्स को हरा कर कप अपने नाम किया। इस मैच मे 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' का खिताब मैनुअल प्राडो को मिला। इस अवसर पर ट्रॉफी चिराग पारेख, रेहा पारेख जैन, हिज हाइनेस सवाई पद्मनाभ सिंह, महाराज नरेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह एवं विक्रमादित्य सिंह बरकाना द्वारा प्रदान की गई।

विजेता टीम कैरेसिल सुहाना की ओर से माटियास वायल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 गोल किए, वहीं मैनुअल प्राडो ने 4 गोल बनाए। भवानी सिंह कलवी ने 1 गोल जोड़ा। अशोक चांदना भी टीम का हिस्सा रहे।

टीम विमल एरियन अचीवर्स की ओर से ध्रुवपाल गोदारा ने 7 गोल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। अलेजो अरामबुरु ने 2 गोल किए, जबकि डेनियल ओटामेंडी ने 1 गोल बनाया। सलीम आजमी भी टीम का हिस्सा रहे।

**पीडीकेएफ लेडीज़ पोलो कप-** प्रतिष्ठित प्रिंसेस दिया कुमारी फाउंडेशन (पीडीकेएफ) लेडीज़ पोलो कप का आयोजन कल, 22 फरवरी को दोपहर 4:30 बजे आरपीसी ग्राउंड पर किया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान की उपमुख्यमंत्री, दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

## सुराना क्रिकेट एकेडमी ने पी एंड टी क्रिकेट क्लब को हराया



जयपुर, 21 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा वन रियलिटी द्वारा प्रायोजित के एल सैनी ए डिवीजन लीग में आज के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में सुराना एकेडमी ने पी एंड टी क्रिकेट क्लब (इंडिया पोस्ट) को 8 विकेट से हराया।

पी एंड टी क्रिकेट क्लब टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रजत छपरवाल के 58 रन, सौरभ चौहान के 76 रन, अजीम अख्तर के 25 रन, प्रदीप जाखड़ के 22 रन व विनीत सक्सेना के 18 रनों से 44.3 ओवर में 248 रन बना कर आउट हुई। सुराना एकेडमी के लिए आदित्य झाला ने 40 पर 3 , चिराग़ शर्मा ने 42 पर 3, विकास झरवाल, आर्यमन कटारिया, आशीष इंदौरिया व आदित्य बाधवा ने एक - एक विकेट लिया

जवाबी पारी में सुराना एकेडमी ने आर्यमन कटारिया के 64 रन, हर्ष परवानी के 85 रन नाबाद व चिराग़ शर्मा के 80 रन नाबाद की पारियों से 32 ओवर में 2 विकेट पर 250 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। पी एंड टी क्रिकेट क्लब के लिए नरेश गहलोत व रजत छपरवाल ने एक - एक विकेट लिया।

# 'विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ नहीं, बहस करते तो 5 साल की सच्चाई सामने आ जाती'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में अपनी सरकार के दो साल के काम की रिपोर्ट कार्ड रखते हुए टिप्पणी की

जयपुर, 21 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने आने वाले समय की कार्ययोजना बजट के रूप में रखने के साथ ही पहली बार सदन में अपनी सरकार के दो साल का रिपोर्ट कार्ड रखा था। शर्मा ने शनिवार को सदन में कहा कि हर सरकार का दायित्व है कि वह हर साल अपने कार्य का रिपोर्ट कार्ड दे। हमने अपने दोनों वर्षों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि हमने प्रतिपक्ष की

- **मुख्यमंत्री ने कहा, पूर्ववर्ती सरकार ने 5 साल में 626 ऐसी घोषणाएं कीं, जिन पर काम शून्य रहा, ये सब लोक लुभावन घोषणाएं थीं।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी 90 प्रतिशत बजट घोषणाओं की स्वीकृतियां जारी हो गई हैं, और 80 प्रतिशत घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं या शुरु हो चुकी हैं।**

चुनौती स्वीकार करते हुए 2 साल बनाम 5 साल का प्रतिवेदन सदन में रखा, लेकिन विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। वे बहस करते तो 5 साल की सच्चाई जनता के सामने आ जाती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के 5 वर्षों के कार्यकाल में 626 घोषणाएं ऐसी की गईं, जिन पर काम शून्य रहा, यानी केवल वोटबैंक की राजनीति के लिए लोकलुभावन वादे कर दिए गए और 450 करोड़ रुपये की लागत से 2000 पायलट ड्रोन देने, 400 करोड़ से चार माइस सेंटर बनाने,



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को विधानसभा में दो साल के कामकाज का जवाब दिया।*

125 करोड़ से पांच गोल्फ कोर्स बनाने और 125 करोड़ से विश्वकर्मा एसएमई टावर बनाने जैसी घोषणाओं पर 'काम ज़ीरो' हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण की भावना को आत्मसात करते हुए, राज्य सरकार ने पिछली सरकार की योजनाओं को न केवल जारी रखा है, बल्कि उनकी प्रभावशीलता को भी बढ़ाया है।

उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने अंतिम समय में पेंशन में बढ़ोतरी जैसी घोषणाएं कीं, जबकि हमारी सरकार ने पहले ही साल से न्यूनतम पेंशन राशि को बढ़ाया और अब इसे बढ़ाकर 1300 रुपये कर दिया है। इसके अलावा, 2 वर्षों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 10 लाख से अधिक नए पेंशनर्स जोड़े गए हैं, जो पूर्ववर्ती सरकार के 2 वर्षों के मुकाबले 3 गुना अधिक हैं।

शर्मा ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिल रहे नि:शुल्क खाद्यान्न के दुरुपयोग का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार द्वारा शुरू किया गया "गिवअप" अभियान एक जन आंदोलन बना। इसमें लगभग 54 लाख व्यक्तियों ने स्वैच्छिक गिवअप किया और 27 लाख अपात्र व्यक्तियों के नाम ईकेवाईसी के जरिए हटाए गए। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न से वंचित लगभग 72 लाख पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़कर उनका हक दिलाने का कार्य भी सरकार ने किया। हमारी सरकार ने दो साल में 3 लाख 41 हजार 347 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया है, जो गत सरकार के पूरे पांच साल की तुलना में डेढ़ गुना है। हमने 185 राजकीय महाविद्यालयों का भवन निर्माण किया है, जो गत सरकार से सवा तीन गुना है और चार गुना अधिक 21 नये पॉलिटेक्निक कॉलेज खोले हैं। हमने विद्यार्थियों को 88 हजार 724 टेबलेट और लेपटॉप वितरण किए, जबकि पिछली सरकार ने एक भी टेबलेट या लेपटॉप बच्चों को नहीं दिया। वहीं अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत, राज्य सरकार अपने 2 वर्षों में ही 35 हजार से अधिक युवाओं को लाभान्वित कर चुकी है, जो कि पूर्ववर्ती सरकार के 5 वर्षों के बराबर है।

शर्मा ने कहा कि गत सरकार ने युवाओं को जो नौकरियां दीं, उनमें से 65 हजार भर्तियां हमारी पूर्ववर्ती सरकार के समय की थीं। हमारी सरकार द्वारा 2 वर्षों में 1 लाख से अधिक पदों पर सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं एवं लगभग 1 लाख 55 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं।

## 'हर साल हजारों करोड़ रु. दान कर देते हैं भारतीय'

नई दिल्ली, 21 फरवरी। भारत में रहने वाले लोग हर साल हजारों करोड़ रुपये दान में दे देते हैं। इस बात का खुलासा "हाउ इंडिया गिव्स" रिपोर्ट के तीसरे संस्करण में हुआ है।

इसमें व्यक्तिगत दान का 45.9 प्रतिशत हिस्सा धार्मिक संगठनों को जाता है। 41.8प्रतिशत दान सीधे बेहद

- **"हाउ इंडिया गिव्स" रिपोर्ट के तीसरे संस्करण के अनुसार सबसे ज्यादा 45.9 प्रतिशत दान धार्मिक संगठनों को जाता है और 41.8 प्रतिशत सीधे जरुरतमंदों को दिया जाता है। गैर धार्मिक संगठनों को 14.9 प्रतिशत दान जाता है।**

गरीब, जरूरतमंद व भिक्षा मांगने वालों को मिलता है। गैर-धार्मिक संगठनों तक सिर्फ 14.9 प्रतिशत दान पहुंचता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, देश में दान का सबसे बड़ा आधार आम घर हैं। कुल घरेलू दान का अनुमान हर साल 54 हजार करोड़ रुपए है। रिपोर्ट के मुताबिक 68 प्रतिशत लोगों ने किसी न किसी रूप में देने की बात कही।

# रोहित पवार ने नागरिक उड्डयन मंत्री के इस्तीफे की मांग की

## अजित पवार के भतीजे रोहित ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर यह मांग की

मुंबई, 21 फरवरी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखकर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू के इस्तीफे की मांग की है। रोहित पवार ने तर्क दिया है कि महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की जान लेने वाली विमान दुर्घटना की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए मंत्री का पद से हटना आवश्यक है।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में रोहित पवार ने 'हितों के टकराव' का गंभीर मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि जिस विमानन कंपनी (वीएसआर वेंचर्स) का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ, उसके प्रमोटरों और नागरिक उड्डयन मंत्री की पार्टी (टीडीपी) के बीच घनिष्ठ संबंध हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दुर्घटना से ठीक पहले विमान के डेटा और उपकरणों के साथ छेड़छाड़ की संभावना हो सकती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि संबंधित कंपनी के रिकॉर्ड और सुरक्षा मानकों की जांच में पारदर्शिता की कमी है।

रोहित पवार ने स्पष्ट किया है कि

- **पवार ने कहा जिस कंपनी का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ उसके प्रमोटर्स से मंत्री राममोहन नायडू के निकट सबंध हैं, उन्हें हटाए बिना निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।**

यह केवल एक राजनीतिक मांग नहीं है। चूंकि यह एक उच्च-स्तरीय सुरक्षा चूक का मामला है, इसलिए इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को भी इस पत्र की प्रति भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है।

रोहित पवार ने शनिवार को अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए।

उन्होंने कहा कि ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जताया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे।

विमान में सामान रखने वाली जगह पर अतिरिक्त पेट्रोल के डिब्बे रखे गए थे, जिससे आग भड़की। सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए।

जिस सीवीआर की हम बात कर रहे हैं, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर, उसकी उस उड़ान में रिकॉर्डिंग क्षमता केवल 30 मिनट की थी। लेकिन यदि आप सरकारी नियमों को देखें, तो डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय) की आवश्यकता दो घंटे की रिकॉर्डिंग की है। तो अगर विमान का सीवीआर केवल 30 मिनट रिकॉर्ड कर सकता था, जबकि नियम दो घंटे का है, तो उस विमान का रजिस्ट्रेशन कैसे हुआ? यह बात हम सभी जानना चाहते हैं।

यह दुर्घटना से पहले के अंतिम 30 मिनटों का रिकॉर्ड है, यानी यह आखिरी दर्ज किया गया हिस्सा है। उन अंतिम 30 मिनटों में क्या हुआ, इसकी जानकारी केवल सीवीआर से ही मिल सकती है। कहा जा रहा है कि सीवीआर क्षतिग्रस्त हो गया है, लेकिन हमें इस पर विश्वास नहीं है।

# ममता बनर्जी के साथ मंच पर नज़र आए भाजपा सांसद नागेन रॉय

## रॉय ने केन्द्र पर बंगाल के साथ भेदभाव करने का आरोप भी लगाया

कोलकाता, 21 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद नागेन रॉय उर्फ अनंत महाराज राजबंशी समुदाय के नेता हैं। उनको शनिवार को शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस समारोह में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौजूद थीं।

महाराज के संबंध हाल के महीनों में भाजपा के साथ तनावपूर्ण रहे हैं। मंच पर बैठे और वरिष्ठ मंत्रियों व टीएमसी नेताओं ने आरोप बिस्वास और इंद्रनील

- **अटकलें हैं कि विधानसभा चुनाव से पहले दलबदल का दौर तेज हो सकता है।**

सेन के साथ उनका स्वागत किया। उन्हें सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा, आपकी मौजूदगी से हमें सम्मान मिला है। खुश रहें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मुख्यमंत्री के रूप में बनर्जी का यह राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था। अपने अगले राजनीतिक कदम को लेकर अटकलों को बढ़ाते हुए महाराज ने बाद में पत्रकारों से कहा, केन्द्र सरकार ने हमारे समुदाय के साथ भेदभाव किया है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ भारत में शामिल हुआ था। मौजूदा सरकार सहित कई सरकारों की ओर से कई वर्षों तक हमारे क्षेत्र की लगातार उपेक्षा की गई है। जब उन्हें याद दिलाया गया कि वह केन्द्र की सत्तारूढ़ पार्टी का हिस्सा हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, क्या मैं भारत के विकास के बारे में बात नहीं कर सकता? क्या हम देश का हिस्सा नहीं हैं?

## अखिलेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हों तो फिर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का कपड़े उतारकर प्रदर्शन ठीक नहीं है। कांग्रेस के नेताओं के कारण जो हंगामा हुआ है, मैं इसके पक्ष में नहीं हूं। उन्होंने कहा कि भले ही सरकार झूठ बोलती है या धोखा देती है, यह तो अलग बात है। हम अपने इंटरनल लड़ लेंगे, लेकिन कांग्रेस को उस तरह का प्रदर्शन नहीं करना चाहिए, जिससे फौरन डेलिगेट्स और फॉरेन कंट्री की नज़र में देश का अपमान हो। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चीन के रोबोट पर सरकार को घेरा, लेकिन कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के समर्थन से हाथ खींचे हैं। सपा मुखिया भी वैश्विक मंच पर देश की छवि खराब करने वाले विरोध-प्रदर्शन से सहमत नहीं हैं, भले ही विरोध-प्रदर्शन करने वालों से उनका राजनीतिक गठबंधन हो।

## 'भारत के साथ ट्रेड ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रमेश ने कहा कि 2 फ़रवरी को राष्ट्रपति ट्रंप ने समझौते की घोषणा करते हुए कहा था कि वे इससे खुश हैं और प्रधानमंत्री के अनुरोध पर यह तुरंत प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने कहा कि घटनाक्रम की समय-रेखा महत्वपूर्ण है।

जयराम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से, मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखित निर्णय में, ट्रंप के वैश्विक टैरिफ़ को अवैध ठहराया और कहा कि राष्ट्रपति ने व्यापक शुल्क लगाकर अपने अधिकार का अतिक्रमण किया।

रमेश ने सवाल उठाया कि जब प्रधानमंत्री और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को दिसंबर से ही संभावित फैसले की जानकारी थी और यह आशंका थी कि टैरिफ़ रद्द हो सकते हैं, तो फिर इतनी जल्दबाज़ी में समझौता क्यों किया गया।

उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत टैरिफ़ आयात पर 150 दिनों के लिए लागू होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि समझौते के ढांचे में यह प्रावधान है कि किसी भी पक्ष द्वारा बदलाव की स्थिति में दोनों देश अपनी प्रतिबद्धताओं में संशोधन कर सकते हैं।

गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में जब अमेरिका और भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति की घोषणा की थी, तब ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत द्वारा रूसी तेल खरीद पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ़ को हटा दिया था। इसके साथ ही, वॉशिंगटन ने नई दिल्ली पर पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया था।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

## दुष्कर्म एवं पॉक्सो कोर्ट ने अविमुक्तेश्वरानंद व उनके शिष्य स्वामी मुकुदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के मामले में एफआईआर दर्ज करने को कहा है

प्रयागराज, 21 फरवरी। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ यौन शोषण आरोप के मामले में एडीजे दुष्कर्म एवं पॉक्सो स्पेशल कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। एडीजे पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया ने झूंसी थाना पुलिस को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट के आदेश के बाद अब झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में शाकंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने न्यायालय में 173 (4) के तहत वाद दाखिल करके एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई किए जाने की

- **इधर स्वामी अविमुक्तश्वरानंद ने कहा एफआईआर हो और जांच हो तभी सच्चाई सामने आएगी।**

मांग की थी। इस संबंध में 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज हुए थे। कोर्ट ने पुलिस की रिपोर्ट को भी संज्ञान में लिया था। बयान दर्ज करने और पुलिस की रिपोर्ट को संज्ञान में लेने के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया था। कोर्ट के आदेश के बाद अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई होगी। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज अदालत के एक आदेश पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

शंकराचार्य ने अदालत के इस आदेश को उचित बताया है। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज होने पर ही जांच प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद गवाही दर्ज की जाएगी। तभी उनके खिलाफ दर्ज झूठे मामले की सच्चाई सबके सामने आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा करने वाले जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जा सकेगा। इसलिए यह कदम आवश्यक है। शंकराचार्य ने अदालत से आग्रह किया कि इस मामले को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें अधिक समय न लिया जाए, क्योंकि कई लोग इस मामले पर नजर रख रहे हैं। गवाही जल्द से जल्द दर्ज की जानी चाहिए। निर्णय भी शीघ्र लिया जाना चाहिए।

## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

नई दिल्ली, 21 फरवरी। दिल्ली में एक बार फिर आतंकी हमले की आशंका को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इस खुफिया जानकारी के बाद राजधानी में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान

- **खुफिया जानकारी मिली है कि लश्करे तैयबा दिल्ली में बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहा है।**

समर्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) दिल्ली में आईईडी हमले की साजिश रच रहा है।

सूत्रों के अनुसार, आतंकियों के निशाने पर ऐतिहासिक लाल किला स्थित मंदिर और उसके आसपास का इलाका हो सकता है।

खासकर भीड़भाड़ वाले चांदनी चौक स्थित प्रमुख मंदिर को लेकर इनपुट मिला है। हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी विशेष स्थल का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है।

# 5 लाख रु. की रिश्वत लेते पकड़े गए भाजपा विधायक

नई दिल्ली, 21 फरवरी। कर्नाटक के शिरहट्टी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चंद्रू लमानी को कर्नाटक लोकायुक्त ने गिरफ्तार किया है। उन पर आरोप है कि वे 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए।

अधिकारियों ने बताया कि लमानी को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया था, फिर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया और उसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में उनके दो पर्सनल असिस्टेंट को भी हिरासत में लिया गया है।

लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार, यह रिश्वत कथित तौर पर गडग जिले में छोटे सिंचाई विभाग के एक प्रोजेक्ट से जुड़ी मंजूरी दिलाने के लिए मांगी गई थी। इस काम के तहत सड़क के दोनों तरफ एक रिटेनिंग वॉल (सहायक दीवार) बनानी थी।

शिकायत करने वाले गडग के क्लास-1 कॉन्ट्रैक्टर विजय पुजार से जब कथित तौर पर प्रोजेक्ट के लिए मंजूरी लेने के लिए 11 लाख रुपये रिश्वत की मांग की गई, जिसके बाद उन्होंने एंटी-करप्शन अधिकारियों से संपर्क किया।

## राहुल ने कई इन्टरव्यु ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

डोटासरा के बीच कड़े मतभेद की चर्चाएँ भी रही हैं। गौरतलब है कि 2007 से राहुल गांधी एनएसयूआई और युवा कांग्रेस अध्यक्ष पदों के लिए साक्षात्कार, चयन और चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। लेकिन इस कवायद से अभी तक कोई बड़ा राष्ट्रीय नेता उभरकर सामने नहीं आया है, जबकि अतीत में युवा कांग्रेस से प्रशिक्षण पाकर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित हुए थे।

## एआई इम्पैक्ट का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कोरिया, इजरायल, ईरान, ब्राज़ील, मिस्त्र, फ्रांस, जर्मनी, सऊदी अरब, यूएई, स्पेन सहित, पड़ोसी देश म्यांमार, श्रीलंका ने हस्ताक्षर किये हैं। 86 देशों के साथ दो संगठन, यूरोपीय यूनियन और अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास फंड ने भी हस्ताक्षर किए हैं। घोषणा पत्र के तहत आधारभूत संसाधनों तक किफायती पहुंच सुनिश्चित कर स्थानीय नवाचार तंत्र को मजबूत बनाया जाएगा, ताकि विकासशील समाज अपनी जरूरतों के समाधान स्वयं विकसित कर सकें। विभिन्न देशों में सफल कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगों को साझा और विस्तारित करने की सुविधा के लिए साझा मंच बनाया जाएगा। स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर विकास संबंधी चुनौतियों का सामूहिक समाधान खोजने का प्रयास किया जाएगा।

## क्या "रैसिप्रोकल टैरिफ" से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लेन-देन ढांचे में उपलब्ध सूक्ष्म डेटा के कारण भुगतान श्रृंखला का निर्धारण करना अत्यधिक कठिन नहीं होना चाहिए।

यह मामला एक बात स्पष्ट करता है, अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए टैरिफ का भुगतान निर्यातकों या विदेशी संस्थाओं ने नहीं किया; पहले इसे अमेरिकी आयातक कंपनियों ने चुकाया और अंततः अमेरिकी उपभोक्ताओं ने ऊँची कीमतों के रूप में इसका बोझ उठाया।

अमेरिका के वाणिज्य विभाग द्वारा जारी टैरिफ पश्चात व्यापार आँकड़ों के अनुसार, ऊँची कीमतों के बावजूद, अमेरिकी मांग में उल्लेखनीय कमी नहीं आई। इसका कारण यह है कि अमेरिका अब उन छोटे उपभोक्ता उत्पादों का अधिकांश उत्पादन स्वयं नहीं करता, जो राष्ट्रपति के टैरिफ आदेशों के दायरे में आए थे।

सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने केवल इतना कहा है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया जा रहा है और उसके बाद ही भारत पर संभावित प्रभावों का आकलन किया जाएगा। आगे की कोई भी कार्रवाई उसके बाद की जाएगी।

इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्यापार कानूनों के एक अन्य प्रावधान का उपयोग करते हुए भुगतान संतुलन घाटे के मद्देनज़र सभी आयातों पर 10 प्रतिशत का समान शुल्क लगाने का निर्णय लिया है। क्या इसका अर्थ यह है कि अमेरिका में आने वाले सभी आयात, उनके मूल देश की परवाह किए बिना, 10 प्रतिशत प्रवेश शुल्क के अधीन होंगे?

यदि ऐसा होता है, तो अमेरिका और विभिन्न व्यापारिक देशों के बीच अलग-अलग टैरिफ समझौतों और व्यवस्थाओं का महत्व कम हो सकता है और 10 प्रतिशत का एकसमान शुल्क लागू होगा। एक अर्थ में यह भारत के लिए प्रतिकूल हो सकता है।

कई देशों को पहले कहीं अधिक ऊँचे टैरिफ का सामना करना पड़ रहा था, जिससे तुलनात्मक रूप से भारतीय निर्यात को लाभ मिलता था, क्योंकि भारत पर 18 प्रतिशत का टैरिफ दायित्व था। उदाहरण के लिए, चीन पर कुल मिलाकर कहीं अधिक ऊँचे टैरिफ़ लगाए गए थे। भारत के कुछ अन्य प्रतिस्पर्धी देशों पर भी उच्च दरें लागू थीं।

किसी भी स्थिति में, अन्य देशों की तुलना में भारत का वस्तु-निर्यात बहुत बड़ा नहीं है, चाहे दावे कुछ भी किए जाएँ। भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपने सेवा-निर्यात को बनाए रखने में है। यह क्षेत्र अभी तक टैरिफ युद्धों से मुख्यतः अछूता रहा है। जब तक यह स्थिति बनी रहती है, यह भारत के हित में है।

## उपराष्ट्रपति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने इसे केवल एक संदर्भ ग्रंथ नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम बताया।

उन्होंने कहा कि यह पहल संविधान को लोगों तक उनकी अपनी भाषाओं में पहुंचाने का माध्यम बनेगी, जिससे लोकतांत्रिक भागीदारी और संवैधानिक जागरूकता और अधिक सुदृढ़ होगी।

## योगी आदित्यनाथ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गौरतलब है कि "यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण" पहले ही राज्य सरकार को जापान सिटी और सिंगापुर सिटी विकसित करने का प्रस्ताव भेज चुका है। योगी अपनी इस यात्रा के दौरान, शीर्ष नेतृत्व और उद्योग जगत के दिग्गजों से मुलाकात कर इन प्रोजेक्टों के लिए निवेश प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

हिंदुत्व के पोस्टर बॉय की छवि में बंधे रहने के बजाय, मुख्यमंत्री अब कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "गुजरात मॉडल" विकास अभियान से प्रेरणा लेने की कोशिश कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि 2013 में मोदी ने विकास के "गुजरात मॉडल" को सफलतापूर्वक प्रोजेक्ट किया था। अगला आम चुनाव होने में अभी तीन वर्ष से अधिक शेष समय है, लेकिन भाजपा के भीतर मोदी के उत्तराधिकारी की संभावित दौड़ तेज होने से पहले योगी खुद को पीछे रहने देना नहीं चाहते। हाल के सप्ताहों में योगी सरकार ने राज्य की आर्थिक और प्रशासनिक स्थिति में सुधार को प्रमुखता से उजागर किया है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सात वर्षों में राज्य में बैंक ऋण प्रवाह और औद्योगिक निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्रेडिट-डिपॉज़िट अनुपात बढ़ा है और कुल ऋण वितरण दोगुना हुआ है। आँकड़े बताते हैं कि बैंकों में जमा धन का बड़ा हिस्सा, अन्य किसी क्षेत्र के बजाय, अब ऋण के रूप में राज्य के भीतर ही लगाया जा रहा है।

आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार, 2017 से 2024 के बीच औद्योगिक ऋण लगभग 82,000 करोड़ रुपये से बढ़कर करीब 1.68 लाख करोड़ रुपये, अर्थात दोगुना हो गया है। राज्य के अधिकारी इसे मैन्यूफैक्चरिंग और औद्योगिक क्षेत्रों में निवेशकों की बढ़ती भागीदारी का संकेत बता रहे हैं।

जापान और सिंगापुर दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री भारतीय प्रवासी समुदाय, उद्योग विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे, ताकि उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित किया जा सके और सांस्कृतिक व आर्थिक संबंधों को मजबूत किया जा सके। टोक्यो में "जापान-उत्तर प्रदेश साझेदारी: विनिर्माण, गतिशीलता और प्रौद्योगिकी" विषय पर एक सम्मेलन भी प्रस्तावित है।

## भारत पर अमेरिकन टैरिफ 18 ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सहमत हुए हों।

लेकिन, वाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रंप प्रशासन आगे चलकर "अधिक उपयुक्त या पूर्व-निर्धारित टैरिफ़ दरें लागू करने" के विकल्प तलाशेगा।

इस महीने की शुरुआत में अमेरिका और भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति की घोषणा की थी। इससे पहले, ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश जारी कर भारत द्वारा रूसी तेल खरीद पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ़ को हटाया था और नई दिल्ली पर रैसिप्रोकल शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया था।

अब 10 प्रतिशत की नई वैश्विक दर, जो दुनिया के सभी देशों पर लागू होगी, लागू होने के बाद, अमेरिका में आयातित भारतीय वस्तुओं पर पहले तय 18 प्रतिशत टैरिफ़ लागू नहीं रहेगा।

लेकिन धारा 122 के तहत लगाए गए ये टैरिफ़ 150 दिनों के बाद स्वतः समाप्त हो जाएंगे, जब तक कि कांग्रेस इन्हें बढ़ाने के लिए मतदान न करे। व्यापार विशेषज्ञों का कहना है कि यद्यपि समय-सीमा स्पष्ट है, लेकिन राष्ट्रपति इन उपायों को समाप्त होने दे सकते हैं और फिर नए भुगतान संतुलन आपातकाल की घोषणा कर पुनः लागू कर सकते हैं।

ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि वह राष्ट्रपति की व्यापार नीति को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उनके चुनाव अभियान और एजेंडे का केन्द्रीय हिस्सा रही है।

इसी बीच खबर है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर टैरिफ में बढ़ोतरी का बड़ा ऐलान कर दिया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए घोषणा की कि अब से तुरंत प्रभाव से दुनिया के सभी देशों से होने वाले आयात पर लगने वाला टैरिफ 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया जाएगा।

## जेवर में सेमीकंडक्टर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य पर तीव्र गति से कार्य कर रहा है। उन्होंने लाल किले से दिए अपने संबोधन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के पास रुकने या ठहरने का समय नहीं है। वर्ष 2026 की शुरुआत से ही देश ने विकास की रफ्तार और तेज कर दी है।

उन्होंने बताया कि भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 10 फैब्रिकेशन और पैकेजिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें से चार शीघ्र उत्पादन शुरू करने वाली हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 20वीं सदी में जिस देश के पास तेल था, वही समृद्ध माना जाता था, लेकिन 21वीं सदी में वही शक्ति छोटी सी चिप और उससे जुड़ी स्किल एवं मटीरियल के पास है।

कोरोना महामारी के दौरान चिप सप्लाई चेन में आई बाधाओं से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने उस संकट से सीखकर आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908